हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 08 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 299 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00




PR No. 338343 / IPRD / 2024-25

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



**टी20 : हार्दिक पांड्या ने तोड़ा किंग कोहली का महारिकॉर्ड, एक तरफा जीत हासिल**

Page 10



**कांग्रेस बनी तो कौन बनेगा हरियाणा का मुख्यमंत्री, कुमारी शैलजा बोलीं...**

शुक्ल पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • मंगलवार • 08 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 299 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## 'मां कात्यायनी'



मां दुर्गा का छठा रूप 'मां कात्यायनी'

नवरात्र के छठे दिन दुर्गाजी के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा और अर्चना की जाती है। ऐसा विश्वास है कि इनकी उपासना करने वाले को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चार पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति हो जाती है।

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 77,450 | ₹96,900 |

## आज का इतिहास

- 1978 : भारत के मशहूर तेज गेंदबाज जहीर खान का जन्म हुआ।
- 1987 : सिख राष्ट्रवादियों ने भारत से खलिस्तान की स्वतंत्रता की घोषणा की।

## न्यूज बाइट्स

### पटना में दुर्गा पूजा पर 9 से 11 अक्टूबर तक कई रोड बंद

**पटना (नि.सं.)।** पटना में दुर्गा पूजा और दशहरा के मद्देनजर शहर की कई सड़कों पर वाहन के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा वहीं कई रूट पर बड़े वाहनों के लिए नो एंट्री का बोर्ड टंगा रहेगा। 9 से 11 अक्टूबर तक दुर्गा पूजा मेला के मद्देजनर प्रशासन ने पटना आने-जाने वालों और पूजा पंडाल घूमने वालों के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर दी है। पटना में इस साल 389 बड़े पूजा पंडाल बनाए गए हैं जबकि छोटे पंडालों की संख्या हजार से भी ऊपर है। 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयकर गोलंबर से डाकबंगला चौराहा की ओर वाहन नहीं जाएंगे। तीन दिनों तक दीदारगंज की ओर से भारी वाहन (बस और ट्रक) को भी पटना शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

### 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**दरभंगा (नि.सं.)।** पटना उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम से पूर्व आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया यह एक अनूठा अभियान है जो पर्यावरण संरक्षण का एक उत्कृष्ट प्रयास है। इस अभियान के द्वारा जहां एक ओर पर्यावरण को बचाया जा सकता है वहीं दूसरी ओर हरे भरे भविष्य का निर्माण भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पेड़ों की महत्ता से हर कोई परिचित है। पेड़ हमारे जीवन के लिए हरित सोना है।

नक्सल प्रभावित राज्यों में जारी नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों पर एक अहम बैठक

# नक्सल प्रभावित राज्यों को छत्तीसगढ़ के सफल ऑपरेशन की रणनीति अपनानी चाहिए : शाह

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में जारी नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों पर एक अहम बैठक सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया।

इस महत्वपूर्ण बैठक का केंद्र बिंदु छत्तीसगढ़ का हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ नक्सल विरोधी ऑपरेशन था, जिसमें राज्य की पुलिस ने 31 नक्सलियों को ढेर किया। इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ पुलिस की कुशल रणनीति और राज्य सरकार की योजनाओं की सफलता पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय और छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अबूझमाड़ में हुए नक्सल ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में हुए सफल ऑपरेशन की तारीफ करते हुए अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि वे भी छत्तीसगढ़ की खुफिया तकनीकी और आपसी समन्वय के आधार पर अपने अपने राज्यों में ऑपरेशन को अंजाम दे सकते हैं।




### केंद्रीय गृह मंत्री ने हरसंभव मदद का दिया भरोसा

अमित शाह ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ सहित अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए पूरा समर्थन देगी।

### नक्सल ऑपरेशन में मिल रही सफलता

दिल्ली में हुई अहम बैठक में अमित शाह ने यह भी कहा है कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान को अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। हमारी सरकार ने डिफेंसिव नीति को बदलकर आक्रामक नीति अपनाई है। अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने विकास का नया अभियान चलाया है। छत्तीसगढ़ में गांव गांव तक विकास पहुंचा है। छत्तीसगढ़ में हुए चुनाव में कई गांव में पहली बार वोटिंग हुई। सीएम साय ने बताया कि अबूझमाड़ नक्सल ऑपरेशन में कई बड़े नक्सली नेता मारे गए, जिनमें 16 पर कुल 1 करोड़ 30 लाख का इनाम घोषित था। मुठभेड़ में 18 पुरुष और 13 महिला नक्सली मारे गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि कैसे राज्य की पुलिस फोर्स ने सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर अबूझमाड़ नक्सल ऑपरेशन को अंजाम दिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में केवल ऑपरेशन की सफलता पर ही नहीं, बल्कि राज्य में चल रहे विकास कार्यों पर भी विस्तार से जानकारी दी। सीएम साय ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति बढ़ाई गई है। हम लगातार गांवों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचा रहे हैं, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ सरकार की आगे की योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य नक्सलियों के बचे हुए गढ़ों को समाप्त करना और इन इलाकों में स्थाई शांति और विकास सुनिश्चित करना है। विष्णुदेव साय ने बताया कि भविष्य में दक्षिण बस्तर में 29 नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना की जाएगी, ताकि नक्सलियों के प्रभाव को खत्म किया जा सके।

### नक्सलियों से हथियार छोड़ने की अपील

अमित शाह ने कहा कि देश भर में नक्सलवाद से जुड़े युवाओं को आज के इस सम्मेलन के माध्यम से अपील करना चाहता हूं, चाहे नार्थ ईस्ट हो, चाहे कश्मीर हो, चाहे वामपंथी उग्रवादी क्षेत्र हो, सभी जगह 13 हजार से ज्यादा लोगों ने हथियार छोड़े हैं और मेन स्ट्रीम में शामिल हुए हैं। अमित शाह ने कहा कि आज भी जो युवा हथियार लेकर नक्सलवाद की प्रवृत्ति में लिप्त हैं, मेरा उनसे आग्रह है कि हथियार छोड़िये, मेन स्ट्रीम में आए। सभी राज्यों ने पुर्नवास की अच्छी योजनाएं बनाई हैं, इसका फायदा उठाइये और देश के विकास में अपना योगदान दीजिए।

बिहार में शिक्षकों की तबादला नीति जारी

# बीपीएससी और सक्षमता परीक्षा पास टीचर का होगा तबादला, पति-पत्नी की एक स्कूल में होगी पोस्टिंग

- अगले दो-तीन महीने के भीतर पात्र सभी शिक्षकों का तबादला कर दिया जाएगा।
- महिला, दिव्यांग को पास के स्कूल में मिलेगी पोस्टिंग, सक्षमता पास बनेंगे विशिष्ट शिक्षक

निज संवाददाता | पटना

बिहार के सरकारी स्कूलों में कार्यरत लाखों शिक्षकों के तबादले का इंतजार खत्म हो गया है। नीतीश सरकार ने सोमवार को शिक्षकों की नई स्थानांतरण नीति का ऐलान कर दिया है। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) से चयनित और सक्षमता परीक्षा पास करने वाले नियोजित शिक्षकों का इसी साल ट्रांसफर किया जाएगा। हालांकि, स्थानीय निकायों से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों का ट्रांसफर नहीं होगा। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि जल्द ही स्थानांतरण के लिए शिक्षकों से आवेदन लिए जाएंगे। दिसंबर 2024 तक शिक्षकों को नए स्कूलों में तैनात कर दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने सोमवार को पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि किया कि जो नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण हैं, वही इस नीति के तहत आएंगे। साथ ही बीपीएससी से चयनित एवं पुराने वेतनमान वाले शिक्षकों पर भी यह नीति लागू होगी।



### शिक्षकों की नई तबादला नीति की खास बातें

- » पुरुष शिक्षकों को अपने अनुमंडल क्षेत्र के स्कूल में पोस्टिंग नहीं मिलेगी।
- » प्रथम चरण में सभी पात्र शिक्षकों का स्थानांतरण एवं पदस्थापन मुख्यालय स्तर से किया जाएगा।
- » बीपीएससी टीआरई-1 एवं 2 और सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों ने अगर ट्रांसफर-पोस्टिंग का विकल्प नहीं दिया है, तो उनके स्थानांतरण पर विचार नहीं किया जाएगा। वे अपने स्कूल में यथावत बने रहेंगे।
- » शिक्षकों के तबादले के दौरान राज्य स्तरीय वरीयता के आधार पर अवसर मिलेंगे।
- » अगर किसी शिक्षक या उनके परिवार के किसी सदस्य को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी है तो उन्हें पसंदीदा जिले, अनुमंडल और पंचायत या निकाय में पोस्टिंग दी जा सकती है।
- » विधवा, तलाकशुदा एवं अन्य महिला शिक्षिकाओं को भी पसंदीदा विकल्प में पोस्टिंग की वरीयता दी जाएगी।
- » अगर किसी शिक्षिका का पति भी सरकारी कर्मी है तो उसके पति के पदस्थापन स्थल के आधार पर महिला टीचर को ट्रांसफर का विकल्प मिलेगा।
- » हर पांच साल में एक बार ट्रांसफर अनिवार्य होगा।
- » शिक्षक ट्रांसफर और पोस्टिंग के लिए अधिकतम 10 विकल्प दे सकते हैं।
- » शिक्षकों का ट्रांसफर सॉफ्टवेयर आधारित एप्लीकेशन के जरिए किया जाएगा, स्कूलों में छात्र-शिक्षक का अनुपात, आधारभूत संरचना और उपलब्ध रिक्ति के आधार पर पोस्टिंग दी जाएगी।

# सड़क हादसे में तीन की मौत





निज संवाददाता | दरभंगा

दरभंगा में सोमवार की सुबह सड़क हादसे में दो भाई समेत तीन की मौत हो गई है, जबकि एक घायल है। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई। एक को अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बुलेट की एक बाइक से आमने-सामने की टक्कर हुई। टक्कर के बाद दोनों बाइक पर सवार युवक सड़क पर गिर गए। इसी वक्त करीब 70 किमी की रफ्तार से आ रहे पिकअप ने तीनों को रौंद दिया। इस दौरान तीसरी बाइक भी चपेट में आई और उसपर सवार युवक जख्मी हो गया।

मृतकों की पहचान रोहार निवासी संतोष यादव का बेटा चंदन कुमार यादव, चचेरा भाई प्रकाश कुमार (16), पिता उमेश यादव, ग्राम रोहार और कुशेश्वरस्थान निवासी शंभू विश्वकर्मा के बेटा सन्नी कुमार के रूप में हुई है। वहीं, घायल रोहार निवासी श्याम राम के बेटे संजीव राम की स्थिति गंभीर है। उसका इलाज डीएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है।

# 2.43 लाख परिवारों को मिलेगा पीएम आवास योजना का लाभ : नीतीश कुमार

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 1650.33 करोड़ की विभिन्न योजनाओं की राशि लाभुकों के खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री आवास स्थित संकल्प कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अगले सौ दिनों में लगभग 2.43 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, इसके लिए मनरेगा द्वारा मजदूरी मद में तथा लोहिया स्वच्छ बिहार के तहत निर्माण मद में 2800 करोड़ रुपए अंतरित कर दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 1.10 लाख परिवारों को आवास स्वीकृति तथा 1.5 लाख



लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 420 करोड़ रुपए राशि अंतरित किए। इसके अंतर्गत 1.20 लाख रुपए की सहायता राशि तीन किस्तों में दी जाती है जिसमें 40 प्रतिशत राज्यांश है। यह 48 हजार रुपए है।

मालूम हो कि जिला स्तर पर निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रत्येक पंचायत के आवास सहायक द्वारा लाभुकों का सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वेक्षण में पात्र पाए गए लाभुकों से आवास सहायक द्वारा आवेदन पत्र जमा कराया जाएगा। उसके बाद उन सभी की सूची तैयार की जाएगी। ग्राम सभा में लिए गए निर्णय के आधार पर अंतिम सूची तैयार की जाएगी। उस सूची के आधार पर लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ दिया जाएगा।

इसलिए अगर आप भी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको आवेदन करने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है। आपका पंचायत आवास सहायक एक सर्वे करेगा और आपसे आवेदन जमा करवाएगा।

# लैंड फॉर जॉब केस : लालू प्रसाद समेत नौ को मिली जमानत

निज संवाददाता | पटना

लैंड फॉर जॉब केस में लालू परिवार समेत सभी 9 आरोपियों को जमानत मिल गई है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट से सभी को 1-1 लाख के निजी मुचलके पर बेल मिली। कोर्ट ने सभी को पासपोर्ट सरेंडर करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 25 अक्टूबर को होगी। इस मामले में आज लालू परिवार की दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई। सुनवाई के लिए कोर्ट में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, तेजप्रताप और मीसा भारती पहुंचे थे। पहली बार इस मामले में कोर्ट की तरफ से लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को समन किया गया था। तेजस्वी यादव ने कहा कि ये लोग बार-बार राजनीतिक



साजिश करते रहते हैं। केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इस केस में कोई दम नहीं है। बीजेपी जो सभी के साथ करती है वहीं हमारे साथ भी कर रही है। हम लोगों की जीत तय है। वहीं, सांसद मीसा भारती ने कहा कि हमें कोर्ट पर पूरा विश्वास है। आज जो फैसला आया है, हम उसके लिए न्यायालय का धन्यवाद करते हैं। कोर्ट में पेशी के लिए लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी मीसा और रोहिणी के साथ रविवार को पटना से दिल्ली पहुंचे थे।

# मत्स्य निदेशालय की समीक्षा बैठक, योजनाओं की प्रगति पर चर्चा

निज संवाददाता | पटना

बिहार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निदेशालय के निदेशक की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें पटना परिक्षेत्र के राज्य और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति का विश्लेषण किया गया।

बैठक में उप मत्स्य निदेशक, पटना परिक्षेत्र तथा विभिन्न जिलों के मत्स्य पदाधिकारियों, जैसे पटना, बक्सर, भोजपुर, नालंदा, रोहतास, और कैमूर, ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना था। निदेशक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजनाओं के सभी अवयवों के लिए लक्ष्य के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन सृजित करें। इसके साथ ही, चयन समिति और जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों (डी.एल.सी.) का गठन करके योजनावार और अवयववार कार्यादेश निर्गत करने के लिए भी कहा गया। उप मत्स्य निदेशक को सभी जिलों की सघन समीक्षा करने तथा योजना के लाभुकों को नियमानुसार कार्यादेश और अनुदान भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

प्रधानमंत्री किसान सहायता सह योजना के अंतर्गत सभी मत्स्य निदेशालय और जिला मत्स्य पदाधिकारियों के साथ-साथ कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के अधिकारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में मछुआरों, मत्स्य कार्यकर्ताओं, मत्स्य किसानों, विक्रेताओं, स्वयं सहायता समूहों और मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के सदस्यों को छथ्क्च् पोर्टल पर योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि अधिक से अधिक मत्स्य किसान इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। प्रस्तावित बैठक का आयोजन निदेशक मत्स्य की अध्यक्षता में प्रस्तावित बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिलों में बनाए गए मेज कंज़ाइन के अनुमोदन संबंधी विषयों पर समीक्षा की गई। संबंधित जिला पदाधिकारियों ने इस विषय पर अपने सुझाव दिए और योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा की। इस बैठक ने यह स्पष्ट किया कि बिहार सरकार मत्स्य संसाधनों के विकास और मछुआरों की भलाई के प्रति प्रतिबद्ध है और सभी अधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया है।

# बीपीएससी 70वीं कंबाइंड परीक्षा के शेड्यूल में बदलाव

**पटना (नि.सं.)।** बीपीएससी 70वीं कंबाइंड परीक्षा के शेड्यूल में बदलाव हुआ है। प्रारंभिक परीक्षा अब 13 और 14 दिसंबर को होगी। पहले 17 नवंबर को होनी थी। 1957 पदों पर भर्ती निकली है। बिहार लोक सेवा आयोग के इतिहास में संयुक्त सिविल सेवा में यह सबसे बड़ी वैकेंसी है। इस भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 सितंबर से शुरू हो चुका है। आवेदन करने की लास्ट डेट 18 अक्टूबर है। आयोग के ओर से सभी जिलों के डीएम को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। पत्र में लिखा है, 17 नवंबर को होने वाली परीक्षा किसी अपरिहार्य कारणवश अब नई तिथि 13 और 14 दिसंबर को संभावित है। इस परीक्षा में लगभग 7-8 लाख उम्मीदवारों के शामिल होने की संभावना है।

# राज्य के एक तिहाई सरकारी भवनों पर लगे सोलर प्लेट

- ल-जीवन-हरियाली मिशन के दूसरे चरण में 13,253 और सरकारी भवनों की छतों पर सोलर प्लेट लगाने का निर्णय लिया गया है, जिससे 103 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

निज संवाददाता | पटना

बिहार में जल-जीवन-हरियाली मिशन के तहत सरकारी भवनों की छतों पर सोलर प्लेट लगाने का काम जोरों पर है। राज्य के कुल सरकारी भवनों में से एक तिहाई पर सोलर प्लेट लग चुके हैं। इन भवनों से उत्पादित बिजली ग्रिड के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। बिजली कंपनी अधिकारियों के अनुसार राज्य के सभी सरकारी भवनों पर ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट लगाया



जा रहा है। राज्य के सभी प्रखंड विकास कार्यालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पंचायत सरकार भवनों की छतों पर सोलर प्लेट लगाए जा रहे हैं। 2593 सरकारी भवनों पर सोलर प्लेट लगा दिए गए। इनसे 22 मेगावाट सोलर बिजली उत्पादित हो रही है। इसके बाद सरकार ने जल-जीवन-हरियाली मिशन के दूसरे चरण में बाकी सरकारी भवनों की छतों पर सोलर प्लेट लगाने का निर्णय लिया। दूसरे चरण में 13 हजार 253 सरकारी भवन चिह्नित किए गए हैं। इन पर सोलर प्लेट लगने से 103 मेगावाट बिजली उत्पादित होगी। जिन भवनों की छतों पर सोलर प्लेट लगेंगे, उनमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, कारागार, कल्याण छात्रावास, ई-किसान भवन आदि शामिल हैं। अब तक 4557 सरकारी भवनों पर रूफ टॉप सोलर प्लेट लग चुके हैं। इनसे 52 मेगावाट बिजली उत्पादित हो रही है। राज्य में आवासीय भवनों पर भी सोलर पावर प्लेट लगाए जा रहे हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आवासीय भवनों की छतों पर सोलर प्लेट लगाए जा रहे हैं। इसके तहत एक किलोवाट के लिए 30 हजार, दो किलोवाट के लिए 60 हजार और तीन किलोवाट के लिए 78 हजार अनुदान है। शेष राशि वित्तीय संस्थानों से कर्ज के रूप में उपभोक्ताओं को दिलाई जा रही है।

बिहार में शिकायत निवारण प्रणाली ने दी त्वरित राहत

# खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के 64 मामलों का हुआ त्वरित निवारण

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार के ऊर्जा विभाग और खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने अपने संबंधित क्षेत्रों में शिकायतों का ससमय समाधान कर परिवादियों को त्वरित लाभ पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। राज्य के अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बेगूसराय, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, बांका, गोपालगंज, जहानाबाद, नालंदा, और समस्तीपुर में कई परिवादों का सफलतापूर्वक समाधान किया गया है, जिससे परिवादी संतुष्ट होकर लौटे हैं।

### राशन कार्ड शिकायतों का त्वरित समाधान

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने राशन कार्ड से जुड़े मामलों का भी तेजी से समाधान किया है। रुपा कुमारी की शिकायत 22 दिनों में, राजेश कुमार की 18 दिनों में, और निक्की देवी की शिकायत 15 दिनों के भीतर सुलझाई गई।

ऊर्जा विभाग में दर्ज कुल 41 मामलों में से कई का निपटारा 15 दिनों के भीतर कर दिया गया। बेगूसराय के गढ़पुरा के निवासी कृष्णा पासवान ने बिजली बिल में सुधार न होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में मंझौल विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता को नोटिस जारी किया गया। जांच में पाया गया कि उपभोक्ता के खराब मीटर को बदल दिया गया, जिससे कृष्णा पासवान संतुष्ट हुए। इस प्रकार, उन्हें लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत राहत प्रदान की गई।

इसी तरह के कई अन्य मामलों में भी ऊर्जा विभाग ने तेजी से कार्रवाई की। अवध किशोर को 21 दिनों में, नबीला बेगम को 23 दिनों में, राजेंद्र प्रसाद सिंह को 15 दिनों में और दिलीप कुमार सिंह को 20 दिनों में समाधान प्राप्त हुआ। लोक शिकायत निवारण कानून की एक विशेषता यह है कि इसके तहत प्रत्येक आवेदक को 60 कार्य दिवसों के भीतर उसकी शिकायत की सुनवाई और समाधान का कानूनी अधिकार प्राप्त है। शिकायत का निबंधन होते ही पावती और सुनवाई की तिथि दी जाती है। संबंधित अधिकारी के समक्ष सुनवाई कर शिकायत का निपटारा किया जाता है और निर्णय की प्रति भी दी जाती है, ताकि असंतुष्ट होने की स्थिति में अपील की जा सके।

# बिहार आईटी नीतिः नैसकॉम के साथ समझौता, रोजगार के नए उम्मीद

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार द्वारा आईटी सेक्टर में किए जा रहे प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 8 जनवरी 2024 को मंजूर हुई बिहार आईटी नीति 2024 का उद्देश्य न केवल राज्य में आईटी और इलेक्ट्रोनिक सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम) सेक्टर में निवेश आकर्षित करना है, बल्कि इससे राज्य के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करने की भी योजना है। इसी कड़ी में, आज बिहार सरकार के सूचना प्रावैधिकी विभाग और नैसकॉम के बीच एक अहम समझौता ज्ञापन (मोउ) पर हस्ताक्षर किए गए। नैसकॉम देश के आईटी और बीपीएम सेक्टर में एक अग्रणी संगठन है, जिसमें 3000 से अधिक कंपनियां सदस्य के रूप में जुड़ी हुई हैं। इन कंपनियों में स्टार्टअप्स से लेकर बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ शामिल हैं। नैसकॉम की इस भागीदारी से बिहार को आईटी और ईएसडीएम सेक्टर में एक मजबूत और विश्वसनीय केंद्र के रूप में स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इस अवसर पर बिहार के सूचना प्रावैधिकी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस समझौते की घोषणा की। कार्यक्रम में विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, विशेष सचिव अरविंद कुमार चौधरी और विधान चंद्र यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। नैसकॉम की ओर से वाइस प्रेसिडेंट श्रीकांत श्रीनिवासन और अनुपम चौधरी भी इस मौके पर मौजूद थे।

इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य बिहार को पूर्वी भारत में आईटी और ईएसडीएम सेक्टर में निवेश और रोजगार सृजन के लिए एक पसंदीदा केंद्र के रूप में विकसित करना है। नैसकॉम, बिहार सरकार के साथ मिलकर प्रमुख आईटी निवेशकों की पहचान करेगा और उन्हें राज्य में निवेश के लिए प्रेरित करेगा। साथ ही, बिहार की आईटी नीतियों और निवेश की संभावनाओं को देश के बड़े आईटी केंद्रों में प्रचारित किया जाएगा। बिहार सरकार और नैसकॉम बेंगलूरु, चेन्नई, मुंबई, हैदराबाद और पुणे जैसे प्रमुख शहरों में रोड-शो आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। इन रोड-शो के माध्यम से बिहार में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी और संभावित निवेशकों के साथ राज्य के अधिकारियों का सीधा संपर्क स्थापित होगा। इसके अलावा, नैसकॉम के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भागीदारी के माध्यम से बिहार अपनी आईटी क्षमताओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित कर सकेगा। इससे न केवल राज्य के आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और कौशल विकास के क्षेत्र में हो रही प्रगति का प्रदर्शन होगा, बल्कि बिहार में आईटी सेक्टर में निवेश के नए अवसर भी खुलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### साइकिल सवार को स्कॉर्पियो ने रौंदा, घटना के बाद हंगामा

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत एनएच 82 स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल के सामने हुल्की पुलिया पर रविवार को एक स्कार्पियो ने साइकिल सवार को रौंदा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। इधर सड़क जाम की सूचना पर दल-बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष आक्रोशित ग्रामीणों को और परिजनों को समझा बुझा कर शव को अपने कब्जे में लिया। कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान कईया निवासी कैलेश्वर सिंह 60 वर्ष के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक कईया स्थित पोलेट्री फार्म को बंद कर विष्णु विहार स्थित फ्लैट पर खाना खाने जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ठोकर मार दी।

### सूबे के प्रथम सीएम डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की मनी जयंती

**गया।** शहर के गुरुद्वारा रोड स्थित एक निजी होटल में रविवार को यंग ब्लड टीम के बैनर तले बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह उर्फ श्री बाबू की 137 वीं जयंती समारोह के रूप में मनी। मुख्य अतिथि मेयर गणेश पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेवी शिवकैलाश डालमिया, समाजसेवी रामराज सिंह, होली पब्लिक स्कूल की निर्देशिका नीलम सिंह ने संयुक्त रूप से श्रीबाबू के चित्र पर फूल-माला चढ़ा श्रद्धांजली दी। अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष कुमार ओंकार शक्ति ने की।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, महिला गिरफ्तार

**टनकुप्पा।** कनवा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने एफआईआर दर्ज कराई है। दोनों पक्षों की ओर से चार-चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मारपीट में शामिल नामजद महिला मुन्नी देवी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का कारण जमीन विवाद है। टनकुप्पा थाना के एसआई रामेश्वर पाण्डेय ने बताया कि एक पक्ष की रूबी देवी ने चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। वहीं दूसरे पक्ष की मुन्नी देवी ने भी चार लोगों को अभियुक्त बनाया है।

### अध्यक्ष से की बार एसोसिएशन के चुनाव कराने की मांग

**गया।** बार एसोसिएशन का चुनाव कराने को लेकर तीन सौ अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश को सौंपा । बार एसोसिएशन के सदस्यों ने आम बैठक बुलाकर वर्तमान कमेटी को भंग करने तथा आम चुनाव की घोषणा करने के लिए अध्यक्ष को यह मांग पत्र सौंपा गया है । मांग पत्र में कहा गया है कि वर्तमान कमेटी का गठन गया बार एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा सत्र 2016 -18 के लिए की गई थी । बाद में बिहार स्टेट बार काउंसिल, पटना द्वारा दिए गए नियमन के अनुसार सत्र की अवधि दो वर्षों के लिए बढ़ाई गई थी । वर्तमान कमेटी द्वारा विगत आठ वर्षों से आज तक गया बार एसोसिएशन के सदस्यों की कोई आम बैठक तक नहीं बुलाई गई है । साथ ही साथ एसोसिएशन के आमदनी व खर्च का लेखा-जोखा आम बैठक बुलाकर नहीं दी गई है । उन्होंने मांग पत्र में यह भी लिख है कि चुनाव की प्रक्रिया को शिथिल कर आजीवन कमेटी को बनाए रखना चाहते हैं ।

### बरनवाल जाति को ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए 20 अक्टूबर को महाधरना

**गया।** पटना के गर्दनीबाग में आगामी 20 अक्टूबर को महाधरना प्रदर्शन को लेकर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक जिले के चंडीस्थान, बांकेबाजार और रानीगंज में बिहार प्रदेश के बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों के सहमति से बरनवाल जाति को बिहार तथा केंद्र में ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए एक दिवसीय महाधरना को सफल बनाने हेतु बैठक हुई। 20 अक्टूबर 2024 को महाधरना प्रदर्शन में हजारों-हज़ार की संख्या में पूरे बिहार में घूम घूम कर लोगों को जागृत करने का काम किया जा रहा है। बैठक में राजू बरनवाल ने कहा कि हमारी संख्या बिहार में मात्र 12 लाख है। वैश्य समाज 122 जातियों में सिर्फ 21 जातियों के साथ बरनवाल समाज की आबादी जोड़कर 30 लाख बताया गया है जो हम लोगों के साथ एक जघन्य अपराध है। वैश्य समाज को छोटे-छोटे जाति में बांट कर कमजोर करने का काम किया गया है। मौके पर वरीय बच्चू बरनवाल, विनोद बरनवाल, सविनय जी, महेंद्र बरनवाल, प्रमोद बरनवाल, जितेंद्र बरनवाल, बैजनाथ बरनवाल आदि मौजूद थे।

### चोरी की बाइक के साथ झारखंड का युवक धराया

**फतेहपुर।** फतेहपुर पुलिस ने रविवार को चोरी के एक बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक बबलू कुमार, पिता- जेठू यादव, ग्राम-अंबातरी, थाना-चौपारण, जिला-हजारीबाग (झारखंड) का रहने वाला है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि थाना गेट के पास रविवार को वाहन जांच की जा रही थी।

### इमामगंज की धरती से पार्टी का उदय : मांझी

**बांकेबाजार।** प्रखंड के मगध विद्यापीठ के पास मैदान में रविवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के बैनर तले गरीब संकल्प सभा का आयोजन किया गया। संकल्प सभा का शुभारंभ पार्टी के संस्थापक सह केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने केक काट किया। इस बीच उन्होंने कहा कि हम से. पार्टी का उदय इमामगंज की धरती से हुआ है। आज हम आए है आज सभी को जगाने के लिए, आप सभी लोग जाग जाइए। जल्द ही इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होने है। आप सभी पार्टी की मदद करें। उन्होंने कहा कि जो कार्य करते है, उसे हम कहते नहीं और न ही गिनती करते है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में रौशनगंज में 720 बेड के रहने व पढ़ाई-लिखाई के लिए महादलित बच्चों का विद्यालय बनेगा। नावाडीह फुलवरिया व गुरिया के सामने मोरहर नदी में पुलिया का निर्माण होगा। तीनों प्रखंड में महादलित परिवार के बच्चों के पढ़ने के लिए हॉस्टल भी बनेगा। आने वाले समय में इमामगंज विधानसभा विकास के मायने में नंबर वन होगा।

### म्यूटेशन में गड़बड़ी करने का लगाया आरोप

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला युवा कांग्रेस के महासचिव व सिलाव प्रखंड निवासी रोहित कुमार ने सिलाव प्रखंड में म्यूटेशन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अधिकारी के खिलाफ राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री से शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया अधिकारी द्वारा म्युटेशन के लिए बार-बार दौड़ाया जा रहा है। कुछ न कुछ कमी बताकर म्यूटेशन की प्रक्रिया को टाला जाता है और समय पूरा होने के बाद आवेदन को रिजेक्ट कर दिया जाता है। इस आलोक में डीडीसी ने अधिकारियों की टीम बनाकर जांच करने का निर्देश दिया है। निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि यह भ्रष्टाचार का मामला प्रतीत होता है। इसे गंभीरता से लेते हुए स्वच्छ एवं निष्पक्ष जांच कर कार्यालय को रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

### प्रशासन ने दी असामाजिक तत्वों को चेतावनी

**हिलसा।** दुर्गा पूजा के मौके पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने रविवार को बाइक से फ्लैग मार्च निकाला। नेतृत्व कर रहे एसडीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि किसी भी तरह अफवाह फैलाने की कोशिश नही करें। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी सुमित कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों और मनचलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पूजा के दौरान शांति और आपसी सौहार्द में खलल डालने वाले सीधे सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे।फ्लैग मार्च में कार्यपालक पदाधिकारी कपिल देव प्रसाद, बीडीओ अमर कुमार, सीओ मो. इकबाल अहमद आदि थे।

## बिहारशरीफ में फिलिस्तीन के समर्थन में निकला मार्च

# इजरायल के जुल्मों के खिलाफ उठी आवाज, तत्काल युद्धविराम की मांग की

निज संवाददाता। नालंदा

फिलिस्तीन में जारी मानवीय संकट और इजरायली हमलों के विरोध में सोमवार को बिहारशरीफ में एक मार्च निकाला गया। वाम दलों के आह्वान पर आयोजित इस मार्च में दर्जनों लोग शामिल हुए। मार्च हॉस्पिटल मोड़ से शुरू होकर रांची रोड होते हुए LIC तक गया। मार्च में शामिल लोगों ने आरोप लगाया कि इजरायल पिछले एक साल से फिलिस्तीन पर अत्याचार कर रहा है। इस दौरान हजारों बेगुनाह लोग मारे गए हैं और लाखों बेघर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के समर्थन से यह सब कर रहा है।

**तत्काल युद्धविराम की मांग की:** मार्च में शामिल लोगों ने इजरायली हमलों की निंदा करते हुए तत्काल युद्धविराम की मांग की। उन्होंने भारत सरकार से इजरायल को हथियारों के निर्यात बंद




करने और फिलिस्तीन के लोगों के समर्थन में खड़े होने की अपील की।

**मानवता के खिलाफ एक बड़ा अपराध:** मार्च में शामिल वाम दलों के नेताओं ने कहा कि फिलिस्तीन में जो हो रहा है, वह मानवता के खिलाफ एक बड़ा अपराध है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को एकजुट होकर फिलिस्तीन के लोगों के समर्थन में खड़ा होना चाहिए। मार्च में माले जिला सचिव सुरेंद्र राम, सीपीएम जिला सचिव जनार्दन प्रसाद, इंडियन नेशनल के उपाध्यक्ष एकबालु जफर, इंसाफ मंच के जिला सचिव सरफराज अहमद खान और कई अन्य लोग शामिल थे।

# रूस-यूक्रेन समेत अन्य देशों के 160 विदेशियों ने किया पिंडदान

निज संवाददाता। गया

गया में पितृपक्ष मेला समापन के बाद भी पितरों के मोक्ष के लिए पिंडदानियों के आने का सिलसिला जारी है। सनातनियों के साथ-साथ विदेशी भी पिंडदान करने आ रहे हैं। सोमवार को रूस और यूक्रेन समेत 19 देशों के 160 विदेशियों ने अपने पूर्वजों का पिंडदान किया। सोमवार की सुबह सभी विदेशी पिंडदानी फल्गु नदी के तट पर स्थित देवघाट पर पहुंच कर फल्गु स्नान किया। सभी विदेशियों ने सनातन धर्म के प्रति आस्था जताते हुए सामूहिक रूप से गया जी में फल्गु नदी के तट पर स्थित देव घाट पर पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए पिंडदान व तर्पण किया।

**हर वक्त भगवान का स्मरण करते:** विदेशी पिंडदानी रूस, यूक्रेन, जर्मनी, कजाकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, कोरिया समेत 19 देशों से श्रद्धा का कर्मकांड करने पहुंचे हैं। गयापाल पंडा समाज के कटारिया परिवार की ओर से कर्मकांड संपन्न किया गया है।



पंडा अरविंद लाल बताते हैं कि प्रभु विष्णु के प्रति आस्था व्यक्त करते हैं। यह विदेशी होते हुए हर वक्त भगवान का स्मरण करते रहते हैं और सनातन धर्म के प्रति पूर्ण आस्था रखते हैं। वहीं गयापाल पंडा अरविंद कुमार कटियार ने बताया कि यूक्रेन से आए श्रद्धालु ने अपने पितरों के साथ-साथ रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए सैनिकों और नागरिकों का भी पिंडदान किया है। विदेशियों की यह टीम शनिवार को बोधगया पहुंची थी। रविवार को विष्णुपद मंदिर, देवघाट और सीताकुंड का भ्रमण भी किया था। सोमवार को सभी लोगों ने सामूहिक रूप से देवघाट पर अपने पितरों का पिंडदान और तर्पण किया।

# बिहार खेल अकादमी में 103 प्रशिक्षकों की होगी नियुक्ति

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने बिहार खेल अकादमी में 25 विभिन्न खेलों के लिए 103 खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति की घोषणा की है। हालांकि राज्य सरकार ने कोच के 200 पदों का सृजन किया है। यह कदम राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आवेदन की तिथि 3 अक्टूबर से 14 नवंबर तक है। आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। नियुक्ति अनुबंध आधारित है। एथलेटिक्स में सर्वाधिक 15 कोच की नियुक्ति होगी। एथलेटिक्स, पैरा एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, शूटिंग, स्विमिंग, वॉटर स्पोर्ट्स और अन्य खेल शामिल है।

**मेधा, सेवा और प्रदर्शन का मूल्यांकन होगा:** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से गठित स्क्रीनिंग कमेटी एक वर्ष के लिए प्रशिक्षकों का मूल्यांकन करेगी। मेधा,




सेवा और प्रदर्शन का मूल्यांकन होगा। इसके बाद सेवा विस्तार पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा राजगीर में 11 से 20 नवंबर तक महिला पैराग्लाइडिंग चैंपियनशिप का आयोजन होगा। प्रारंभ में 38 जिलों में ट्रॉफी टूर का आयोजन किया जाएगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार खेल अकादमी के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने बताया कि "यह पहल राज्य के खेल विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। हम उम्मीद करते हैं कि इससे बिहार के खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण मिल सकेगा। नियुक्त खेल प्रशिक्षकों को बिहार खेल अकादमी के अलावा किसी जिला में भी पदस्थापित किया जा सकता है।

## अल्पसंख्यक समुदाय का पैक्स में नाम न जोड़ने का आरोप

# जिला सहयोग समिति के सहायक निबंधक को दिया आवेदन, पैक्स अध्यक्ष पर लगे गंभीर आरोप

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के पलटपुरा पैक्स में एक गंभीर मामला सामने आया है। गांव की एक महिला पैक्स सदस्य सलमा खातून ने जिला सहयोग समिति के सहायक निबंधक को एक आवेदन देकर आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप में कहा है कि पैक्स की सदस्यता सूची में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के नामों को जानबूझकर शामिल नहीं किया गया है। सलमा खातून के अनुसार, गांव के लगभग 100 मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ऑनलाइन सदस्यता के लिए आवेदन किया था। लेकिन उनका नाम सदस्यता सूची में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पैक्स अध्यक्ष मुकेश यादव ने जानबूझकर अल्पसंख्यकों और दलितों के नामों को सूची से बाहर रखा है।

**पैक्स अध्यक्ष पर गंभीर आरोप:** सलमा खातून ने आरोप लगाया है कि पैक्स अध्यक्ष ने अपनी मनमर्जी से एक नई सदस्यता सूची तैयार की है। इसमें 275 लोगों के नाम शामिल हैं। इस सूची में किसी भी अल्पसंख्यक या दलित का नाम नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि पैक्स



अध्यक्ष ने गांव में एक गोदाम बनवाया है, इसमें ग्रामीणों की सहमति नहीं ली गई।

**ग्रामीणों की समस्याएं:** ग्रामीणों का कहना है कि पैक्स अध्यक्ष के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें राशन नहीं मिल रहा है और न ही उन्हें पैक्स से कोई लाभ मिल रहा है।

# गया में स्वास्थ्य सेवा के भविष्य पर की चर्चा, आईआईएम बोधगया में हेल्थकेयर लीडरशिप सम्मेलन

निज संवाददाता। गया

आईआईएम बोधगया ने "भारत में एकीकृत देखभाल सेवाओं के भविष्य" पर केंद्रित हेल्थकेयर लीडरशिप शिखर सम्मेलन "कन्वर्जेंस" में स्वास्थ्य सेवा के भविष्य पर गंभीर चर्चा हुई। पैनल चर्चाओं ने स्वास्थ्य सेवा के भविष्य के लिए नवीन समाधान पेश करने और बहु-विषयक, प्रौद्योगिकी-संचालित और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से गंभीर चुनौतियों का समाधान करने पर रोशनी डाली गई। आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता सहाय ने कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। उन्होंने देश में एक बेहतर स्वास्थ्य देखभाल संरचना की आवश्यकता के महत्व पर जोर दिया। स्वास्थ्य सेवा लीडर्स को तैयार करने के लिए शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोग पर भी जोर दिया। आईआईएम बोधगया में एमबीए- हॉस्पिटल और हेल्थकेयर मैनेजमेंट के चेयरपर्सन डॉ. स्वप्नराग स्वैन ने उद्योग विशेषज्ञों के सामने एमबीए-एचएचएम कोर्स को पेश कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उद्योग जगत के नेताओं ने कार्यक्रम, पाठ्यक्रम और उद्योग को एमबीए-एचएचएम कक्षा में लाने के अनूठे दृष्टिकोण की सराहना की। सम्मेलन में तीन पैनल चर्चाएं हुईं, जिसमें स्वास्थ्य सेवा उद्योग के लीडर्स ने बताया कि कैसे अस्पताल, फार्मा और जीवन विज्ञान, मेडटेक, स्वास्थ्य बीमा और चिकित्सा उपकरण जैसे कई सहयोग कर बेहतर रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकते है।

**वेलनेस उद्योग तेजी से विकसित हो रहा:** पहले पैनल में पीडब्ल्यूसी में हेल्थकेयर के सीनियर पार्टनर व लीडर डॉ. राणा मेहता, ओमेगा हेल्थकेयर में ग्लोबल एचआर के वाईस-प्रेजिडेंट डॉ. नितिन बरेकेरे रामचंद्र, आईकेएस हेल्थ में प्रोडक्ट मैनेजमेंट वाईस-प्रेजिडेंट गौरव मूंदड़ा, मेरिल में ताइवान के कंट्री हेड विक्रम पवार, टीडीआर एंटरप्राइजेज के फाउंडर और फिलिप्स हेल्थ सिस्टम्स के पूर्व वाईस-प्रेजिडेंट क्षितिज कुमार शामिल रहे। डॉ. नितिन बीआर ने कहा कि वेलनेस उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है और चैटबॉट्स जैसे सॉफ्टवेयर समाधानों ने नवाचार के नए अवसर खोले हैं।

**विकास के अवसर प्रदान करने पर विचार व्यक्त किए:** दूसरे पैनल में फोर्टिस हॉस्पिटल के सीएचआरओ श्री रंजन पांडे, आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस में स्वास्थ्य प्रबंधन के सीनियर वाईस-प्रेजिडेंट, डॉ. गौरव त्रिपाठी, नारायणा हेल्थ में भारत के लिए लीड टैलेंट एक्वीजीशन- श्री प्रेम आनंद और एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के सीनियर वाईस-प्रेजिडेंट सुमीत शारदा उपस्थित रहे। पैनल के सदस्यों ने एकीकृत देखभाल के लिए अस्पतालों और बीमा मॉडल को बदलने पर अंतर्दृष्टि प्रदान की। रंजन पांडे ने जनशक्ति चुनौतियों का समाधान करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए विकास के अवसर प्रदान करने पर विचार व्यक्त किए।

# त्योहार में शांति व्यवस्था खराब करने पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। नालंदा

शहर में दुर्गापूजा उत्सव को लेकर पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहार की रौनक को खराब करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा की हमारी प्राथमिकता है कि हर श्रद्धालु - चाहे वह महिला हो, बच्चा हो या बुजुर्ग बिना किसी भय के त्योहार का आनंद ले सके। सभी पूजा पंडालों के आस-पास पुलिस अधिकारियों और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। सोशल मीडिया पर रखी जाएगी नजर: पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि अफवाह फैलाने वालों और सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। जिले में 18 लोगों के खिलाफ पहले ही सीसीए के तहत कार्रवाई की जा चुकी है और लगभग 100 अन्य लोगों पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

❒ सीसीटीवी से हर गतिविधियों पर रखी जाएगी नजर, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्ती


## पूर्व रेलवे

**नोटिस संख्या: एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 03.10.2024।** सीनियर डिवीजनल सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, पी.ओ. - झलझलिया, जिला - मालदा, पिन - 732102 (डब्ल्यूबी) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **ई-निविदा संख्या: क्रमांक. 1. एमएलडीटी_एसएनटी_24-25_15_ओटी, दिनांक 03.10.2024; कार्य का नाम:** डीआरएम कार्यालय मालदा के पीछे आपदा प्रबंधन कक्ष के निर्माण के संबंध में एस एंड टी कार्य; **निविदा मूल्य (रु.) :** 9709904.13; **बयाना राशि (रु.):** 194200.00; **क्रमांक 2. एमएलडीटी_एसएनटी_24- 25_16_ओटी, दिनांक 03.10.2024; कार्य का नाम:** मालदा डिवीजन के नियंत्रण सर्किट के लिए 8 चैनल वॉयस डेटा लॉगर, मॉनिटर का प्रतिस्थापन; **निविदा मूल्य (रु.):** 3140219.00; **बयाना राशि (रु.):** 62800.00; **ई-निविदा प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 11.10.2024 से 25.10.2024 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट विवरण और नोटिस बोर्ड:** वेबसाइट **www.ireps.gov.in/ नोटिस बोर्ड:** सीनियर डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

(MLD-109/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा संख्या एलआरसी-3-सीटी_एमएलआर आरएसपी _50_आर, दिनांक: 03.10.2024।** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वित्तीय और तकनीकी रूप से सक्षम निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** "एलएचबी कोचों का मध्य-जीवन पुनर्वास।" **निविदा दस्तावेज़ की लागत:** 0.00 रुपये। **कार्य की अनुमानित लागत:** 13,68,14,745.06 रुपये; **बयाना राशि:** 8,34,100.00 रुपये; **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 23.10.2024 को 14:00 बजे। **निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।**

(MISC-189/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**संक्षिप्त निविदा सूचना संख्या 04 एचडब्ल्यूएचसीओएन IIऑफ2024-25, दिनांक: 04.10.2024।** उप मुख्य अभियंता, कॉन-II, पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकोलघाट, हावड़ा- 711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव, वित्तीय क्षमता और उचित और अपेक्षित संसाधन और अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदा हेतु खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** "उप मुख्य अभियंता, कॉन-II, हावड़ा के अधीन तारकेश्वर से बिष्णुपुर तक नई बीजी लाइन के संबंध में जयरामबाटी से कामारपुकुर के बीच बिष्णुपुर से सीएच-40800 से सीएच-40130 के बीच प्रमुख पुल संख्या 222 (10X45.70 मीटर ओडब्ल्यूजी) और प्रमुख पुल संख्या 223 (1x24.40 मीटर कम्पोजिट गर्डर) और इसके अप्रोच रोड, रिटेनिंग वॉल और सहायक कार्यों का निर्माण"; **कार्य की अनुमानित मूल्य (रु.):** 44,08,62,856.22; **निविदा दस्तावेजों की लागत:** शून्य। **बयाना राशि (रु.):** 23,54,300.00; **कार्य पूर्णता की अवधि:** 09 (नौ) महीने; **निविदा खुलने की तिथि:** 24.10.2024। समय-समय पर जारी निविदा सूचना, दस्तावेज और शुद्धिपत्र के विवरण तथा आवश्यक पात्रता मानदंड आदि वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैन्युअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(CON-62/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/510, दिनांक: 05.10.2024।** सीनियर डिवीजनल सिग्नल और टेलीकॉम इंजीनियर, पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-टेंडर आमंत्रित किया जाता है। **'ई'-निविदा सं.: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/31/24-25/आरआरएसके, डीएफ3. कार्य का नाम एवं स्थान:** रानाघाट जंक्शन-रानाघाट के संबंध में सिग्नलिंग कार्य- पूर्ण रेक लंबाई वाली मालगाड़ी को समायोजित करने के लिए लाइन सं.4 के सीएसआर को बढ़ाने का प्रस्ताव; **निविदा मूल्य:** 73,25,695.12 रुपये; **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** 1,46,500.00 रुपये; **कार्य की पूर्णता अवधि:** 03 महीने; **निविदा जमा करने की आरंभिक तिथि:** 18.10.2024; **निविदा जमा करने की अंतमि तिथि:** 01.11.2024 को 14.00 बजे तक; **निविदा बोली खुलने की तिथि:** 01.11.2024 को 14.30 बजे; विस्तृत जानकारी यहां **www.ireps.gov.in** उपलब्ध है: **तकनीकी पात्रता मानदंड:-** निविदाकर्ता ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, जिसमें निविदा आमंत्रित की गई है, उससे पहले के महीने के अंतिम दिन तक, निम्नलिखित श्रेणियों के कार्यों में से किसी एक को सफलतापूर्वक पूरा किया हो या काफी हद तक पूरा कर लिया हो: (i) तीन समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% के बराबर राशि से कम नहीं होगी, या (ii) दो समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% के बराबर राशि से कम नहीं होगी, या (iii) एक समान कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% के बराबर राशि से कम नहीं होगी; **वित्तीय पात्रता मानदंड:-** निविदाकर्ता के पास न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो; जहां V= निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ों रुपये में, N= कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना ऑडिटेड बैलेंस शीट के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में ₹कुल संविदात्मक भुगतान₹ के औसत के रूप में की जाएगी। हालाँकि, यदि पिछले वर्ष की बैलेंस शीट अभी तैयार/ऑडिट की जानी है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक टर्नओवर की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की ऑडिट की गई बैलेंस शीट पर विचार किया जाएगा। निविदाकर्ता जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIB (तत्काल निविदा दस्तावेज़ के फॉर्म-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत करेंगे, साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा विधिवत प्रमाणित ऑडिट की गई बैलेंस शीट की प्रतियाँ / चार्टर्ड अकाउंटेंट से प्रमाण पत्र जो ऑडिट की गई बैलेंस शीट द्वारा विधिवत समर्थित हो। **प्रस्तुत किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेख किया गया है। **कार्य की समान प्रकृति:** इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य {इनडोर या (इनडोर + आउटडोर)}। और/या पैनल इंटरलॉकिंग कार्य {इनडोर या (इनडोर + आउटडोर)} और/या रूट रिले इंटरलॉकिंग कार्य {इनडोर या (इनडोर + आउटडोर)} को तत्काल निविदा कार्य के लिए समान प्रकृति के कार्य के रूप में माना जाएगा। **नोट:-** निविदाकर्ता को निविदा प्रस्ताव के साथ, निविदा दस्तावेज में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए क्रेडेंशियल के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रति का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकर्ता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होना चाहिए। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होगी।

(SDAH-204/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज बाइट्स

### दुर्गापूजा को लेकर अधिकारी अपने क्षेत्र में रहेंगे मुस्तैदः डीएम

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे। जिले के सभी प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी पूजा के दौरान मुस्तैद रहेंगे। डीएम उदिता सिंह व एसपी रौशन कुमार ने अधिकारियों के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट की डीआरडीए सभा भवन में आयोजित बैठक में कही।

### गन्ने की जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर किया बेहोश, पिकअप को लूटा

**डेहरी ऑन-सोन (सासाराम) (नि.सं.)।** गन्ने की जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर चालक सह मालिक को बेहोश किया, इसके बाद लुटेरों ने पिकअप लूट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार, गिरोह के लोगों ने गन्ने की जूस में पहले नशीला पदार्थ पिलाया। नशे की हालत में यूपी की चंदौली में कीचड़ और दलदल में फेंक कर पिकअप लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

### जिलास्तरीय रोल प्ले व लोक नृत्य में सफल को किया सम्मानित

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** जिलास्तरीय रोल प्ले व लोकनृत्य प्रतियोगिता सोमवार को जिला शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थान( डायट) में हुई। प्रतियोगिता में सरकारी विद्यालयों की कक्षा आठ व नौ के छात्र शामिल हुए। अव्वल रहे छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित रौशन व प्राचार्य नीरज कुमार मौर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

### समिति की बैठक से अनुपस्थित नासरीगंज सीडीपीओ का वेतन बंद

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** डीएम उदिता सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक से अनुपस्थित नासरीगंज बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के वेतन भुगतान पर रोक लगा दी है। बताया जाता है कि समन्वय समिति की बैठक में जब नासरीगंज की बारी आयी तो वह अनुपस्थित पायी गईं। जिस कारण उक्त सीडीपीओ से संबंधित योजनाओं की समीक्षा नहीं हो सकी। इस कारण वेतन बंद करते हुए स्पष्टीरण पूछने का निर्देश दिया गया।

### तिलौथू में शादी के नियत से शादीशुदा महिला अगवा

**डेहरी ऑन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** तिलौथू थाना क्षेत्र के चंदनपुरा गांव से एक शादीशुदा महिला को बहला फुसला कर शादी की नीयत से अगवा कर लिया गया। जिसकी प्राथमिकी उसके पति सुभाष कुमार ग्राम चंदनपुर द्वारा दर्ज कराई गई है।

### दुर्गापूजा को लेकर चौक-चौराहों पर लगाये गए सीसीटीवी कैमरे

**नासरीगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** आगामी दुर्गापूजा को लेकर नगर पंचायत की विभिन्न चौक-चौराहों पर एक दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये गए। मुख्य पार्षद शबनम आरा व समाजसेवी श्यामुल हक ने बताया कि पर्व के अवसर पर भीड़भाड़ को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।

### होमगार्ड जवान पर गोली चलाने वाला किशोर धराया

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** एक सप्ताह पूर्व मुफस्सिल थाना क्षेत्र की समरडीहां पेट्रोल पंप के पास होमगार्ड जवान को गोली मारने की घटना का पुलिस ने उद्भेदन की है।

### बैठक में एसडीएम ने दी पूजा पर विधि व्यवस्था की जानकारी

**काराकाट (रोहतास) (नि. सं.)।** दुर्गापूजा में विधि व्यवस्था को लेकर बिक्रमगंज नगर परिषद सभागार में सोमवार को एसडीएम और डीएसपी ने संयुक्त रूप से बैठक की। कार्यपालक पदाधिकारी, प्रमुख, बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष के अलावे पूजा समिति के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# दुर्गा पूजा की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार, युवा दिखाएंगे अपना आत्मरक्षा कौशल

**निज संवाददाता | नोखा (रोहतास)**



नगर परिषद नोखा में स्थित थाना के पास पटेल नगर द्वारा स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति का अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। पंडाल का भी अंतिम रूप देने का काम कलाकार कर रहे है। आदर्श नवयुवक संघ पटेल नगर के द्वारा इस मां दुर्गा की मूर्ति पूजा की पूरी तैयारी की जा रही है। जहां पर की कमेटी के सदस्य रात दिन लग करके भव्य पंडाल का रूप दे रहे हैं। जहां पर कलाकारों द्वारा भी एक से बढ़कर एक और संजीव पंडाल निर्माण करते हुए दिख रहे है। आदर्श नवयुवक संघ पटेल नगर के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा कोलकाता का विश्व मिलन का रूप दिया जा रहा है।इसमें पटेल नगर के युवा द्वारा इसका निर्माण किया जा रहा है। पटेल नगर के युवा कौशल भी दिखाते है। मां दुर्गा पूजा की विसर्जन के समय पर पटेल नगर के युवा अपनी आत्मरक्षा का खेल कौशल भी दिखाते हैं पूर्व में स्वर्गीय शेर बहादुर चैधरी के द्वारा इन खिलाड़ियों की खेल कौशल के बारे में जानकारी दी गई थी। हालांकि इस बार शेर बहादुर चैधरी के निधन के बाद स्थानीय युवा द्वारा ही इन खिलाड़ियों को तैयारी कराई गई है । खेल के माध्यम से आत्मरक्षा और अ सत्य पर सत्य की जीत का भी लोगों के बीच में प्रदर्शित करते है।इसमें युवा कलाकार भारतीय आत्म रक्षा के लिए लाठी, भला, बंदा , बनैठी का खेल दिखाते है। इसी कमेटी के स्व सुरजीत कुमार ने आंख बंद कर लक्ष्य को भेदने के गुर सभी को दिखाते थे। कम आयु में ही उनकी निधन होने के बाद इस बार खेल फीका नजर आ रहा है। हलाकी प्रशासन द्वारा डीजे एक भाला, तलवार, पर रोक लगाने के कारण खेल में भाग लेने वाले युवा की निराशा हुई है। इस कमेटी के सरक्षक चैधरी माखन सिंह,आदर्श नव युवक संघ पटेल नगर के अध्यक्ष धर्मेन्द्र चैधरी,संजय चैधटी उपाध्यक्ष ,योगेन्द्र पटेल कोषाध्यक्ष, व्यवस्थापक अमित पटेल, सचिव रवि पटेल, उपसचिव जलेंद्र गिरी,सह सदस्य गण अमन पटेल, प्रियांशु पटेल आदर्श पटेल रितिक पटेल बबलू कुमार चन्दन पटेल, अमरेन्द्र कुमार, संजीत पटेल उपेन्द्र पटेल, राजू पटेल चैधरी, राजेश पटेल राजेश पटेल, शुभन पटेल, विवेक पटेल, शुभन पटेल। गुलशन पटेल बयुन कुमार, गपी पटेल मोहित पटेल, विहारी शाह, रोहित पटेल विट्टू पतेल, सोर पटेल आदि उपस्थित रहे।

### वाहन के टक्कर से चैकीदार जख्मी, ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर

**अकोढ़ीगोला (रोहतास) (नि. सं.)।** थाना क्षेत्र के बिहारी बीघा गांव में रविवार की देर शाम सात बजे के करीब डेहरी राजपुर पथ पर बाइक से आ रहे चैकीदार को अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दिया। वाहन की टक्कर से बाइक सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल होकर सड़क पर गिरा हुआ था। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंच सड़क दुर्घटना में घायल चैकीदार को इलाज के लिए नारायण मेडिकल कॉलेज जमुहार ले गई। घायल की चिंताजनक स्थिति देख चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए बनारस ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने बताया की बांक निवासी चैकीदार फुलेंद्र पासवान रविवार की शाम डेहरी से एक साथी के साथ बाइक से अपने घर वापस आ रहे थे की बिहारी बीघा के समीप सामने से वाहन ने धक्का मार दिया। वाहन के धक्के से बाइक चला रहा युवक सड़क के किनारे फेंका गया।

## दुष्कर्म कांड के आरोपित के घर पुलिस ने किया कुर्की जब्त

**निज संवाददाता | करगहर (रोहातस)**



करगहर थाना क्षेत्र के सोहवलिया खुर्द गांव में दुष्कर्म कांड के आरोपित के घर रविवार को परसथुआ थाने की पुलिस द्वारा कुर्की जप्ती की कार्रवाई की गयी। इस बाबत में परसथुआ थानाध्यक्ष रामचंद्र चैपाल ने बताया कि कुर्की जप्ती की कार्रवाई सोहवलिया खुर्द निवासी सतेंद्र सिंह की गयी है। जो 2013 में गांव के ही एक महिला का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने का नामजद आरोपित है। जो फरार चल रहा है। रविवार को न्यायालय के आदेश के आलोक में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में उसके घर कुर्की जप्ती की कार्रवाई की गयी। इस दौरान अंचलाधिकारी करगहर अजित कुमार, करगहर थानाध्यक्ष विजय कुमार, सब इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात थे।

## क्षमतावर्धन हेतु दी गयी आवृतिचर्या प्रशिक्षण

**निज संवाददाता | संझौली (रोहतास)**

सोमवार को संझौली प्रखंड मुख्यालय सभागार मे कृषि पदाधिकारी एवं कर्मियों को संख्यिकी पदाधिकारी दीपक कुमार दीपांकर द्वारा पदाधिकारियों एवं कर्मियों का क्षमतावर्धन हेतु आवृतिचर्या प्रशिक्षण दी गई। अंचल स्तरीय आवृतिचर्या प्रशिक्षण में भूमि उपयोग, जींसवार, खेसरा पंजी निर्माण, फसल कटनी प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। आवृतिचर्या प्रशिक्षण प्रखंड संख्यिकी पदाधिकारी दीपक कुमार दीपांकर द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्याक्रम में कृषि समन्वयक अखिलेश कुमार, अभिषेक कुमार, किसान सलाहकार उदय कुमार, राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे। फसल कटनी प्रयोग की विस्तृत जानकरी दी गई। फसल कटनी प्रयोग के सम्बन्ध में बताया गया कि कटनी के पश्चात फसल उत्पादन का प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भेजा जाता है। उसके आधार पर फसल उत्पादन का आकलन किया जाता है। इससे देश कि कृषि और आर्थिक नीति निर्माण में योगदान होता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि समन्वयक अखिलेश कुमार, अभिषेक कुमार, किसान सलाहकार, राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रिंस को मिला बेस्ट एनसीसी कैडेट का सम्मान

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



एनसीसी जीएनएसयू सासाराम की ओर से सोमवार को एनसीसी कैडेट्स सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंपनी के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ मयंक कुमार राय ने बी और सी परीक्षा में अच्छे ग्रेड से पास किए कैडेट्स के लिए कार्यक्रम को आयोजित किया। प्रशिक्षक रौशन ने सभी कैडेट्स को बुलाकर मंच पर प्रमाण पत्र दिलाया। इसमें कैडेट प्रिंस को प्रथम स्थान, हर्षित को द्वितीय और रौशनी को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप आए वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ आशुतोष द्विवेदी और मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह रहे। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में कुलाधिपति के निजी सचिव योगेश उपाध्याय रहे। संबोधन के दौरान भूपेंद्र ने कहा कि समस्त भीड़ में से एनसीसी के छात्रों के उनके एकता और अनुशासन के आधार पर आसानी से अलग किया जा सकता है। डॉ आशुतोष ने कहा कि छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए यह एक बेहतर विकल्प है। मौके पर एनसीसी समन्वयक वेदांत, मोहित, ईश्वर और राजीव मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ मयंक कुमार राय ने किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन एनसीसी के प्रशिक्षक रौशन सिंह ने किया।

# सड़क किनारे वाहनों को बेतरतीब खड़ा करने से लग रहा जाम, परेशान हो रहे लोग

**निज संवाददाता | तिलौथू (रोहतास)**

नवरात्रि की खरीदारी करने के लिए प्रखंड के क्षेत्र के लोग अपने निजी वाहनों से बाजार में पहुंच रहे हैं। इस दौरान उन्हें वाहनों को खड़ा करने के लिए बाजार में जगह नहीं मिल रही है। सड़कों के किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े किए जा रहे वाहनों से जाम की स्थिति बन जा रही है। ऐसे में पूरा बाजार जाम की चपेट में आ जा रहा है। लोग जाम से परेशान हो रहे हैं। वहीं पुलिस कर्मियों को भी दिन भर लग रहे जाम को नियंत्रित करने में पसीने छूट जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से बाजार में जाम लगना आम बात बन चुकी है। अक्तूबर त्योहारों का महीना है। नवरात्र, दीपावली, दशहरा पर्व के दौरान लोग जमकर खरीदारी करते हैं। इस दौरान प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में वाहनों पर सवार होकर लोग बाजार पहुंचते हैं और फिर पार्किंग के लिए स्थान न मिलने पर सड़कों के किनारे बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा कर देते हैं। पिछले कुछ दिनों से बाजार में ऐसा ही देखने को मिल रहा है। तिलौथू थाना चैक से सरकारी अस्पताल तक वाहनों के खड़े करने की जगह की भारी कमी है वही ऑटो चालक भी मेन रोड को स्टैंड बना दिए है जिससे आए दिन जाम की और अधिक बन जाती है। ऐसे में यदि कोई चार पहिया वाहन बाजार में सड़क किनारे खड़ा कर देता है तो वाहनों की कतार लग जाती है। इंद्रपुरी पंचायत के मुखिया उमेश कुमार, अमरेंद्र कुमार, होम्योपैथी के प्रख्यात चिकित्सक डॉक्टर बैजनाथ सिंह बटोही का कहना है कि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस को बाजार के अंदर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष तौर पर प्रयास करने चाहिए और इसके लिए जवानों की संख्या में भी बढ़ोतरी करनी चाहिए। कहते हैं अंचलाधिकारी-तिलौथू अंचलाधिकारी हर्ष हरि ने कहा कि त्योहार को देखते हुए आम लोगों से अपील की गई है कि अपनी गाड़ी को मेन रोड पर ना लगाए। ऑटो चालक वाले से भी अनुरोध किया गया है अपना ऑटो बाजार के बाहर लागए, ऐसा नहीं करने वाले आटो एवं बाइक चालकों को पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व मगही परिषद् द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मगही चौपाल का 131वां सम्मेलन सम्पन्न

**निज संवाददाता | नवादा**

नवादा विश्व मगही परिषद्, नई दिल्ली के तत्वावधान में रविवार, को अन्तरराष्ट्रीय मगही चौपाल का 131वा सम्मेलन सायंकाल 6 बजे आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'मगही कवि सम्मलेन' था, जो 'मगही रत्न' राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' के जन्मदिन के अवसर पर उनके जीवन और कृतित्व पर केंद्रित रहा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि 'मगही रत्न' श्री राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' थे, जो बिहार के नवादा जिले के प्रतिष्ठित साहित्यकार और पत्रकार हैं। उनका जीवन मगही साहित्य और पत्रकारिता में उनके अमूल्य योगदान के लिए प्रसिद्ध है। कार्यक्रम का संचालन और तकनीकी सहयोग अन्तरराष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन की देखरेख विश्व मगही परिषद् के अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालमणि विक्रांत ने की। श्री राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' के जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए नवादा के साहित्यकार और गीतकार नरेंद्र प्रसाद सिंह ने उनके जीवन और मगही साहित्य में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'श्री रत्नाकर का जन्म 3 अक्टूबर 1942 को हुआ था और उन्होंने मगही साहित्य को एक नई दिशा दी।' सम्मेलन में देश-विदेश से तीन दर्जन से अधिक विश्व मगही परिषद् के कार्यकारिणी सदस्य और मगही प्रेमी उपस्थित थे। यह आयोजन वेबिनार के रूप में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित साहित्यकार, पत्रकार, कवि और समाजसेवी शामिल थे। हिंदी और मगही के वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर डॉ. शिवेंद्र नारायण सिंह ने इस अवसर पर कहा, 'लोकहित, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, निष्पक्षता और सदाचार ही एक साहित्यकार और पत्रकार के आभूषण होते हैं। श्री रत्नाकर ने इन गुणों को अपने जीवन में सार्थक किया है।' इस अवसर पर कई जाने-माने साहित्यकार, कवि और पत्रकारों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उनमें से प्रमुख थेः पत्रकार और समाजसेवी पूजा ऋतुराज, डॉ. स्वेता चंद्र, ललन प्रसाद नलिन, कवि राजकुमार (भागलपुर), पूनम कुमारी (गया), ममता कुमारी (शेखपुरा), निवेदिता सिंह, लक्ष्मी कुमारी, राजीव रंजन (चीन), बैंगलोर कर्नाटका से शिवांगी जी और नालंदा से नवीन जी के साथ साथ अन्य प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। सम्मेलन के अंत में प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने श्री राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' के जीवन और कार्यों की सराहना की और कहा, 'उनका जीवन और योगदान समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने मगही भाषा और साहित्य को समृद्ध किया है, जिससे समाज में जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।' मगही कविता के माध्यम से उनके जीवन प्रकाश डालते हुए कहा की - मगही साहित्य के साधक हथ,राम रतन प्रसाद 'रत्नाकर' नवादा के धरती से निकलन ,साहित्य के सच्चा हितैषी बनलन। प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने श्री राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' जी के जीवन, उनकी साहित्यिक यात्रा, और उनके द्वारा किए गए योगदान हमें यह सिखाते हैं कि किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए समर्पण, निष्ठा, और कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है। 'मगही रत्न' सम्मान से सम्मानित होकर श्री रत्नाकर ने न केवल अपने जिले नवादा का नाम रोशन किया बल्कि मगही भाषा और साहित्य को भी नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। उनके जीवन और कार्यों का अध्ययन और अनुसरण समाज के हर वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। श्री राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' के रूप में हमें एक ऐसे व्यक्तित्व का आदर और सम्मान करने का अवसर मिलता है, जिन्होंने अपने जीवन को समाज, साहित्य, और पत्रकारिता के लिए समर्पित कर दिया। इस भव्य आयोजन में विश्व के कोने-कोने से मगही प्रेमियों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन अत्यंत सफल और ऐतिहासिक बनगया।

## स्वाभिमान प्रोडक्शन द्वारा रिलीज की गयी पहली गज़ल एल्बम 'गज़लें सिद्धेश्वर की'

» योजना के तहत, गज़ल का पहला एल्बम 'गज़लें सिद्धेश्वर की' लॉन्च किया गया है। इस एल्बम में सिद्धेश्वर द्वारा लिखी गई और नरेश कुमार आस्था द्वारा संगीतबद्ध की गई आधा दर्जन आज़ाद गज़लें शामिल




**निज संवाददाता | पटना**

स्वाभिमान प्रोडक्शन ने यूट्यूब के स्वाभिमान चैनल पर गज़ल की दुनिया में तहलका मचाने का फैसला किया है। पटना (बिहार) के चर्चित शायर और चित्रकार सिद्धेश्वर की गज़लों का पहला एल्बम 'गज़लें सिद्धेश्वर की' रिलीज किया गया है। यह ध्यान देने योग्य है कि सिद्धेश्वर की 100 से अधिक आज़ाद गज़लें प्रिंट मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक धूम मचाती रही हैं। सिद्धेश्वर की गज़लों की लोकप्रियता को देखते हुए, स्वाभिमान प्रोडक्शन के निदेशक एवं गायक नरेश कुमार आस्था ने उनकी एक दर्जन से अधिक गज़लों को सोशल मीडिया के यूट्यूब चैनल पर प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने भरपूर समर्थन दिया। गज़लों की इस लोकप्रियता को देखते हुए, उन्होंने स्वाभिमान प्रोडक्शन के माध्यम से गज़लों के वीडियो एल्बम को प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत, गज़ल का पहला एल्बम 'गज़लें सिद्धेश्वर की' लॉन्च किया गया है। इस एल्बम में सिद्धेश्वर द्वारा लिखी गई और नरेश कुमार आस्था द्वारा संगीतबद्ध की गई आधा दर्जन आज़ाद गज़लें शामिल हैं। नरेश कुमार को पूरा विश्वास है कि यूट्यूब चैनल पर ये गज़लें श्रोताओं को अपने नए अंदाज़ से प्रभावित करेंगी और उनके हृदय में रच-बस जाएंगी। इस एल्बम में शामिल गज़लों के बोल हैंः 'बड़ी मुश्किल में है आज अंधेरे में रहने वाला', 'हमसे दूर रहकर कैसा साथ है ये', 'मोहब्बत की आरजू तो है आज भी', 'हम ज़मीन हैं वो आसमान है', 'आंसू को अमृत समझ पीजिए हुजूर', और 'कितना जानते हो दोस्त भगवान के बारे में?'। इन गज़लों को MP3 एल्बम के रूप में प्रस्तुत किया गया है, और इसके बाद इसका वीडियो रूप भी जारी किया जाएगा।

## अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस होगा सहरसा स्टेशन, उपलब्ध होंगी उन्नत यात्री सुविधाएं

**निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)**




भारतीय रेलवे ने अपने स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व को समझते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस दिशा में 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इस पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, सुखद और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे के कुल 97 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य विभिन्न चरणों में किया जा रहा है। इन स्टेशनों में समस्तीपुर मंडल का सहरसा स्टेशन भी शामिल है। सहरसा स्टेशन का पुनर्विकास कार्य लगभग 41 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। पुनर्विकास परियोजना के पूर्ण होने के बाद यात्रियों को स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी, जो उनकी यात्रा को और भी आरामदायक बनाएंगी। सहरसा स्टेशन के नए भवन में आकर्षक फसाड लगाने का प्रावधान है, जिससे स्टेशन की सुंदरता बढ़ेगी। यात्रियों के बीच सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए एक 12 मीटर चौड़ा पैदल ऊपरी पुल (एफओबी) का निर्माण किया जाएगा, जो लिफ्ट और एस्केलेटर से सुसज्जित होगा। सभी श्रेणी के प्रतीक्षालयों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, ताकि यात्रियों को आरामदायक अनुभव हो सके। इसके अलावा, लगभग 4770 स्क्वायर मीटर में एक पार्किंग एरिया का निर्माण किया जाएगा, साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया का भी विकास किया जाएगा। स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान के लिए ऐसे प्रवेश और निकास द्वार बनाए जाएंगे, जो यात्रियों को भीड़-भाड़ से बचाएंगे। दिव्यांग अनुकूल शौचालय के निर्माण के साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे आम यात्रियों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों को भी विशेष लाभ होगा। आने वाले दिनों में, सहरसा स्टेशन को पूरी तरह से हाईटेक लुक दिया जाएगा, और यात्रियों को सभी आधुनिक सुविधाएं मिलना शुरू होंगी। स्टेशन भवन का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा, जिससे यह स्थान और भी आकर्षक और उपयोगी बनेगा।

## शारदीय नवरात्रि में सवैयाटांड़ के माता मंदिर की धूम श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और भव्य मेला आयोजित

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय से लेकर मां दुर्गा के सभी मंदिरों एवं पूजा स्थलों की साफ-सफाई और रंग-रोगन किया जा रहा है। मुख्यालय से सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के बसरौन गांव के समीप घने जंगल में मिट्टी के पिंड में माता का वास है, जहां पिछले 70 वर्षों से हजारों श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर रहे हैं। बताया जाता है कि शुरुआत में गांव के लोगों ने यहां पूजा करनी शुरू की, जिसके बाद आसपास के गांवों के लोग भी अपनी-अपनी मन्नतें पूरी करने के लिए यहां आने लगे। धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होती गई। प्रकृति की गोद में स्थित यह मंदिर शहरी शोर-शराबे से दूर है, और मंदिर जाने पर लोगों को अद्भुत मानसिक शांति का अनुभव होता है। इस मंदिर के भगत बसरौन के नारायण सिंह हैं, जो वर्तमान में मुखिया पद पर अपने पंचायत के लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। मुखिया ने बताया कि माता के मंदिर की महिमा निराली है। यहां पूजा करने आए भक्त कभी भी निराश नहीं होते हैं। सच्ची श्रद्धा के साथ आने वाले भक्तों की झोली हमेशा माता के कृपा से भरी रहती है। मंदिर के चारों ओर घने वन हैं और मंदिर के बगल में एक तालाब है, जहां सूर्य और चंद्रमा की मूर्ति विराजमान है। श्रद्धालुगण तालाब में स्नान कर माता की पूजा करते हैं, जो मिट्टी के पिंड के रूप में यहां विराजित हैं। मुखिया ने बताया कि जिन श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी हुई हैं, उन्होंने मंदिर के निर्माण में काफी सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि मां चलचलानी का यह मंदिर पूरे प्रखंड क्षेत्र में अनोखा है। सवैयाटांड़ पंचायत में माता के इस अनोखे मंदिर में पूजा-अर्चना करने आए बच्चों के मनोरंजन और खाने-पीने के लिए ग्रामीण मेले का आयोजन भी किया जाता है। इस मेले में पूजा हेतु मिठाई, प्रसाद, धूप और अगरबत्ती के साथ ही बच्चों के लिए ठेले और अस्थाई दुकानों पर तरह-तरह के व्यंजन बिकते हैं। मेले में दूर-दराज से आए श्रद्धालु पूजा के बाद बच्चों के साथ झूला आदि पर मनोरंजन करने के बाद घर लौट जाते हैं। माता की पूजा-अर्चना के साथ-साथ घूमने आने वाले लोगों के लिए बसरौन के अलावा सवैयाटांड़ पंचायत क्षेत्र बहुत ही मनमोहक है। यहां लोग घने जंगलों के बीच कई गांवों की सैर कर सकते हैं। इन जंगली रास्तों में मोर भी आपको सड़कों पर पार करते नजर आते हैं, और गर्मी के मौसम में ये राहगीरों को राहत प्रदान करते हैं। कई पर्यटक तो बीच रास्ते में सड़कों के किनारे पड़े बड़े-बड़े चट्टानों पर बैठकर पेड़ की ठंडी हवाओं का आनंद लेते हैं। वहीं, दर्जनों नवयुवक और युवतियां मोबाइल निकालकर विभिन्न प्रकार के रील्स आदि बनाते नजर आते हैं। प्रत्येक वर्ष हजारों लोग रजौली के सिमरकोल से धमनी और धमनी से बुड़ियासाख होते हुए पहाड़ी पर बने जंगली रास्तों का आनंद लेते हुए बाइक से सवैयाटांड़ पहुंचते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### बागबानी विकास समिति के तहत मशरूम उत्पादन को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** जिला बागवानी विकास समिति नवादा के अंतर्गत नारदीगंज प्रखंड में दो दिवसीय मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण दिया गया। सहायक निदेशक उद्यान नवादा के देखरेख में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी विकास वैभव, मास्टर ट्रेनर मनीष कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में प्रखंड के विभिन्न गांव के किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षक ने मशरूम उत्पादन से संबंधित सभी तकनीकी जानकारी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मशरूम उत्पादन करने के लिए किसानों किस-किस बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस बात की जानकारी दी गई। उत्पादन करने के लिए मशरूम की प्रजाति तापमान, जगह का चयन स्थान का चयन, विपणन, पाया जाने वाले खनिज लवण विटामिन प्रोटीन की भी जानकारी दी गई। साथ ही कृषि विभाग उद्यान निदेशालय के द्वारा मशरूम संबंधित योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। यह किसानों के हित में है। इसकी खेती कर किसान स्वालम्बी और आत्मनिर्भर होंगे। यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक समापन की गई।

### सदस्यता अभियान को लेकर सांसद ने किया कौआकोल का दौरा



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे देश व्यापी सदस्यता अभियान को लेकर सोमवार को नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने कौआकोल के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दरम्यान सांसद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक एक व्यक्ति भाजपा का सदस्य बनकर पीएम नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। सांसद ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के अंदर केवल भारतीय जनता पार्टी ही कैडर आधारित पार्टी है। यह पार्टी वर्तमान में पूरे देश में अपना सर्वव्यापी और समावेशी स्वरूप बनाने में सफल रही है। आमजन में भाजपा के लिए स्वतः स्फूर्त भाव से सम्मान है। इस दरम्यान सांसद ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ खड़सारी, सोखोदेवरा तथा सलैया गांव पहुंच कर दर्जनों लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर भाजपा नेता व जिला पार्षद अजीत यादव, भाजपा के प्रखण्ड उपाध्यक्ष ज्योतिष कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अवैध हथियार बनाने बाले दो कारीगर चढ़े पुलिस के हत्थे



**नवादा (नि.सं.)।** बिहार की विशेष स्पेशल टास्क फ़ोर्स टीम ने नवादा पुलिस के सहयोग से संयुक्त ऑपरेशन करते हुए जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खालसा ढ़िवरी गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस ने छापेमारी के क्रम से 3 देशी थरनट, 3 देशी कट्ट तथा काफी संख्या में विभिन्न प्रकार के अर्द्ध निर्मित हथियार के साथ हथियार बनाने की उपकरण बारामद करते हुए अवैध मिनी गन फैक्ट्री के संचालक के साथ उसके एक सहयोगी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में मुफस्सिल थाना में प्राथमिक दर्ज की गई है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ-टू सुनील कुमार ने बताया गया है गिरफ्तार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खालसा ढिबरी गांव निवासी स्व. अर्जुन मिस्त्री का पुत्र कारू मिस्त्री तथा मिल्की ढिबरी गांव निवासी मो नसरूद्दीन मियां का पुत्र मो सहजाद उर्फ गोरू है। उन्होंने बताया कि दोनों साथ मिलकर अपने घर में ही अवैध मिनी गन फैक्ट्री का संचालन कर रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ के द्वारा यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारू मिस्त्री के विरुद्ध मुफस्सिल थाना में पूर्व से आर्म्स एक्ट की प्राथमिकी दर्ज है। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है तथा गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। दोनों आर्म्स का निर्माण किसके लिए किया करते थे यह जानने का प्रयास पुलिस कर रही है।

### पिछले सप्ताह कुल 312 गिरफ्तारियां- एसपी

**नवादा (नि.सं.)।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि विगत सात दिनों के अन्दर (30 सितम्बर 2024 से 06 अक्टूवर 2024 तक) नवादा जिला में पुलिस द्वारा काफी संख्या गिरफ्तारियां की गई हैं, जो निम्नवत हैः- हत्या में 03, लूट में 01, अनुसूचित जाति/जनजाति में 12, हत्या के प्रयास में 23, मद्य निषेध संबंधी पीने के आरोप में 18, अन्य गंभीर आरोप में 46 एवं अन्य गिरफ्तारी 209 कुल 312 गिरफ्तारियां की गई हैं। सात दिनों के अन्दर बरामदगी अन्तर्गत 947 लीटर देशी शराब, 52.145 लीटर विदेशी शराब, वाहन अन्तर्गत ट्रैक्टर 19, बोलेरो 01, मोटरसाईकिल 07, स्कॉर्पियो 01, टेम्पू 01, ट्रैक्टर का डाला 07 एवं ठेला 03, आग्नेयास्त्र में देशी कट्टा 04, देशी बन्दुक 03, जिंदा कारतूस 04 एवं अवैध हथियार बनाने का उपकरण 25 वाहन चेकिंग में फाईन की कुल राशि 07 लाख 79 हजार 500 रू0 बरामद किया गया। अन्य बरामदगी अन्तर्गत- गांजा-1.873 किलो0ग्राम0, मोबाईल-06, तसला-04, चुलाई मषीन-03, गैंस चुल्हा-02, गैस सिलेंडर-01,महुआ-250 किलो0ग्राम0, मोबाईल-02, अपहृत-01, महुआ घोल विनष्ट-360 ली0, भट्ठी विनष्ट-03 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने हेतू लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### दुर्गा पूजा में मौसम डाल सकता है खलल बारिश की संभावना

**नवादा (नि.सं.)।** दुर्गा पूजा में मौसम खलल डाल सकता है। इस वर्ष देर से वापस लौट रहा मानसून अब वापसी के क्रम में सक्रिय हो गया है। सामान्यतः यह सितम्बर को आखिरी सप्ताह में लौट जाता है। इस समय मानसून वापसी के क्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से गुजर रहा है जबकि अगले तीन दिनों तक इसके बिहार से होकर गुजरने का अनुमान। मौसम विभाग के अनुमानों के अनुसार, इस दौरान बिहार में बह रही पूर्वी हवा, अधिक नमी व लौटता मानसून मिलकर अगले तीन दिनों में आंशिक बदरी के बीच हल्की बारिश करा सकता है। हालांकि तापमान में कोई खास परिवर्तन आने की संभावना नहीं बन रही है। ऐसे में सर्द-गर्म मौसम लगातार बना रहेगा। अभी छाए रहेंगे बादल, आंशिक बारिश की बन रही संभावना देर से वापस लौट रहा मानसून चूंकि वापसी के क्रम में फिर से सक्रिय हो गया है ऐसे में अभी अगले दो-तीन दिनों तक बादल छाए रहेंगे।

# मुख्यमंत्री ने नवादा में ग्रामीण विकास के लिए दी पांच करोड़ की सहायता राशि

**निज संवाददाता | नवादा**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों को ऑनलाइन माध्यम से वित्तीय सहायता का हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री ने वन क्लिक बटन दबाकर इस राशि का हस्तांतरण किया, जिसका सीधा प्रसारण डीआरडीए सभागार में किया गया। कार्यक्रम के बाद, नवादा जिले में जिला पदाधिकारी नवादा आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा डीआरडीए सभागार में आयोजित एक समारोह में जीविका दीदियों को कुल 5 करोड़ की राशि का डमी चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही सतत् जीविकोपार्जन योजना (ग्रामीण और शहरी) के अंतर्गत निर्धन परिवारों के व्यवसाय विकास के लिए 03 करोड़ 16 लाख का डमी चेक सौंपा गया। इस राशि का उद्देश्य गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उनकी आय में वृद्धि करना है। वित्तीय समावेशन के अंतर्गत सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) के रूप में 24 करोड़ 70 लाख 50 हजार रूपये का हस्तांतरण किया गया। इसके अतिरिक्त, स्वयं सहायता समूहों को नकद शाख ऋण (सीएलएल) के रूप में 16 करोड़ 54 लाख 50 हजार रूपया का वितरण किया गया, जिससे समूहों को व्यवसायिक विस्तार और आजीविका के नए अवसर प्रदान करने में मदद मिलेगी।

इसके साथ ही लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत लाभुक परिवारों को शौचालय निर्माण के उपरांत प्रोत्साहन राशि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त का भी हस्तांतरण किया गया। पटना में संकल्प, 1 अणे मर्ग में आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार के माननीय उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा उपस्थित थे। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने की। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं अन्य विशिष्ठ अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रम के संबंध में संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिले में लाइव प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। जीविका की जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) मनोज कुमार गिरी ने बताया कि यह वित्तीय सहायता नवादा जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों को प्रोत्साहित करने और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से लाभार्थियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर नवादा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी नवादा आशुतोष कुमार वर्मा, जिला गोपनीय शाखा पदाधिकारी राजीव कुमार, डीआरडीए डायरेक्टर धीरज कुमार, प्रबंधक जीविका मनोज कुमार गिरी, मनरेगा के डीपीओ सहित ग्रामीण विकास विभाग कई वरीय पदाधिकारी, जीविका कर्मी तथा जीविका दीदियां उपस्थित थे।

## डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण




**नवादा (नि.सं.)।** आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी, नवादा ने आज ईवीएम वेयर हाउस का आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरा के व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा से संबंधित, सभी बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने वेयर हाउस की साफ-सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किये जाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को बिजली की व्यवस्था शुव्यवस्थित करने का निर्देश दिये। इस अवसर पर डीएसपी (मु0), उप निर्वाचन पदाधिकारी नवादा, अवर निर्वाचन पदाधिकारी नवादा, के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## प्रखंड कमिटी के सदस्यों की सूची जारी

**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**

नारदीगंज में जनता दल यूनाइटेड पार्टी का प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन कर लिया गया है। जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा ने कहा प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन हुआ है। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के नामों का अनुमोदन के लिए सूची जदयू जिलाध्यक्ष को भेजा गया है। उपाध्यक्ष पद पर देवनंदन मांझी, संजय कुमार, सुरेश राजबंशी, प्रियरंजन सिंह, विजय रावत, महासचिव पद पर दीपक कुमार कुशवाहा, राजेश कुमार, मो0 तनवीर,संतोष राजबंशी, दिलीप चौहान को बनाया गया है।

## नागरिक सुविधा को लेकर डीलक्स शौचालय का हुआ उद्घाटन

**निज संवाददाता | नवादा**

प्रजातंत्र चौक पर स्थित नव निर्मित डीलक्स शौचालय का जिला पदाधिकारी नवादा श्री आशुतोष कुमार वर्मा एवं नगर पार्षद अध्यक्षा श्रीमती पिंकी कुमारी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मेसर्स निर्मल फाउण्डेशन एजेंसी द्वारा निर्मित आधुनिक शौचालय एवं स्नानागार का निर्माण किया गया। जिला पदाधिकारी ने आधुनिक शौचालय का निरीक्षण किया, जिसमें पुरूष एवं महिला का अलग-अलग शौचालय का निर्माण किया गया था। उन्होंने कहा कि नगर परिषद नवादा के नेत्त्व में और उसके सौजन्य से यहॉ पर आधुनिक सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण हुआ है। इस तरह से कई और भी शौचालय का निर्माण कराया जायेगा ताकि नगरवासियों और आगन्तुकों को अधिक से अधिक सुविधा मिल सके। नगर परिषद के सौजन्य से आवश्यक स्थानों पर भी यह सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। जिला पदाधिकारी ने समस्त जिलेवासियों को दुर्गा पूजा की अग्रिम बधाई दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तरों पर जन प्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पर्व मनाने के लिए जिला प्रशासन तत्पर है, जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

# पुलिस ने चोरी के ग्यारह मोटरसाइकिल के साथ दो शराब धंधेबाजों को किया गिरफ्तार

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**




थाना क्षेत्र के मोहकामा गांव से थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने शराब के धंधे में उपयोग किये जाने वाले चोरी के ग्यारह मोटरसाइकिल एवं 200 लीटर महुआ शराब को जब्त किया है। साथ ही दो शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया। शराब धंधेबाज शराब परिवहन में अक्सर चोरी के मोटरसाइकिल का उपयोग कर रहे हैं। वहीं पुलिस भी शराब धंधेबाजों एवं मोटरसाइकिल चोरी करने वाले लोगों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करने में जुटी हुई है। एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बताया कि शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध पुलिस बलों के सहयोग से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते रविवार को थानाध्यक्ष को फरका बुजुर्ग पंचायत के मोहकामा गांव में शराब व्यवसाय करने में उपयोग किये जाने वाले दर्जन चोरी के मोटरसाइकिल की गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम में थानाध्यक्ष के अलावे एसआई दशरथ चौधरी, पीएसआई रौशन कुमार के अलावे सशस्त्र बल मौजूद थे। छापेमारी टीम द्वारा मोहकामा गांव के विभिन्न घरों एवं आसपास के क्षेत्रों से चोरी के कुल नौ मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। वहीं छापेमारी टीम द्वारा कार्रवाई कर लौटने के क्रम में दो मोटरसाइकिलों पर शराब लादकर आ रहे दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया एवं उनके पास से 100-100 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान परमेश्वर बिगहा गांव निवासी वासुदेव राजवंशी के पुत्र नीतीश कुमार एवं राजेन्द्र राजवंशी के पुत्र सुधीर कुमार के रूप में हुई है। एसडीपीओ ने कहा कि जब्त चोरी के मोटरसाइकिल एवं शराब के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज देने की बात कही गई।

## आत्मा और प्राण का उत्सव है नवरात्रा

**निज संवाददाता | नवादा**



नवादा में इस समय शारदीय नवरात्रा का पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्र का अर्थ है 'नया' और 'नौ रातें', जो हमें आराम और शांति देती हैं। इस संदर्भ में पंडित अरविंद मिश्रा का कहना है कि रात को 'रात्रि' कहा जाता है क्योंकि यह जीवन में नई ऊर्जा प्रदान करती है। नवरात्र तीनों स्तरों—स्थूल, सूक्ष्म, और कारण—पर राहत देती है। उपवास शरीर को पवित्र करता है, मौन वाणी को पवित्र करते हुए बेचैन मन को शांत करता है, और ध्यान साधक को अपने अस्तित्व की ओर ले जाता है। नवरात्र के पहले तीन दिन दुर्गा देवी की आराधना के लिए समर्पित होते हैं, जो वीरता और आत्मविश्वास का प्रतीक हैं। इसके बाद के तीन दिन लक्ष्मी देवी के लिए होते हैं, जो धन-धान्य का प्रतीक हैं, और अंत में तीन दिन सरस्वती देवी के लिए हैं, जो ज्ञान का प्रतीक है। असुर, दैत्य और दानव नकारात्मक शक्तियों के प्रतीक हैं, जो कभी भी किसी को भी अपने वश में कर सकते हैं। इस संदर्भ में एक प्रश्न उठता हैः असुर कौन है? मधुराज और कैटभ का अर्थ द्वेष है, जो हमारे व्यवहार को हमारे नियंत्रण से बाहर कर देता है। रक्तबीज का अर्थ है गहराई में समाई हुई नकारात्मकताएँ और वासनाएँ, जबकि महिषासुर जड़ता और भारीपन का प्रतीक है। देवी शक्ति ऊर्जा लेकर आती है और सभी जड़ताओं को उखाड़ फेंकती है। शुंभ का अर्थ है सब पर संदेह करना, जबकि निशुंभ का अर्थ है अपने आस पास सब पर संदेह करना।

## सृजन आर्ट्स के कलाकारों द्वारा जागरण डांडिया का हुआ भव्य आयोजन




**निज संवाददाता | नवादा**

नगर के प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था सृजन आर्ट्स सह शकुन्तला मेंमोरियल के कलाकारों द्वारा मिलन होटल में डांडिया नृत्य और भव्य जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माता रानी के प्रसिद्द गीत तुझे कब से पुकारे तेरा लाल आजा मां शेरोंवाली से हुआ। शिववर्ती ने मैया का सच्चा है दरबार गीत गाकर उपस्थित भक्तजनों को खुब झुमाया। डांडिया नृत्य हाथ जोड़ के खड़ी हूं में बड़ी कलाकारा सारिका गुप्ता और कुमारी रानी ने भक्तों को साथ नाचने पर विवश कर दिया। रिंपू कुमारी ने बहुत ही पुराना और प्रसिद्द गीत जगदंबा घर में दियरा वार ऐयली हे गाकर साथ में सभी भक्तो को गाने पर झुमाया। नृत्य में रिद्धि गुप्ता, सोनाली, कनिष्का, सोनम, सिमरैला, वंशिका, अक्षिता आदि ने शानदार प्रदर्शन किया।

# दुर्गा मंदिर के तर्ज पर बन रहा मां काली का पंडाल

**निज संवाददाता | रजौली**



मुख्यालय स्थित पुरानी बस स्टैंड में मां काली की मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना वर्ष 2007 से धूमधाम से की जा रही है। इसके अलावे बीते कई वर्षों से बजरंगबली चौक, संगत द्वार एवं नीचे बाजार में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित होते आ रही है। संगत के समीप स्थापित मूर्ति में पंडाल में लोगों को चलंत माता का दर्शन कराया जाता आ रहा है। वहीं नीचे बाजार में माता के मंदिर का निर्माण पिछले वर्ष किया जा रहा है। जबकि पुरानी बस स्टैंड में माता काली की पूजा बीते 18 वर्षों से बड़े ही धूमधाम से की जा रही है। पूजा आयोजन मंडल के अध्यक्ष अरुण साव, उपाध्यक्ष रवि चौधरी, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार के अलावे रौशन कुमार, बब्लू पंडित, रंजन वर्मा आदि लोगों ने बताया कि इस बार पश्चिम बंगाल के खड़गपुर शहर के छोटा टेनगरा का सुप्रसिद्ध दुर्गा मंदिर का प्रारूप के तर्ज पर पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल के निर्माण हेतु झारखण्ड के गिरिडीह जिले के सुप्रसिद्ध कारीगरों को बुलाया गया है। साथ ही बताया कि पूजा पंडाल के कारीगर पंडाल बनाकर चले गए हैं। अब पंडाल की खूबसूरती के लिए लाइट कारीगरों की मदद से मनमोहक लगने वाला लाइट लगाया जा रहा है। वहीं मां काली के मिट्टी की मूर्ति निर्माण में मूर्तिकार जयराम पेंटर अपने सहयोगियों के साथ दिन-रात लगे हुए हैं। मूर्तिकार का दावा है कि मिट्टी की मूर्ति एकदम बोलती हुई प्रतीत होगी। मूर्तिकार मां काली को जीवंत रूप देने की तैयारियों में जुटा हुआ है। बताया जाता है कि मां काली की विशेष रूप से तैयार की गई मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी हुई रहेगी क्योंकि मिट्टी से बनी इस मूर्ति का विशेष श्रृंगार किया गया है। पूजा आयोजकों ने बताया कि श्रद्धालुओं के द्वारा नवरात्रि के शुरुआती दिनों से ही विजय दशवीं तक महाप्रसाद का वितरण प्रतिदिन हजारों लोगों के बीच किया जाता है। मां काली की सुंदर मूर्ति निर्माण में समाजसेवी प्रमोद सिंह की भूमिका अहम होती है। वहीं पुजारी घनश्याम पाण्डेय ने बताया कि शारदीय नवरात्र की बुधवार को सप्तमी है। सप्तमी मां चंडिका को समर्पित है। भगवती काली का आशीर्वाद सभी को चाहिए। भगवती कहती हैं कि मैं ही पूरी सृष्टि को संचालित करती हूं। मेरे से पृथक कोई नहीं है। महिषासुर मर्दिनी, चंड-मुंड विनाशिनी और शुम्भ-निशुंभ का संहार करने वाली सप्तमी अधिष्टात्री मां काली सभी प्राणियों में अभय, जीवन और मोक्ष प्रदान करती है।

## शराबबंदी की धज्जियां उड़ा रहे माफिया, प्रशासन का कोई असर नहीं

**निज संवाददाता | (नवादा)**




जिले के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र स्थित बैजनाथपुर गुमटी पर शराब की बिक्री नहीं थम रही है। शराबबंदी क़ानून के बाबजूद पुलिस प्रशासन का भय शराब कारोबारियों को नहीं है अवैध रूप से शराब का भंडारण एवं बिक्री हो रही है। पुलिस शराब कारोबारियों को समाप्त करने के लिए दिन रात लगी हुई है। परन्तु शराब कारोबारियों पर अंकुश लगाने का प्रशासन का यह प्रयास विफल होता नजर आ रहा है। प्रशासन ना तो शराब की बिक्री पर रोक लगा पाई है और ना हीं शराब कारोबारियों पर। रोजाना नए-नए शराब माफिया पैदा होते जा रहे है। थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर गुमटी पर दिन के उजाले में तथा रात के अंधेरे में लग्जरी कारों से शराब लाया जाता है। इसके बाद सभी माफिया बैजनाथपुर गुमटी पर से शराब को आपस में बाट कर आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह अवैध शराब को पहुंचाते हैं। स्थानीय थाना व पुलिस विभाग की तरफ से किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नजर नहीं आ रही है। क्या पुलिस प्रशासन शराब माफियाओं से मिली हुई है या फिर उनको जानकारी हीं नहीं है की बैजनाथपुर गुमटी पर लग्जरी कारों से बोरा का बोरा शराब दिन में व रात में लाकर शराब का कारोबार किया जा रहा है। या फिर किसी सफेदपोश नेताओं के दबाव के आगे शराब कारोबारियों को खुली छूट दे रखी है। या फिर अवकारी और पुलिस की सांठगांठ से इस अवैध कारोबार को खुला संरक्षण प्राप्त है। और गली, मोहल्ले, महादलित टोलों में खुले आम शराब बेचने का सिलसिला लगातार जारी है। सरकार के नियमों का नही हो रहा पालन! अवैध शराब बिक्री को लेकर सरकार ने तरह-तरह के नियम व मापदंड सुनिचित कर रखे हैं। लेकिन पुलिस शराबबंदी क़ानून के आड़ में नियमों को ताख पर रखकर शराब कारोबारियों से मिलकर धं उगाही में लगी हुई है। पुलिस नियमों का पालन नही कर रही है, जिसका फायदा शराब माफिया जमकर उठा रहे है। जितनी मात्रा में शराब की खरीदारी होनी है, उतना एक दिन में बार-बार लग्जरी कारों से लाकर सभी धंधेबाजों के पास शराब पहुंचा दिया जाता है। आखिर इतनी भारी मात्रा में शराब की खेप बिना पुलिस के सहयोग से कैसे पहुंच रही है यह बड़ा सवाल है। चाहे हम देशी शराब की बात कहे या इंग्लिश शराब की, दोनों शराब का अवैध बिक्री रोजाना हो रहा है। अवैध शराब बेचने वाले शराब माफिया मुनाफा के चक्कर में शराब कारोबारी से ज्यादा मात्रा में शराब खरीद कर दुगुने कीमत में बेचते है। हालांकि शराब से सबंधित खबरों का प्रकाशन होने पर सीतामढ़ी थानाध्यक्ष द्वारा धमकी भी मिलती है और संगीन मामलों में फसाएं जाने की बात भी होती है। पत्रकारों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की धमकी दी जाती है। कुछ दिनों पूर्व बालु माफिया एवं अवैध शराब धंधेबाजो के कारगुजारियों को प्रकाशित किया गया था। उस खबर में ग्रामीणों द्वारा प्रशासन की मिलीभगत होने का ब्यान दिया गया था। इसी खबर से नाराज थानाध्यक्ष रश्मी कुमारी ने पत्रकार को झूठे मुकदमे में फंसाने का धमकी दे डाली। जबकी यह बातें जगजाहिर है कि रश्मी कुमारी के आने के बाद से सीतामढ़ी थाना क्षेत्र में बालु माफिया एवं अवैध शराब धंधेबाजो का धंधाफल-फूल रहा है।

## भक्ति रसमंजरी गानों पर नाची युवती-महिलाएं



**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

प्रखंड क्षेत्र के नीचे बाजार स्थित माहुरी मंडल की महिलाओं ने बीती रात्रि आयोजित डांडिया में जमकर डांस की। बजार के अंदर उमा सेठ भवन में माहुरी मंडल की ओर से रविवार की रात्रि नवरात्रि व दुर्गा पूजा को लेकर डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। डांडिया नाइट महोत्सव में हिन्दी, भोजपुरी फिल्म, भक्ति गानों, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर महिलाओं ने जमकर डांस किया। डांडिया महोत्सव की शुरुआत में देवी दुर्गा आराधना और आरती का नृत्य प्रस्तुत हुआ, जो आकर्षण का केंद्र था। कार्यक्रम का शुभारंभ माहुरी समाज अध्यक्ष चंदन कुमार,अनीता भदानी प्रीति भदानी श्वेता भदानी कुंती रानी ने किया। डांडिया महोत्सव में रजौली के माहुरी समाज की युवतियों-महिलाओं ने डांडिया के पारंपरिक पोशाक में सजधज कर हिस्सा लिया। इस दौरान एक से बढ़कर एक डांडिया डांस प्रस्तुत कर समां बांध दिया सामाजिक कार्यकर्ता चंदन कुमार ने बताया कि कार्यक्रम से महिलाओं में हौसला और उत्साह मिलता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### होटल पार्क-इन और हवेली रेस्टोरेंट एंड स्वीट्स में खास ऑफर

**आरा।** दशहरा और दीपावली के उपलक्ष्य में लोगों के लिए सपना सिनेमा-बाईपास मोड़ पर होटल पार्क-इन और हवेली रेस्टोरेंट एंड स्वीट्स (यूनिट ऑफ अरण्य विहार) कई विशेष सुविधाएं और ऑफर दे रहा है। यूनिट हेड जब प्रकाश चौधरी ने बताया कि इन प्रतिष्ठानों में ठहरने, खाने-पीने, पार्टी, विवाह समारोह के लिए उत्तम सुविधा के है। यहां हर प्रकार के मिष्ठान और नमकीन व्यंजन उपलब्ध रहता है। विशेष उत्सवों के समय पर विशेष ऑफर भी दिया जाता है।

### इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने प्रतियोगिता में परचम लहराया

**आरा।** इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने राज्यस्तरीय स्पोर्ट्स इवेंट तरंग 24 में जीत का परचम लहराया। राजकीय अभियंत्रण कॉलेज वैशाली के द्वारा राज्यस्तरीय स्पोर्ट्स इवेंट्स तरंग 24 चेस प्रतियोगिता आयोजित था। यह प्रतियोगिता 4- 6 अक्टूबर तक किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैशाली जिला के डीएम यशपाल मीना द्वारा छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें कॉलेज विजेता बना। इसके साथ ही कैरम प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर कॉलेज का नाम रौशन किया है। संस्थान के मीडिया प्रभारी प्रो अमृतांशु रौशन ने बताया कॉलेज में इस जीत के कारण जश्न का माहौल है। कॉलेज के स्पोर्ट्स क्लब के नोडल पदाधिकारी प्रो देवनाथ कुमार, सहयोगी प्रो विक्रांत गौतम, प्रो कुलदीप कुमार द्विवेदी, प्रो आकांक्षा जायसवाल ने विजेता टीम के कप्तान हिमांशु कुमार (सिविल इंजीनियरिंग, तृतीय वर्ष) व अन्य सहयोगी खिलाड़ी को साधुवाद दिया। खिलाड़ी निरंजन कुमार, प्रसून आर्या, प्रियांशु राज, हंसराज चेस में थे। कैरम के उपविजेता टीम के कप्तान अभिषेक कुमार, विशाल, सुजीत कौशल, अजीत कुमार को प्रोत्साहित किया।संस्थान के प्राचार्य डॉ सीबी महतो ने भी छात्रों को मिली जीत के लिए बधाई दिया है। सहयोगियों ने कहा उनके कुशल नेतृत्व के कारण इतनी कम समय में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज भोजपुर के छात्रों ने यह करिश्माई कारनामा करके दिखाया है।

### रामलीला : अहिल्या उद्धार और राम-सीता का बगिया में मिलन

**आरा।** दैनिक भास्कर आपके द्वार कार्यक्रम के तहत काकन डीहरा गांव में डोर टू डोर बुकिंग किया गया। भोजपुर के बिजनेस पार्टनर अमरेन्द्र चौबे, टीएल उपेन्द्र कुमार एसएमटी आशिस तिवारी की उपस्थिति में डॉ मो सईदुल हक, गुलशन खातून, मो अनवारुल हक, मो युसुफ हुसैन, जैनब जुनैरा अभी कुमार सहित कई लोगों का 2024- 2025 की वार्षिक बुकिंग किया गया। कहा कि इस अखबार में देश-विदेश सहित भोजपुर जिले के संपूर्ण खबर अलग से पढ़ने के लिये चार पेज मिल जाता है। जो अन्य किसी अखबार में नही मिलता है। समय-समय पर ये अखबार अपने पाठकों को जो उपहार देता है। रामलीला के चौथे दिन, अहिल्या उद्धार और राम-सीता का बगिया में मिलन का मंचन किया गया। इस अवसर पर, विश्वामित्र ने श्री राम से अहिल्या उद्धार करने के लिए कहा, जिसके बाद श्री राम के चरण स्पर्श से अहिल्या श्राप मुक्त हो गई। इसके बाद, राम-सीता का बगिया में मिलन का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें माता-पिता से उनकी मुलाकात होती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश्वर पासवान, पूर्व रामलीला अध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन जी, राजेश साहू, विकास सिंह, कुंवर उपेंद्र सिंह, अरविंद ओझा, मालती देवी वार्ड पार्षद, आलोक अंजन, राज गौरव टाइगर, गौतम कुमार उर्फ राजा, सामाजिक कार्यकर्ता विजय भारती उपस्थित थे। अध्यक्ष सोनू राय ने कहा कि उन्हें शहर वासियों का बहुत-बहुत अभिनंदन और आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इस रामलीला के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए और प्रभु श्री राम के इस लीला का दायित्व मुझे मिला है। चंदवा मोड़ स्थित डांस इज लाइफ आर्ट एंड स्टडी सेंटर के तत्वाधान में दिल से डांडिया का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन महापौर इंदु देवी, सीपी जैन, संस्था की संरक्षिका शशिकला दीक्षित एवं मधुलिका सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर साथ ही साथ नव कुंवारी कन्याओं का पूजन कर किया। संस्था के निदेशक आशुतोष दीक्षित ने अपने अभिभाषण से उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन आद्रिका कौशल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शुभिका, अंजलि एवं वामिका कौशल ने किया।तत्पश्चात बच्चों ने महाशक्ति दुर्गा, गरबा, डांडिया कर मन मोह लिया । उपस्थित अतिथियों ने हे राम रे सबसे बड़ा तेरा नाम..., सची रे मारी सच रे भवानी, रमती आवे माड़ी, अम्बा रे आओ.. जगदंबा रे आओ आदि गीत पर बच्चों के साथ मिलकर डांडिया एवं गरबा खेला। इस उपलक्ष्य पर अभिषेक, साहिल, गोलू, अदिति एवं सभी बच्चों के साथ उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### उद्यमियों ने सदर विधायक से बताया अपना दर्द

**बक्सर।** सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने रविवार को औद्योगिक क्षेत्र पहुंचकर उद्यमियों से मुलाकात की। उद्यमियों ने कहा कि गलत नीतियों के कारण उद्योगों का हाल बुरा है। ऐसे में विधायक को इस पर पहल करते हुए सरकार के समक्ष उनकी बातों को रखना चाहिए। विधायक ने भी उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना तुरंत ही उद्योग मंत्री से मोबाइल फोन से बात की और उनसे मिलने का समय लिया। विधायक ने कहा कि वह दुर्गा पूजा के बाद उद्योग मंत्री से मुलाकात कर उद्यमियों की बात उनके समक्ष रखेंगे। इसके पूर्व मुलाकात के दौरान उद्यमी संघ के जिलाध्यक्ष बृज किशोर सिंह ने विधायक को बताया कि उद्यमियों ने अपने युवावस्था में बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकरण की नीतियों से प्रभावित होकर 99 वर्षों के लीज पर भूखंड आवंटित कराया था। इस भूखंड पर अपनी जमीन इत्यादि बेचकर तथा अन्य स्त्रोतों से लाखों रुपये लगाकर उद्योग स्थापित किया और सारा जीवन इसी में लगा दिया, लेकिन आज बियाडा की गलत नीतियों के कारण उद्योग बंद हो रहे हैं। आज कोई बैंक इस भूखंड पर ऋण दे रहा है दूसरी तरफ मनमाने ढंग से भूमि आवंटन को रद्द किया जा रहा है। ऐसे में जहां सरकार जिले में नई औद्योगिक इकाई स्थापित कर रही है वहीं दूसरी तरफ पुराने उद्योगों को बंद करने की ओर अग्रसर है। उद्यमियों ने किसान क्रेडिट कार्ड की तरह उद्यमी क्रेडिट कार्ड निर्गत करने ऋण देने, कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने, उद्योग केंद्र को उद्योगों के निगरानी का अधिकार सौंपने तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्योग के अंतर्गत सूचीबद्ध उत्पादों एवं सेवाओं का कार्य करने की भी स्वतंत्रता देने जैसी मांग बियाडा के समक्ष रखी है। सदर विधायक ने सभी उद्यमियों की बातों से सहमति जताते हुए कहा कि उद्योग मंत्री जहां जिले में नए उद्योग स्थापित करने की बात कह रहे हैं वही पुराने उद्योगों की बदहाली पर उनका ध्यान नहीं है। बैंक उद्यमियों को ऋण नहीं दे रहा, जबकि पुराने उद्योगों का लीज जबरन रद्द किया जा रहा है। ऐसे में उद्यमी अगर आक्रोशित होंगे तो सरकार को संकट झेलना पड़ सकता है।

### रावण की बहन शूर्पणखा ने रखा शादी का प्रस्ताव, तो लक्ष्मण ने काटी नाक

**बक्सर।** श्री रामलीला समिति की ओर से आयोजित 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के बारहवें दिन रामलीला में शूर्पणखा नासिका भंग और रासलीला में भक्त गोपाल चरित्र प्रसंग का दिव्य मंचन वृंदावन के कलाकारों ने किया। रामलीला में दिखाया गया कि प्रभु श्री राम, सीता जी का सुंदर श्रृंगार करते हैं। उसी वक्त जयंत की पत्नी वहां पहुंचती है और भगवान श्री राम का दर्शन कर उनके चरणों की भक्ति मांगती है। इससे वह स्वर्ग पहुंचती है। वहां जयंत ने अपनी पत्नी से पूछा की तुम कहां गई थी। वह सारा वृतांत बताती है। जयंत कौवे का वेश बनाकर भगवान की परीक्षा लेने आते हैं और सीता जी के पैर में चोट मारते हैं। श्री राम जयंत के लिए अग्निबाण छोड़ देते हैं, जिससे बचने के लिए वह अपने पिता इंद्र के अलावे भागते हुए भोलेनाथ और ब्रह्मा जी के पास जाता है। परंतु उसकी रक्षा कोई नहीं करता। अंत में जयंत श्री राम की शरण में आता है, जहां भगवान उस पर कृपा करते हुए उसकी एक आंख फोड़ देते हैं।

# DM-एसपी की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक

निज संवाददाता। बक्सर



❒ बक्सर में भीड़ की संभावना को देखते हुए दिए गए दिशा-निर्देश, जल्द जारी होगा ट्रैफिक रूट प्लान

बक्सर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाके में शारदीय नवरात्रि को लेकर जिलाधिकारी समेत तमाम अधिकारियों की जिला नियोजनालय सह परामर्श केंद्र परिसर में संयुक्त रूप से ब्रीफिंग की गई। इस दौरान मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, और पदाधिकारी को कई मामलों पर नजर रखने और उसकी विधि व्यवस्था को लेकर आदेश दिया गया। दुर्गा पूजा में सप्तमी से जिले के बड़े पंडालों में उमड़ने वाली भीड़ की संभावना को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर पंडालों की सुरक्षा और मेले में हुड़दंग करने वालों पर नजर बनाये रखने का आदेश दिया गया है। भीड़ वाले जगहों पर पुलिस प्रशासन सादे लिबास में मौजूद रहेंगे।

**पूरी सजगता से अलर्ट मोड पर ड्यूटी करने का आदेशः** इसको लेकर जानकारी देते हुए डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि आज संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन किया गया है। आगामी सप्तमी, अष्टमी और नवमी के अवसर पर पंडाल में अत्यधिक भीड़ होने की जो संभावना है। जिसको लेकर सभी लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कहा गया है कि पूरी सजगता से पूरी अलर्ट मोड पर अपनी-अपनी ड्यूटी को करेंगे। लगातार कई सालों तक जिला प्रशासन एक टीम की तहत कार्य करता है। उसी प्रकार से इस बार भी दुर्गा पूजा और दशहरा को शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने का प्रयास किया जाएगा।

**ट्रैफिक प्रबंधन में डेवलपमेंट का कामः** बक्सर एसपी शुभम आर्य ने कहा कि दुर्गा पूजा दशहरा और मूर्ति विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन एक जुटता की तहत कार्य कर रहा है। एक संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन किया गया था जिसमें सभी पदाधिकारी,मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिए गए। सबसे पहले निर्देश था कि पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था कैसे रखनी है। पंडाल भारी पैमाने बनाये जा रहे हैं, जहां काफी संख्या में भीड़ जुटेगी। जिसको लेकर ट्रैफिक व्यवस्था और भगदड़ ना हो इस तरह की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए बहुत ही बारीकी से एक निर्देश सभी को दिए गए हैं। इसके अलावा जो हमारे अन्य निर्देश होंगे और ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर होंगे। ट्रैफिक प्लान को हम लोगडेवलप कर रहे हैं।

# बेलगाम कंटेनर ने पांच को रौंदा, दो की मौत

## आरा में दुकान पर चाय पीते वक्त हुआ हादसा

निज संवाददाता। आरा



♦ तीन जख्मी, मृतक महिला की नहीं हो सकी पहचान

आरा में बेलगमा कंटेनर ने सोमवार को पांच लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में महिला समेत दो की मौत हो गई। जबकि तीन लोग जख्मी हैं। घटना आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर बाजार स्थित मिठाई दुकान के पास हुई। लोग सड़क किनारे चाय दुकान पर बैठे थे और इसी दौरान यह हादसा हुआ। मृतकों में गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर वार्ड नंबर 13 निवासी काशी सोनार के 55 वर्षीया पुत्र रमेश सोनार और एक अज्ञात बुजुर्ग महिला शामिल है। रमेश मजदूरी करता था। वहीं, घायलों में सुदामा, गोपाल और चुन्नू को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद ड्राइवर कंटेनर छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और कंटेनर को जब्त कर लिया। इधर, मृतक रमेश सोनार के दुकान मालिक ने बताया कि वह उनकी दुकान पर ही मजदूर करता था। सभी लोग सड़क किनारे बैठकर चाय पी रहे थे। तभी पटना की ओर से आ रहे बेलगाम कंटेनर ने सभी को रौंद दिया। मृतक रमेश सोनार अपने दो भाई व तीन बहन में दूसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी गीता देवी व तीन पुत्र विक्की सोनी,आकाश सोनी,सुदामा सोनी एवं पुत्री गुड़िया देवी है। घटना के बाद में तक के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद में तक की पत्नी गीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस वाहन और ऑटो के बीच टक्कर, 9 जख्मी

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले में NH 120 पर टेढ़की पुल के समीप रविवार की शाम पुलिस वाहन और महिला श्रद्धालुओं से भरी ऑटो की सीधी टक्कर में पुलिस जीप चालक समेत कुल 9 लोग जख्मी हो गए। जिसमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मियों की डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। प्रथिमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। जहां जख्मियों का इलाज जारी है। मामले को लेकर लोगों ने बताया कि ऑटो सवार महिलाएं नावानगर के अतिमी मोड़ के पास स्थित शीतला धाम देवी मंदिर से दर्शन-पूजन कर लौट रही थी। सड़क पर दोनों वाहनों की स्पीड तेज थी।

**वाहनों में हुई टक्कर में 9 लोग जख्मीः** मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार मुरार थाना वाहन में कुछ तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसे मरम्मत कराकर चालक वापस लौट रहा था। वह जैसे ही टेढ़की पुल से आगे बढ़ा कि विपरीत दिशा से आ रही यात्रियों से लदी टेम्पों से उसकी टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। घायलों का इलाज करने वाले डॉ. अजय कुमार ने बताया कि सभी जख्मी खतरे से बाहर है। एक महिला को रेफर किया गया है, अन्य सभी को सामान्य चोट आई है।

**घायलों को पहुंचाया गया अस्पतालः** जख्मियों में भोजपुर जिले के गुड़ी सरैया निवासी बबीता देवी, सुपरनगंज निवासी बेदामो कुंवर, बड़हरा आरा की अनिता देवी, बिहिया थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव की निवासी लीलावती देवी, सिमरी थाना क्षेत्र के निमौआ गांव निवासी पूनम देवी, बड़का गांव मानसिंह पट्टी गांव की कांति देवी के अलावा टेम्पो चालक वासुदेवा थाना क्षेत्र के आथर गांव निवासी मो. साहब शामिल है। इस संबंध में डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस टीम भेज घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

# बुर्ज अल अरब टावर के तर्ज पर पंडाल का निर्माण

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी चल रही है। कलश स्थापना के साथ ही नौ दिवसीय दुर्गा पूजा प्रारंभ हो गई है। पूजा में पंडाल को आकर्षक बनाने के लिए स्थानीय और बंगाल से आए हुए कलाकार दिन रात मेहनत करके अलग-अलग थीम पर मूर्तिया और पंडाल का रूप तैयार कर रहे हैं। जिला मुख्यालय में कुल 34 जगहों पर पूजा समितियों द्वारा पंडाल तैयार किया जा रहा है। कलाकार पंडाल के साथ मूर्तियों को अब अंतिम रूप देने के प्रयास में जुट गए हैं। इसी बीच जिले में एक अनोखे पंडाल को विज्ञान और प्रकृति के तर्ज पर दृश्य देने की तैयार चल रही है। इसी बीच नया बजार सब्जी मंडी में अनोखे अंदाज में पंडाल बनाया जा रहा है।

**अलग-अलग थीम पर बन रहा पंडालः** बक्सर में इस साल बन रहे पांच पंडालों को लेकर मिली जानकारी में बताया गया है कि कहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते पंडाल, तो कहीं आई एन एस विक्रांत पोत की थीम पर, तो कहीं अरब देश स्थिति बुर्ज अल अरब टावर के होटल के थीम पर बने पंडालों से मां भक्तों को दर्शन देंगी। शहर के नया बाजार सब्जी मंडी में श्री बाल नवदुर्गा पूजा समिति की ओर से हर साल की भांति इस साल भी अनोखा विज्ञान और प्रकृति के तर्ज पर पंडाल की दृश्य देने की तैयार चल रही है। जिसमें मुख्य पंडाल 30 फीट का होगा। जिसे ढ़ाई लाख रुपए की लागत से तैयार किया जायेगा। यहां आने वाले दर्शकों को सबसे आगे 30 फीट ऊंची भव्य शिवलिंग उसके बाद महाबली हनुमान मौजूद होंगे। शिवलिंग के नीचे से दर्शकों का प्रवेश और निकास होगा। आगे बढ़ने पर अयोध्या के मंदिर में बनें बाल रूप में भगवान श्री राम के दर्शन होंगे। बता दें कि पिछले साल यहां चांद पर उतरते चंद्रयान लैंडर बनाया गया था। जो इस साल दिखेगा। वहीं, आगे प्रदर्शित श्मशान और आदियोगी का स्वरूप दिखेगा, जहां भगवान शंकर और माता पार्वती विराजमान रहेंगे।

**दुबई के बुर्ज अल अरब टावर होटल की तरह दुर्गा पंडालः** शहर के नया बाजार वार्ड संख्या 3 स्थित बाल युवा क्लब दुर्गा पूजा समिति की ओर से दुबई के बुर्ज अल अरब टावर की तरह पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पंडाल के अंदर यमुना नदी का दृश्य दिखेगा। जिसमें मां भगवती शेषनाग पर विराजेंगी। कृष्ण लीला के समय कृष्ण द्वार कालिया नाग के फन पर नृत्य करते नजर आएंगे। इस बार की सभी प्रतिमा का निचले हिस्से को नाग के शरीर जैसा बनाया गया है। जो लोगो को खूब आकर्षित करेगा। जिसे बनाने वाले बंगाल के मूर्तिकार अभिजीत पाल है।

# लापता युवक की मिली लाश, घर से काम पर जाने के लिए निकला था, करंट से मौत की जताई जा रही आशंका

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र मैं क्षेत्र रामसाढ़ गांव में घर से निकले लापता युवक का शव बरामद हुआ है। उसका शव संदेश थाना क्षेत्र के भटौली गांव स्थित पोखरा बांध के पास से रविवार को बरामद किया गया है। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के रामसाढ़ गांव निवासी मनोज कुमार का 21 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार है और वह पेशे से मजदूर था। मृतक के पिता मनोज कुमार ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह काम पर जाने के लिए घर से निकला था। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की थी, लेकिन वह नहीं मिल पाया था। जिसके बाद परिजन उसकी लगातार खोजबीन कर रहे थे। रविवार को जब उसके पिता बाजार से गांव लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में डायल 112 नंबर पुलिस वाहन की गाड़ी मिली तो उन्होंने उनसे पूछा कि कोई लड़का मिला है। उन्होंने कहा कि भटौली गांव स्थित पोखरा बांध के पास शव मिला है। जिसके बाद वह उन लोगों के साथ भटौली गांव स्थित पोखरा बांध के पास पहुंचे और शव को देख पहचान की।

**पोस्टमॉर्टम के लिए शव को पटना भेजाः** सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए आरा अस्पताल भेज दिया। शव अधिक गल जाने के कारण ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए आरा सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया। पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार करंट से मौत की आशंका जताई गई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

# श्रीकृष्ण ने बेटे का अंग मांगा, आरा से काटने चले राजा, माता ने बचाया, मान्यता- एक प्रतिमा खुद प्रकट हुई

निज संवाददाता। आरा






नवरात्रि का आज यानि सोमवार को पांचवां दिन है। बिहार के देवी मंदिरों के दर्शन की सीरीज में आज आपको दर्शन करवाते हैं आरण्य देवी के। राजधानी पटना से 55 किमी दूर आरा के आरण्य देवी मंदिर की मान्यता एक साथ शक्तिपीठ और सिद्धपीठ के तौर पर है। मान्यता है कि यहां माता सती की बाईं जांघ का ऊपरी हिस्सा गिरा था। मंदिर में काले पत्थर की महालक्ष्मी की प्रतिमा है, जो खुद से प्रकट हुई हैं। महालक्ष्मी की प्रतिमा के साथ ही महासरस्वती की बड़ी प्रतिमा भी स्थापित की गई है। कहा यह भी जाता है कि माता ने राजा युधिष्ठिर को स्वप्न में कहा था कि यहां मेरी बहन की भी स्थापना करो। इसके बाद महाभारत काल में राजा युधिष्ठिर ने दूसरी मूर्ति की स्थापना की। आरण्य देवी मंदिर की मान्यता भगवान राम और कृष्ण से भी जुड़ी है। इन्हीं के नाम पर शहर को आरा कहा जाता है। आरण्य देवी मंदिर में आम दिनों में तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते ही हैं, नवरात्र में भी भारी भीड़ होती है।

**सबसे पहले जानिए, पुराणों में क्यों है आरा शहर का नामः** तंत्र चूड़ामणि पुस्तक के अनुसार आरा को शोध संगम क्षेत्र के नाम से जाना जाता था। शोध संगम स्थान का नाम त्रिपुर रहस्य और मत्स्य पुराण में भी मां के 108 शक्तिपीठों के तौर पर है। शोध संगम स्थान वहां था, जहां गंगा और सोन का संगम है। किनारे पर आरण्य वन है। आज भी भोजपुर में आरा शहर से 10 किलोमीटर पूरब कोईलवर प्रखंड के बिन्दगांवा के पास गंगा और सोन का संगम होता है। सबसे प्रमुख मान्यता भगवान शंकर के तांडव के बाद माता सती की बाईं जांघ के ऊपरी हिस्से के गिरना का है। यह भी मान्यता है कि जब ताड़का वध के बाद भगवान राम अपने गुरु विश्वामित्र और छोटे भाई लक्ष्मण के साथ सीता स्वयंवर में भाग लेने मिथिला जा रहे थे, तब आरा से गुजरते वक्त इस मंदिर में पूजा की थी। कहा जाता है कि 13 साल के वनवास के दौरान पांडवों ने यहां देवी की पूजा की थी। जब पांडव यहां रात्रि विश्राम कर रहे थे तब धर्मराज युधिष्ठिर को माता ने सपने के माध्यम से बताया कि हमारी एक बहन की यहां पर स्थापना करो। भगवान श्री कृष्ण अर्जुन के साथ इस क्षेत्र के राजा मोरध्वज की भक्ति की परीक्षा लेने यहां आए थे। उन्होंने अपने सिंह के भोजन के लिए राजा के बेटे के शरीर के दाहिने हिस्से की मांग थी। राजा और रानी ने बिना देर किए अपने बेटे को आरा (लकड़ी काटने का औजार) से काटना चाहा। उसी समय देवी ने प्रकट होकर उन्हें रोका और वरदान दिया। इस वजह से भी इलाके को आरा के तौर पर जाना जाता है।

**युधिष्ठिर ने की थी महासरस्वती की स्थापनाः** मंदिर के महंत मनोज बाबा बताते हैं कि यहां मां की दो प्रतिमाएं हैं। छोटी प्रतिमा मां शक्ति का स्वरुप मानी जाती है, जो सती वध के बाद खुद से उत्पन्न हुई। द्वापर में जब पांडव यहां अज्ञातवास के लिए आए तो रात में ठहरे थे। यहीं धर्मराज युधिष्ठिर को माता ने स्वप्न में कहा कि मेरी बहन की भी स्थापना की जाए। दूसरी बड़ी मूर्ति उन्हीं के द्वारा स्थापित महासरस्वती की है।

**अब मंदिर के बारे में कुछ बातेंः** मंदिर कैंपस में हनुमान, शंकर की मूर्ति के साथ राम दरबार भी स्थापित हैं। इस मंदिर को किला की देवी के नाम से भी जानते हैं। मंदिर में लोग अपनी मन्नत पूरी होने तक घी के बड़े-बड़े दीए जलाते हैं। मन्नत पूरी होने के बाद माता का श्रृंगार भी करवाते हैं। वैसे तो साल भर इस मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन नवरात्रि के समय देश भर से भारी संख्या में भक्त दर्शन को आते हैं।

**108 फीट ऊंचा, 5 मंजिला बन रहा है नया भवनः** इस भव्य मंदिर का जीर्णोद्धार मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। इसमें 8 से 10 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। नया मंदिर 108 फीट ऊंचा और 5 मंजिला बनेगा जिसमें लिफ्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी।

**देसी-विदेशी फूलों से होगा श्रृंगार और सजावटः** ट्रस्ट के मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि 'इस साल नवरात्र में षष्ठी की रात देश-विदेश के फूलों से माता की सजावट एवं श्रृंगार किया जाएगा। 8 से 10 किस्म के फूलों से बनी खुशबूदार माला पहनाई जाएगी। इन्हें कोलकाता से आए कारीगर बनाएंगे। मंदिर परिसर में फिलहाल बैरिकेडिंग की जा रही है। सप्तमी के दिन दर्शन के लिए आनेवाले भक्त भैरो बाबा की गली से प्रवेश करेंगे। दर्शन के बाद वो मुख्य द्वार से बाहर निकलेंगे।'

**नवरात्रि का आज पांचवां दिन, स्कंदमाता की होती है पूजाः** नवरात्रि के 5वें दिन स्कंदमाता की पूजा की जाती है। मां दुर्गा का पांचवां रूप स्कंदमाता कहलाता है। प्रेम और ममता की मूर्ति स्कंदमाता की पूजा करने से संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होता है। मां आपने बच्चों को दीर्घायु की कामना करती हैं। मुंगेर के चंडिका शक्तिपीठ की कहानी अनंत काल से जुड़ी है। मान्यता है कि माता सती की बाईं आंख इसी जगह गिरी थी। इसलिए मंदिर में माता की आंख की पूजा होती है। मंदिर के प्रधान पुजारी नंदन बाबा और पवन बाबा बताते हैं कि 'यहां के काजल, पानी और फूल का बड़ा महत्व है। काजल से आंख की रोशनी बढ़ती है। पानी शरीर में लगाने से चेचक जैसी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। साथ ही मंदिर में चढ़ने वाले अड़हुल के फूल से निसंतान दंपतियों को संतान प्राप्ति होती है।' महाभारत काल से भी इस शक्तिपीठ की कहानी जुड़ी है। पूरी खबर पढ़ें बेतिया के पटजिरवा सिद्धपीठ का महत्व गुवाहाटी के कामाख्या और बिहार के बड़ी पटन देवी, थावे, तारापीठ जैसे प्रसिद्ध सिद्धपीठों की तरह ही है। इसका इतिहास सतयुग और त्रेता युग से जुड़ा है। मान्यता है कि सतयुग में माता सती ने जलते कुंड में कूदकर अपने प्राण त्याग दिए थे। इसके बाद भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से मां सती के शरीर के 51 खंड किए। जहां-जहां ये अंग गिरे सभी जगहें शक्तिपीठ के रूप में जानी जाती हैं। कहा जाता है कि यहां माता सती के पैर के कुछ हिस्से गिरे थे। बाद में वहां नर-मादा दो पीपल के पेड़ उपजे, जो शिव और शक्ति के अर्धनारीश्वर स्वरूप के रूप में यहां विराजमान हैं। m

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीईआरटी की पुस्तकें अब स्कूलों की लाइब्रेरी में मिलेंगी

**मुंगेर।** जिले के सभी सरकारी स्कूलों की लाइब्रेरी में अब छात्रों को एनसीईआरटी की पुस्तकें, मैगजीन व अखबार भी दिए जाएंगे। इसे वे अपने घर ले जाकर पढ़कर, फिर वापस लाइब्रेरी में जमा करा सकते हैं। इसके लिए जिले के माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के पुस्तकालय में एससीइआरटी के साथ ही एनसीईआरटी की किताबें भी रखने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि पूर्व से सभी प्राथमिक, बेसिक, मध्य, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लाइब्रेरी स्थापित है, जिसमें एससीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध है। बच्चे अपने पाठ्यक्रम को कक्षा में पढ़ते ही हैं। लेकिन उन्हें एनसीईआरटी की भी पुस्तक पढ़ाई जाएगी ताकि अतिरिक्त ज्ञान मिल सके। इसी को लेकर अब सभी पुस्तकालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकें भी रखी जायेंगी। इन्हें खरीदने में जो खर्च आयेगा, वह संबंधित विद्यालय के छात्र विकास कोष से वहन किया जाना है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने निर्देश भी जारी कर दिया है। स्कूलों के पुस्तकालयों में हिंदी और अंग्रेजी के समाचार पत्र रखने का भी निर्देश दिया गया है।

### नाटक उर्वशी का मंचन हुआ स्थगित

**मुंगेर।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग, पटना के निर्देश पर जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में 7 अक्टूबर को दिनकर के नाटक उर्वशी के मंचन का आयोजन किया जाना था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसके स्थगित कर दिया गया है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि आयोजन की तिथि में परिवर्तन होगा।

### पंडालों में तैनात रहेंगे स्वयंसेवक सबके पास रहेगा पहचान पत्र

**मुंगेर।** दुर्गा पूजा को कैसे शांति और सद्भाव के साथ संपन्न कराया जाये और भीड़ को नियंत्रित करने के साथ अच्छे तरीके से पूजा अर्चना श्रद्धालु कर सके, इसके लिए रविवार को डीएम अवनीश कुमार सिंह व एसपी सैयद इमरान मसूद शादीपुर बड़ी दुर्गा मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने विधि व्यवस्था को लेकर जायजा लिया। इस दौरान डीएम एसपी ने मंदिर समिति द्वारा मंदिर के अंदर और बाहर का जायजा लिया। साथ सीसीटीवी का भी अवलोकन किया। इसके अलावा श्रद्धालुओं के वाहन की पार्किंग और सुरक्षा देख-रेख के अलावा श्रद्धालुओं के अवागमन वाले मार्ग का जायजा लिया गया। डीएम ने बताया कि दुर्गा पूजा में बड़ी दुर्गा महारानी मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पूजा समितियों के साथ निरीक्षण किया गया है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए विभिन्न जगहों पर नियंत्रण कक्ष, वाहनों की पार्किंग, बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। उन्होंने बताया कि अष्टमी और दशमी पूजा को मंदिर प्रांगण में भीड़ को देखने की जिम्मेवारी सदर एसडीओ और सदर एसडीपीओ को दी गई है। डीएम ने कहा इस बार जन सहयोग, पूजा समिति सदस्य और प्रशासन के प्रयास से शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा कराने में सफल होंगे। एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया की जिले में दुर्गा पूजा शांति पूर्वक कराने के लिए पुलिस-प्रशासन सभी दुर्गा मंदिरों पुलिस बल कर्मी और अधिकारियों की डयूटी लगाई जाएगी। इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है।

### दुर्गा पूजा से पहले उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, ट्रक में भरकर झारखंड से बेगूसराय ले जा रहे थे शराब

**भागलपुर।** भागलपुर में शनिवार को उत्पाद विभाग के टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ट्रक में भरे अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप को बरामद किया है। उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि शराब की एक बड़ी खेत की ट्रक झारखंड से बेगूसराय को जाने वाली है मध्य निषेध विभाग के अपर निरीक्षक पिंटू कुमार के नेतृत्व में नवगछिया थाना क्षेत्र के खरिक टोल प्लाजा के समीप पहुंचकर वाहनों की गहन जांच अभियान चलाई । जांच के क्रम में नवगछिया जीरोमाइल की तरफ से आ रही एक ट्रक मदनिषेध टीम को देखकर पहले ही ट्रक घुमाकर नवगछिया जीरो माइल की तरफ भागने।लगे जिसे जांच दल द्वारा घेर कर रोका गया। ट्रक में चालक के अलावा अन्य कोई व्यक्ति नहीं था। जांच के क्रम में बोरा में भरा हुआ कपड़ा का कतरन से ढककर रखा हुआ 2772 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुआ है। जिनका कीमत बिहार की रेट में करीब चार लाख रुपए बताई जा रहा है। इधर, उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त कर लिया है। हालांकि चालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



### शक्तिपीठ चंडिका स्थान में शुरू हुई पूजा-अर्चना

**मुंगेर।** देश के 52 शक्तिपीठों में से एक मुंगेर का शक्तिपीठ मां चंडिका के मंदिर आज से भक्तों के लिए मां का गर्भ गृह खोल दिया है, बाढ़ का पानी गर्भ गृह में रहने के कारण मंदिर प्रशासन से गर्भ गृह को बंद कर दिया इसके कारण भक्त मां का दर्शन और जलार्पण नहीं कर पाते थे। नवरात्र में मां शक्तिपीठ चंडिका स्थान में भारी संख्या में भक्त मां पर जल अर्पण करते हैं। इस बार नवरात्र से पूर्व एक दिन पहले मां के गर्भ गृह में बाढ़ का पानी घुस गया था, जिसके बाद मंदिर प्रशासन ने भक्तों की सुरक्षा को देखते हुए गर्भगृह को बंद कर दिया। दुर्गा पूजा की पहली पूजा से भक्त मंदिर के प्रांगण के मुख्य गेट या मंदिर के अंदर मां का पूजा कर चले जाते थे, लेकिन गर्भ गृह और मंदिर प्रांगण में बाढ़ का पानी रहने के कारण भक्त मां के ऊपर जलार्पण नहीं कर पाते थे। मंदिर के पुजारी नंद बाबा ने बताया की मंदिर के सचिव सौरभ निधि द्वारा रविवार से गर्भ गृह और मंदिर के चारों ओर घुसे बाढ़ के पानी को बोरिंग के माध्यम से निकाला जिसमें सफलता हासिल हुई ।बाढ़ का पानी निकलने के बाद आज से भक्त मां का दर्शन के साथ जलार्पण कर सकते हैं।



### दुर्गा मंदिर में सीने पर कलश रखकर कर रहे आराधना

**मुंगेर।** मुंगेर में शारदीय नवरात्र की शुरुआत 3 अक्टूबर से हो चुकी है। नवरात्र में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भक्त अपनी-अपनी आस्था से माता को खुश करने में लग गए है। कुछ ऐसे भी भक्त है जो पूरे 9 दिनों तक माता की आराधना में लीन रहते है। ऐसा ही एक भक्त देखने को मिला है, जो मुंगेर जिले के असरगंज की सीमा पर कमराय गांव स्थित मां दुर्गा मंदिर में सीने पर कलश रखकर साधना कर रहे है। 31 साल के विश्वजीत कुमार सिंह ने अपने सीने पर कलश रखकर माता की अराधना शुरू की है। विश्वजीत कुमार बांका अंतर्गत शंभूगंज थाना क्षेत्र के चटमाडीह निवासी रंजीत प्रसाद सिंह के बेटे है। उनकी बहन राजश्री सिंह की शादी कमराय गांव में हुई है। विश्वजीत ने बताया की अपने परिवार की सुख समृद्धि को लेकर पांच साल तक नवरात्रा में सीने पर कलश रखकर मां दुर्गा की आराधना करेंगे। इसलिए पिछले साल से नवरात्रा में दुर्गा मंदिर में ऐसा करना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि कई लोगों को देखा था कि नवरात्रा में लोग सीने पर कलश रखकर मां की आराधना करते है। इसलिए मेरे मन में भी इच्छा हुई और पिछले साल से करना शुरू कर दिया। विश्वजीत की पत्नी अवंतिका देवी ने कहा कि पूरे नौ दिनों तक किसी भी प्रकार का आहार नहीं लेते है। केवल चेहरा को तुलसी और गंगाजल से पोछा जाता है। दुर्गा मंदिर के पुजारी ने बताया कि नवरात्रि के मौके पर विश्वजीत कुमार दूसरी साल मां के दरबार में सीने पर कलश स्थापित कर पूजा कर रहे है। उनकी आस्था और साधना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है।



# भागलपुर के रंगरा में दशहरा मेले का आयोजन नहीं

## प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर परिसर में कमर से ज्यादा पानी, ग्रामीणों में मायूसी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर का नवगछिया बाढ़ में डूबा हुआ है। हाल यह है कि मंदिर से लेकर स्कूल तक पानी अभी भी भरा हुआ है। रंगरा में दशहरा मेले का आयोजन नहीं हो पाएगा, क्योंकि प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर परिसर में कमर भर से ज्यादा पानी है। यहां प्रतिमा स्थापित करना पूजा समितियों के लिए बेहद मुश्किल है। लोगों के चेहरे पर उदासी है। इलाके के लोग अब मईया से गुहार लगा रहे हैं कि इस आपदा से कैसे निपटा जाए? लोगों का कहना है कि पूजा पाठ तो कर लिया जाएगा, लेकिन अब आगे मईया ही जाने कैसे आपदा से निपटा जाए। बता दें कि जिले के कई निचले इलाकों में अभी भी पानी भरा हुआ है। कई गांव के स्कूल, सामुदायिक भवन के साथ-साथ कई मंदिर भी जलमग्न है। हाल यह है कि रंगरा के पंचायत का सबसे प्राचीन और प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में हर वर्ष भव्य मेला और संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन होता था,



लेकिन इस बार पानी होने की वजह से लोग परेशान और चिंतित है। इस बार मेला कैसे लगेगा और संस्कृति कार्यक्रम कैसे होगा।

**जलस्तर में वृद्धि के कारण समस्याः** बता दें कि गंगा और कोसी के जलस्तर में हुई वृद्धि के कारण इलाके को पूरी तरह चपेट में ले लिया था। पूजा समिति के कार्यकर्ताओं का कहना है कि माता की पूजा में कोई दिक्कत नहीं होगी। माता की पूजा विधिवत जैसे होती है। ठीक उसी प्रकार की जाएगी। लाके में मेला नहीं लगने के कारण पूरी तरह सुना पड़ा हुआ है।

**पानी में घुसकर मंदिर तक आतेः** स्थानीय, खगेंद्र ने बताया कि माता जी की कृपा है। हम लोग पानी में चलकर ही मंदिर पहुंचते हैं। माता जो चाहेंगी वही होगा। हम लोग कुछ नहीं कर सकते हैं। मंदिर परिसर में पूरा पानी भरा हुआ है। माता जी जो चाहेंगे अब वही होगा। पूजा समिति के सदस्य अतुल कुमार सिंह ने बताया कि हम लोग श्रद्धालुओं पर निगरानी रखते हैं कि गड्ढे में ना चले जाए। पूजा समिति के कई और सदस्य हैं जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगे हैं। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि तन मन धन से वह पूजा करें। मंदिर प्रांगण में कमर भर से ज्यादा पानी है।

स्थानीय आशीष कुमार ठाकुर ने बताया कि हर रोज हम पूजा करने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन इस बार मंदिर में पानी रहने की वजह से श्रद्धालु काफी संख्या में नहीं पहुंच रहे हैं। एहतियात के तौर पर मंदिर प्रशासन लगा हुआ है। आने वाले श्रद्धालुओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। हम लोगों से अपील करेंगे कि आप जहां भी हैं। वहीं से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और आराधना करें।

# बाढ़ के कारण बाजार की रौनक कम

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ प्रभावित क्षेत्र के लोग कम कर रहे मार्केटिंग, कपड़ा कोरोबारी बोले- स्थिति सुधरने की उम्मीद

भागलपुर में बाढ़ की वजह से मार्केट में मंदी छाई हुई है। त्योहार में भी भीड़ नहीं जुट रही है। जिससे दुकानदारों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जिसका मुख्य कारण बाढ़ को माना जा रहा है। कपड़ा व्यापारी किशोर घोष बताते हैं कि इस बार शुरुआती दिनों में बाजार में रौनक कम है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग बहुत ही कम संख्या में बाजार आ रहे हैं। हालांकि, उम्मीद है कि अगले 2-3 दिनों में नवरात्रि के चलते बाजार में भीड़ बढ़ सकती है। एक दुकानदार ने कहा, पूजा तो लोग करेंगे ही, बस अपने हिसाब से खरीदारी करेंगे उम्मीद है कि जल्द ही स्थिति सुधरेगी।

**बेहतर कारोबार की उम्मीदः** नवरात्रि का पहला दिन 3 अक्टूबर से शुरू है। दुकानदारों को इस सप्ताह से बाजार में भीड़ बढ़ने की उम्मीद है। उनका मानना है कि धीरे-धीरे बाढ़ का पानी उतर रहा है और जनजीवन सामान्य हो रहा है। थोड़ी देर से ही सही, लेकिन ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। जिससे कारोबार में तेजी आ सकती है। दुर्गापूजा के दौरान भक्ति का माहौल तो होता है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी यह समय बेहद लाभकारी माना जाता है। दुकानदारों के लिए यह कमाई का सुनहरा मौका होता है। हालांकि इस साल अब तक बाजार में अपेक्षित रौनक नहीं है। लेकिन व्यापारी बेहतर कारोबार की उम्मीद लगाए बैठे हैं। शहर के छोटे-बड़े सभी दुकानदारों ने ग्राहकों की मांग के अनुसार सामान मंगवा लिया है और अपनी दुकानों को सजा लिया है। लेकिन खरीदारों की कमी महसूस हो रही है।

# आज क्वार्टर फाइनल का खेला जाएगा मैच



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर सैंडिस कंपाउंड में बिहार राज्य (अंतरजिला) विद्यालय वॉलीबॉल अंडर 14(बालक)खेल प्रतियोगिता का आज तीसरा दिन पूरा हुआ। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से नियुक्त प्रतियोगिता के संयोजक संजीव कुमार सिंह, बिहार राज्य वॉलीबॉल संघ के कोचिंग सचिव नीलकमल राय ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। आज सोमवार सुबह 7 बजे से क्वार्टर फाइनल खेला जाएगा।

**बेगूसराय और जहानाबाद के बीच भी मैचः** बेगूसराय बनाम जहानाबाद, एकलव्य बनाम गोपालगंज, औरंगाबाद बनाम रोहतास और भागलपुर बनाम सारण के बीच मैच होगा। इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी जयनारायण कुमार, सचिव जिला वॉलीबॉल संघ अजय कुमार राय, एथलेटिक संघ के सचिव नसर आलम, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शंभू कुमार सहित बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तकनीकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, करुणेश कुमार, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, मुरारी सिंह, अमन कुमार, शारीरिक शिक्षक नीरज राय, संजीव राय, चंद्रभूषण राय, किरण कुमारी, सतीश चंद्र, मृणाल किशोर, कुमार हीरा, अमीर खान, राकेश कुमार, रविकांत रंजन सहित अनेक खेल प्रेमी और शारीरिक शिक्षक मौजूद रहेंगे।

# जमीनी विवाद में मारपीट, बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

## दबंगों ने दिया वारदात को अंजाम



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में रविवार को मायागंज अस्पताल में जमीन विवाद में हुई मारपीट में घायल 66 वर्षीय बुजुर्ग बहादुर मंडल का इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद पुलिस ने कागजी प्रक्रिया करने के बाद शव का पोस्टमार्टम में भेजा दिया। मामले की लेकर परिजनों से मिली सूचना के अनुसार बांका जिला के कटोरिया थाना क्षेत्र के करवामारनी गांव में पिछले दिनों जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। मारपीट के दौरान वे घायल हो गए थे। जिसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती करवाया था।

**जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीटः** मृतक के परिजनों ने बताया कि गांव के ही दबंग प्रवृत्ति के राजेश यादव,राकेश यादव और पंकज यादव से विवाद था। इसी विवाद में मृतक बहादुर मंडल को लोहे के रोड से मारकर घायल कर दिया था। घटना के बाद घायल व्यक्ति को इलाज के लिए कटोरिया रेफरल अस्पताल भेजा गया। जहां से इलाज के लिए बांका अस्पताल भेज दिया गया। वही, बांका अस्पताल के द्वारा बेहतर उपचार के लिए भागलपुर स्थित जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मृतक के भाई छोटेलाल मंडल के द्वारा कटोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

**लोहे के रॉड से किया वारः** बता दें कि इस घटना के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। मृतक के भाई छोटे लाल मंडल ने मारपीट करने का आरोप राजेश यादव, राकेश यादव, पवन यादव, दिनेश यादव, श्यामसुंदर यादव,संजय यादव सहित लोगो पर लगाया है। उसने बताया की मेरे जमीन पर जेसीबी चलवा रहा था।


## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा।
(जिला सामान्य शाखा)

### आवश्यक सूचना
**चौकीदारी नियुक्ति विज्ञापन सं0 01/2024**

गढ़वा जिला में चौकीदार नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा एवं शारीरिक माप एवं जाँच परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का मेघा सूची के अनुसार अंतिम औपबंधिक परीक्षाफल/परिणाम गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.garhwa.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। निदेशानुसार, सफल अभ्यर्थियों का चिकित्सा जाँच निम्न तालिका में दिये गये समयानुसार किया जायेगा, जिसमें सफल अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र (Admit Card) के साथ ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| चिकित्सा जाँच करने की तिथि एवं समय | अनारक्षित, (Unreserved) आ0क0वर्ग (EWS) | दिनांक 07.10.2024, को समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक |
| | पिछड़ा वर्ग, (BC-II) अनुसुचित जनजाति (ST) | दिनांक 08.10.2024, को समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक |
| स्थान | सदर अस्पताल गढ़वा। | |

PR 338323District(24-25)D

प्रभारी पदाधिकारी,जिला सामान्य शाखा, गढ़वा।

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 14/वर्ष 2024–25

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 18.10.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 19.10.2024 को 11.00 बजे अपराह्न से 12.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 19.10.2024 को 01:00 बजे अपराह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of rcc drain and pcc road from ashok giri house to kapil singh housein ward no 2 Under Medininagar Municipal Corporation | 911890 | 18500 | 5000 | तीन माह |
| 2 | Laying of paver block from aitwariya bhuiya house via manik ram to rakesh singh house and vinod ram house to rajendra mehta house in ward no. 03 Under Medininagar Municipal Corporation | 457130 | 9500 | 1000 | तीन माह |
| 3 | Construction of pcc road from arun sharma house to mukesh kumar house in ward no. 03 Under Medininagar Municipal Corporation | 619290 | 12500 | 5000 | तीन माह |
| 4 | Laying of paver block from chunmun kumar house to sangeeta devi house in ward no 3 Under Medininagar Municipal Corporation | 567866 | 11500 | 5000 | तीन माह |
| 5 | Laying of paver block from siri singh house to amresh paswan house and RCC culvert in ward no 4 Under Medininagar Municipal Corporation | 661270 | 13500 | 5000 | तीन माह |
| 6 | Installation of deep boring on premises of shelter home in ward no 5 Under Medininagar Municipal Corporation | 492600 | 10000 | 1000 | तीन माह |
| 7 | Construction of drain Slab from Rajendra Ram house to Rabindra Pandey, Repair of PCC Road & Drain slab from Sunil kr Chaubey house to Anil kr Shukla house & RCC Drain from Prabhu Saloon to Santosh kr Gupta general store in ward no. 07 Under Medininagar Municipal Corporation | 333890 | 7000 | 1000 | तीन माह |
| 8 | Construction of (i) PCC Road from Pradeep Paswan house to chhotu kumar house and from Ramesh kumar house to Vijay Baitha house at Baitha Niwas (ii) Repair of PCC drain frm Pradeep Paswan house to chhotu kumar house (2) pcc Road at jiwan jyoti lane near bypass road in ward no. 08 Under Medininagar Municipal Corporation | 748959 | 15000 | 5000 | तीन माह |
| 9 | Construction of RCC drain from Shyam nandan Gupta's house to Soni Dubey's house at Gaytri Mandir in ward no. 10 & construction of R.C.C. Culvert near surendra singh house in ward no. 11 under medininagar municiple corporation | 924710 | 18500 | 5000 | तीन माह |
| 10 | Construction of RCC Drain near suryamandir at Hamidganj in war no. 12 Under Medininagar Municipal Corporation | 999000 | 20000 | 5000 | तीन माह |
| 11 | Laying of pcc road from parshuram mehta house to late arun yadav house (ii) laying of hume pipe from parshuram mehta house to arun yadav house in ward no 14 under medininagar municiple corporation | 392800 | 8000 | 1000 | तीन माह |
| 12 | Construction of R.C.C Drain and paver block road sonu singh house to avinash verma house in ward no. 16 Under Medininagar Municipal Corporation. | 999780 | 20000 | 5000 | तीन माह |
| 13 | Construction of RCC drain fro Dudheshwar Tiwari's house to Canal at ward no-17 & Construction of PCC road from Satendra Dubey's house to Prabhat Tiwari's house at ward no -17 Under Medininagar Municipal Corporation | 589060 | 12000 | 5000 | तीन माह |
| 14 | Laying of Paver block from Laddu Singh's house to Surendra Singh's house in ward no. 17 Under Medininagar Municipal Corporation | 833260 | 17000 | 5000 | तीन माह |
| 15 | Construction of R.C.C culvert from Suresh Prasad's house to Culvert and Drain from culvert to KTM Showroom in ward no. 18 & Construction of RCC drain from Shankar kumar's house to Barla Billa's house in ward no. 24 & Construction of RCC Drain near Ramswarat Paney's House in ward no. 18 under medininagar municiple corporation . | 815460 | 16500 | 5000 | तीन माह |
| 16 | Construction of PCC road from Vishnu Enterprizes via Arun Paswan's house to Dilip Gupta's house in ward no. 19 Under Medininagar Municipal Corporation | 844451 | 17000 | 5000 | तीन माह |
| 17 | Constrution of RCC drain near Taxi stand at ward no -24 Under Medininagar Municipal Corporation | 989590 | 20000 | 5000 | तीन माह |
| 18 | Construction of pcc road from dhanu khan house to naem mistry house ,dhannu khan house to sarfu khan house , sarfu khan house to fazlu khan mansuri house in ward no. 31 & Construction of paver block and Drain near Anoj kumar house in ward no. 35 Under M edininagar Municipal Corporation | 782900 | 16000 | 5000 | तीन माह |
| 19 | Construction of rcc drain from opoosite sahodaya school to Sunil jaiswal house in ward no. 33 & construction of P.C.C. road from ajay singh house to Digvijay singh house in shanti nagar in ward no. 33 Under Medininagar Municipal Corporation | 912880 | 20000 | 5000 | तीन माह |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 338180 (District)24-25*D

## संक्षिप्त समाचार

### महुदा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**धनबाद, एजेंसी।** दुर्गापुजा शांतिपूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर रविवार को महुदा पुलिस ने थाना प्रभारी धीरज कुमार के नेतृत्व में पूजा स्थल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च महुदा बाजार, महुदा मोड़, तेलमोच्चो से वापस होकर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के दुर्गा पंडालों का भी निरीक्षण किया तथा पूजा समिति के सदस्यों को शांति एवं सदभाव के साथ उत्सव को मनाने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी धीरज कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि दुर्गापूजा का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाये। कहीं कोई उपद्रव या दुर्घटना होती है। इसकी सूचना तुरंत दें उस पर अतिशीघ्र कारवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने मेले के दौरान किसी प्रकार के हुड़दंगबाजों द्वारा अशांति फैलाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। मौके पर एसआई प्रदीप कुमार, एएसआई पतरस तिग्गा, धनेश्वर सिंह, मनोज लकड़ा सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

### कोयला खदान के अंदर फंसे दो दर्जन चोर, सीआईएसएफ और पुलिस ने की घेराबंदी

**धनसार, एजेंसी।** बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्र की चांदमारी कोलियरी की 3/4 पिट इंकलाइन में शनिवार की रात लोहा व केबल चोरी करने के लिए करीब दो दर्जन चोर घुस गए। वे इंकलाइन के अंदर से लोहे के कई टब ले गए। इसकी भनक लगते ही पास में काम कर रहे कर्मियों ने इंकलाइन को चारों तरफ से घेर लिया। उनके सामने कोई बाहर नहीं निकल सका था, रविवार देर शाम तक भी चोरों के अदंर ही मौजूद होने की बात कही जा रही है। मौके पर सीआइएसएफ व धनसार थाने से पुलिस भी पहुंच गई है, जो इंकलाइन को घेरे है। चांदमारी इंकलाइन से कई वर्षों से उत्पादन बंद है। इस इंकलाइन से चांदमारी के विभिन्न क्षेत्रों में पानी व बिजली की आपूर्ति की जाती है। इसके अंदर काफी लौह सामग्री है, साथ ही केबल व मोटर भी हैं। जिन पर चोरों की नजर रही है। यहां कई बार चोर घुसकर चोरी कर चुके हैं। मोटर व केबल चोरी होने के कारण कई बार कॉलोनियों में पानी बिजली की आपूर्ति भी ठप हो चुकी है। चोरों के घुसने के बाद रविवार को बस्ताकोला कोलियरी के पीओ अजय कुमार इंकलाइन पहुंचे। एक दर्जन कर्मियों के साथ इंकलाइन के अंदर जाकर सर्च ऑपरेशन चलाया। बावजूद चोर नहीं मिले। पुलिस और सीआइएसएफ जवान चोरों के इंकलाइन से निकलने का इंतजार कर रही है। माना जा रहा है कि सर्च ऑपरेशन के दौरान वे कहीं छिप गए होंगे, या फिर वे बाहर निकलने में सफल हो गए होंगे।

### पश्चिमी सिंहभूम में ट्रेन बेपटरी करने की कोशिश, रेलवे ट्रैक पर फिर रखा मिला पत्थर



**सोनुवा, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनुवा रेलवे स्टेशन के आउटडोर के पास एक बार फिर शनिवार रात को थर्ड लाइन ज्वाइंट पॉइंट संख्या 101ए व 101बी ज्वाइंट प्वाइंट पर पत्थर रखा मिला। पटरी पर पेट्रोलिंग कर रहे रेल कर्मियों ने समय रहते ज्वाईंट प्वाइंट पर रखे पत्थर को देख लिया। जिसके बाद आननफानन में थर्ड लाइन समेत मेन अप व डाउन लाइन में रेल परिचालन बंद कर दी गई। घटना शनिवार रात करीब नौ बज कर 45 मिनट की बतायी जा रही है। सोनुवा स्टेशन के आउटडोर में फिर से ज्वाईंट प्वाइंट पर पत्थर रखे जाने की सूचना से चक्रधरपुर रेल मंडल अफरा तफरी मच कई गई। रात में ही चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय से आरपीएफ की टीम घटना स्थल पर पहुंची व रेल ट्रेक की जांच किया। इस बीच, थर्ड लाइन समेत अप व डाउन मेन लाइन पर शनिवार रात 9-45 बजे से 10-05 बजे तक रेल परिचालन ठप रहा। घटना की सूचना पर पहुंचे रेल कर्मचारियों ने ज्वाईंट प्वाइंट पर रखे पत्थर हो हटाया। जिसके बाद रेल परिचालन चालू कर दिया गया। आरपीएफ पूरे मामले की जांच कर रही है। एक सप्ताह के भीतर दो बार घटना होने पर अब स्पेशल टीम पटरी व ज्वाईंट प्वाइंट की निगरानी करेगी। ज्ञात हो कि विगत मंगलवार रात को भी सोनुवा स्टेशन के आउटडोर के पास डाउन मेन लाइन व थर्ड लाइन ज्वाईंट प्वाइंट संख्या 102ए व 103 पर पत्थर रख दिया गया था।

# रांची के जमीन कारोबारी के तीन बच्चों की रोहतास में डूबकर मौत, बेटी की तलाश जारी

**पटना/रांची, एजेंसी।** बिहार के रोहतास जिले के तुंबा गांव में रविवार को सोन नदी में स्नान करने गए रांची के डोरंडा क्षेत्र के पोखरटोली निवासी जमीन कारोबारी नंदकिशोर राम के एक बेटे व दो बेटियों समेत छह बच्चों की डूबकर मौत हो गई। नंदकिशोर राम ने नदी की तेज धारा से संघर्ष करते हुए अपने साले की एक बेटी की जान किसी तरह बचा ली। वहीं, नदी में डूबी नंदकिशोर की एक अन्य बेटी की तलाश की जा रही है। रोहतास के तुंबा गांव में नंदकिशोर राम की ससुराल है।

रविवार को नंदकिशोर राम अपनी तीन पुत्रियों, एक पुत्र तथा चार अन्य बच्चों को लेकर सोन में नहाने के लिए सुबह के लगभग 10 बजे गए थे। नहाने के क्रम में नदी के तेज बहाव और गहराई के कारण सभी बच्चे डूबने लगे। इस क्रम में नंदकिशोर किसी तरह अपने साले की बेटी नौ वर्षीय संध्या को बचा पाए।

इसके बाद शोर मचाकर मदद की गुहार लगाई। आसपास खेतों में काम कर रहे कुछ लोग दौड़कर आए और डूब रहे बच्चों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में ग्रामीणों ने पुलिस व स्थानीय प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया।



गोताखोरों ने पहले दो बच्चों को निकाला, जिन्हें तत्काल एंबुलेस से पीएचसी भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चार अन्य बच्चों के शव बरामद किए गए। नंदकिशोर राम एक साल पहले ही डोरंडा में स्थित अपना घर बेचकर शहर छोड़ चुका था।

उसपर कई लोगों ने जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ठगी का भी आरोप लगाया था। बिहार में रविवार को अलग-अलग घटनाओं में छह बच्चों समेत कुल 13 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य की तलाश जारी है। मृतकों में रोहतास जिले के छह, कटिहार के पांच, बेगूसराय व वैशाली के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। रोहतास के तुंबा में रांची के डोरंडा के पोखरटोली मिलनचौक निवासी नंदकिशोर राम के छह वर्षीय पुत्र पवन कुमार, 13 वर्षीया पुत्री नव्या कुमारी, 12 वर्षीया निधि कुमारी की मौत हो गई, वहीं इसी घटना में तुंबा निवासी कृष्णा गोंड़ के सात वर्षीय पुत्र राजू गोंड़, हीरा गोंड़ के आठ वर्षीय पुत्र विवेक कुमार एवं केदार गोंड़ के 10 वर्षीय पुत्र अभय कुमार की भी जान चली गई। नौ वर्षीय आस्था कुमारी की तलाश की जा रही है। उधर कटिहार जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में रविवार को पांच लोग डूब गए। कुरसेला थाना क्षेत्र में समेली हाल्ट के समीप सरैया धार में स्नान करने गए चकला मौला नगर के चार नवयुवक डूब गए।

स्थानीय गोताखारों ने इन्हें पानी से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों में हिमांशु कुमार (18), सौरभ कुमार (15), अभिजीत कुमार (18) तथा दीपक कुमार (20) शामिल हैं।

हिमांशु के पिता श्रवण ठाकुर ने बताया कि उनका पुत्र अपने आठ दोस्तों के साथ समेली हाल्ट के पास धार में नहाने गया था। इसी क्रम में किसी चरवाहे ने उन्हें बच्चों के डूबने की सूचना दी। दूसरी तरफ, पोठिया ओपी क्षेत्र की भगहा पंचायत स्थित सहसराम मुसहरी निवासी झपटू ऋषि की 12 वर्षीया पुत्री निभा कुमारी की बरंडी नदी में डूबने से मौत हो गई। पोठिया ओपी अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि घास काटकर लौटने के दौरान पैर फिसलने से बच्ची गहरे पानी में चली गई।

उधर, बेगूसराय जिले में साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के चौर बहियार स्थित मुर्दई नाला में डूबने से चौकी गांव निवासी गुड्डू पोद्दार के 21 वर्षीय पुत्र टिंकू कुमार की जान चली गई।

वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत स्थित वाया नदी में रविवार को स्नान करने गए एक 40 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मृत युवक की पहचान गरजौल गांव के रहने वाले नरेश शर्मा के रूप में की गई है।

### मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ यौन शोषण की फर्जी प्राथमिकी वायरल, एसपी ने सबकुछ किया स्पष्ट

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में रविवार को झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता के विरुद्ध यौन शोषण की प्राथमिकी दर्ज होने से संबंधित एक पत्र वायरल हुआ। मामले की पड़ताल हुई तो पता चला कि प्राथमिकी का पत्र फर्जी है। रांची पुलिस ने वायरल पत्र को फर्जी बताते हुए कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने वायरल हो रहे प्राथमिकी आवेदन को लेकर स्पष्ट किया है कि यह पत्र पूरी तरह से झूठा है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से मंत्री बन्ना गुप्ता और रांची पुलिस की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। पुलिस हर बिंदु पर गंभीरता से जांच कर रही है। इसके पीछे जो भी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वाट्सएप पर घूम रहा फर्जी प्राथमिकी पत्र सिटी एसपी कार्यालय को संबोधित है। इसमें पीड़िता के तौर पर पूजा महतो के छद्म नाम का उपयोग किया गया है, जिसका पता तमाड़ थाना क्षेत्र का सलगाडीह गांव बताया गया है।

आवेदन पत्र पर एसपी कार्यालय से मिलती-जुलती एक फर्जी मुहर भी लगी है। पत्र को एसपी कार्यालय में रिसीव दिखाया गया है और रिसीव करने वाले व्यक्ति का नाम प्रभात कुमार लिखा हुआ है। पत्र में केस नंबर 158 भी अंकित है। इस मामले की जांच की गई तो पता चला कि महिला के नाम से कोई आवेदन एसपी कार्यालय में आया ही नहीं है। इसके अलावा आवेदन में उपयोग की गई मुहर भी सिटी एसपी के कार्यालय की नहीं है।




### 2017 में ट्रेन से गिरकर हुई थी पति की मौत, झारखंड हाईकोर्ट ने 8 लाख मुआवजा का दिया आदेश

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने 2017 में चलती ट्रेन से गिरकर मरने वाले व्यक्ति की विधवा को 8 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया है. हाईकोर्ट ने रेलवे दावा न्यायाधिकरण के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें उसने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने से इनकार कर दिया था. हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया कि मृतक एक वास्तविक यात्री था. जबकि जांच रिपोर्ट के दौरान उसके पास टिकट नहीं था.

**2017 में चलती ट्रेन से गिरकर शम्भू साहनी की हुई थी मौत :** दरअसल 7 जून 2017 को शम्भू साहनी पीरपैंती स्टेशन की यात्रा के लिए खरीदे गये वैध द्वितीय श्रेणी के टिकट के साथ साहिबगंज जंक्शन पर हावड़ा-गया एक्सप्रेस में सवार हुए थे. जैसे ही ट्रेन पीरपैंती के पास पहुंची, मृतक उतरने के लिए ट्रेन के दरवाजे की ओर बढ़ा. लेकिन दरवाजे के पास यात्रियों की भीड़ जमा होने के कारण धक्का-मुक्की होने लगी, जिससे सहनी का संतुलन बिगड़ गया और वह अम्मापाली हॉल्ट और पीरपैंती स्टेशन के बीच चलती ट्रेन से गिर गया. इस घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गयी. शम्भू साहनी की मौत के बाद उसकी पत्नी कविता देवी ने रांची रेलवे दावा न्यायाधिकरण से मुआवजे की मांग की.

## भाजपा ने झारखंड के लिए जारी किया पंच प्रण, महिलाओं को 2100 रुपये, सस्ते सिलेंडर, युवाओं को रोजगार और आवास का वादा

**रांची, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनावों से पहले अपने पंच प्रण की घोषणा की है। इसके लिए पार्टी ने शनिवार 5 अक्टूबर को पांच बजे का समय चुना।

पंच प्रण के पहले प्रण में कहा गया कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को प्रतामाह 2100 रुपए दिए जाएंगे। हर महीने की 11 तारीख को यह राशि उनके बैंक अकाउंट में चली जाएगी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक प्रेस कान्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने दूसरे प्रण में सभी परिवारों को 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देने का संकल्प व्यक्त किया।

साल में 10 सिलेंडर 500 रुपए में दिए जाएंगे जबकि दो पर्व के अवसर पर दो सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंग। तीसरे प्रण के तौर पर बाबूलाल मरांडी ने युवाओं के लिए पांच साल में 28 लाख 87 हजार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की बात कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के पांच साल के भीतर 1.50 लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके लिए 1 नवंबर 2025 की समय सीमा तय की गई है।

पंच प्रण की घोषणा के अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी,




असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी उपस्थित थे।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पंच प्रण के तहत चौथे प्रण के तौर पर स्नातक और स्नातकोत्तर किए युवाओं को युवा साथी भत्ता देने का भाजपा का संकल्प बताया। यह राशि दो सालों तक मिलेगी। इसका उद्देश्य है कि युवा नौकरी की तैयारी के लिए किताब-कापी ले सकें। स्थानीयता नीति के सवाल पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में रहने वाले यहां के युवाओं को नौकरी और भत्ते का लाभ मिलेगा।

भाजपा के पांचवें प्रण के तहत राज्य में सभी को आवास देने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 21 लाख लोगों को आवास देना सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही घर बनाने के लिए सबको मुफ्त बालू दिया जाएगा। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में गुड गवर्नेंस के तहत ये सभी योजनाएं पहले से चल रही हैं। भाजपा की राज्य सरकार इसके लिए वित्तीय प्रबंधन करती है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार की मंइयां योजना को भाजपा की कापी बताया।

## झारखंड में फिर ट्रेन पलटने की साजिश, ज्वाइंट प्वाइंट पर रखा मिला पत्थर, मच गई अफरा-तफरी

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** झारखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल के हावड़ा-मुम्बई रेल मार्ग के सोनुवा रेलवे स्टेशन के आउटडोर के पास फिर से शनिवार रात को थर्ड लाइन ज्वाइंट प्वाइंट संख्या 101ए व 101बी ज्वाइंट प्वाइंट पर पत्थर रखा गया। पटरी पर पेट्रोलिंग कर रहे रेल कर्मियों ने समय रहते ज्वाइंट प्वाइंट पर रखे पत्थर को देख लिया। इसके बाद आनन-फानन में थर्ड लाइन समेत मेन अप व डाउन लाइन में रेल परिचालन बंद कर दी गई। घटना शनिवार रात करीब नौ बजकर 45 मिनट की बतायी जा रही है।

#### मच गई अफरा-तफरी

सोनुवा स्टेशन के आउटडोर में फिर से ज्वाइंट प्वाइंट पर पत्थर रखे जाने की सूचना से चक्रधरपुर रेल मंडल में अफरा-तफरी मच गई। रात में ही मंडल मुख्यालय से आरपीएफ की टीम



घटनास्थल पर पहुंची व रेल ट्रैक की जांच की। इस बीच थर्ड लाइन समेत अप व डाउन मेन लाइन पर शनिवार रात 9.45 से 10.05 बजे तक रेल परिचालन ठप रहा। घटना की सूचना पर पहुंचे रेल कर्मचारियों ने ज्वाइंट प्वाइंट पर रखे पत्थर हो हटाया।

#### एक हफ्ते में दो बार ऐसी घटना

इसके बाद रेल परिचालन चालू कर दिया गया। आरपीएफ पूरे मामले की जांच कर रही है। एक सप्ताह के भीतर दो बार घटना होने पर अब स्पेशल टीम पटरी व ज्वाइंट प्वाइंट की निगरानी करेगी। ज्ञात हो कि विगत मंगलवार रात को भी सोनुवा स्टेशन के आउटडोर के पास डाउन मेन लाइन व थर्ड लाइन ज्वाइंट प्वाइंट संख्या 102ए व 103 पर पत्थर रख दिया गया था।

एक सप्ताह के भीतर इस तरह का यह दूसरा मामला है। घटनास्थल सोनुवा-कुईड़ा सड़क के पास होने के कारण घटना नक्सलियों द्वारा किये जाने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं, रेलवे पुलिस घटना को लेकर शरारती तत्वों की करतूत बता रही है। शरारती तत्वों की मंशा ट्रेनों को बेपटरी करने की थी, लेकिन, रेलवे कर्मियों की सजगता तो एक बड़ी घटना टल गयी।

### महुआ माजी ने चैंबर संग अपर बाजार की टूटी सड़कों का लिया जायजा, दुर्गा पूजा से पूर्व मरम्मत का निर्देश

#### राज्यसभा सांसद ने इंजीनियर को जल्द से जल्द सड़क की मरम्मती के लिए निर्देशित किया

**रांची , एजेंसी।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के आग्रह पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी और चैंबर के कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने शनिवार को अपर बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर बाजार क्षेत्र की सडकों का जायजा लिया. चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में कार्यसमिति के सदस्यों ने राज्यसभा सांसद के साथ चुरूवाला चौक से जेजे रोड, ईस्ट मार्केट रोड, बड़ा तालाब, सेवा सदन लेन, बंशीधर अडुकिया रोड में टूटी सडकों का हाल देखा. भ्रमण के दौरान पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर भी साथ थे.

#### व्यापारियों को आश्वस्त किया, पूजा से पूर्व सड़कों की मरम्मत हो जायेगी

राज्यसभा सांसद ने इंजीनियर को जल्द से जल्द सड़क की मरम्मती के लिए निर्देशित किया. उन्होंने बाजार क्षेत्र के व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पूजा से पूर्व सड़कों की मरम्मती हो जायेगी. प्रतिनिधिमंडल में सह सचिव नवजोत अलंग, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा, रोहित पोद्दार, मुकेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, पवन शर्मा, सदस्य अमित अग्रवाल, बिनोद जैन, पवन पोद्दार, अंजय सरावगी समेत माहेश्वरी सभा, मारवाडी सहायक समिति, मारवाडी ब्राहाण सभा के पदधारी शामिल थे.

# प्रत्याशियों की घोषणा होते ही पार्टियों में मचेगी भगदड़, कई दिग्गज बदल सकते हैं पाला

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है. इसके साथ ही आचार संहिता लागू हो जाएगी. पार्टियां भी प्रत्याशियों की घोषणा करना शुरू कर देंगी. भाजपा ने प्रत्याशियों का चयन लगभग कर लिया है. सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय है, लेकिन इंडी गंठबंधन में अभी भी सीट शेयरिंग को लेकर सस्पेंस है. सीट शेयरिंग के साथ ही साथ प्रत्याशियों की घोषणा होते ही वैसे नेता, जो टिकट की आस में बैठे थे, वे दूसरे दलों में संभावना तलाशेंगे. कुछ बगावत कर चुनावी समर में कूदेंगे, तो कुछ दूसरी पार्टियों से टिकट का जुगाड़ करेंगे, वैसे झामुमो, भाजपा, कांग्रेस, आजसू सहित अन्य दलों के कई नेता जयराम महतो से भी लगातार संपर्क बनाए हुए हैं और जैसे ही उनके गठबंधन की सीटों की घोषणा होगी और टिकट मिलने की किसी तरह की उम्मीद न होगी, तो वे जयराम से भी हाथ मिला सकते हैं.

**भाजपा एक साथ 25-30 प्रत्याशियों की सूची जारी करने की तैयारी में :** मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा ने अपने 25-30 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने की तैयारी कर ली है. यह भी जानकारी छन कर आ रही है कि भाजपा के कई सीटिंग विधायकों का टिकट कट सकता है. हो सकता है, डेढ़ से दो दर्जन सीटिंग विधायकों का पत्ता साफ हो सकता है. कुछ की उम्र सीमा की वजह से, तो कुछ की क्षेत्र में पकड़ न होने की वजह से छुट्टी की जा सकती है. लेकिन भाजपा जैसे ही प्रत्याशियों की घोषणा करेगी, दूसरी पार्टियों में भी हलचल होगी, यह तो तय है, लेकिन यह हलचल तूफान का भी रूप ले सकती है.

भाजपा, झामुमो, कांग्रेस और आजसू की बात करें, तो इन पार्टियों के कई बड़े नेता सीट शेयरिंग के चक्कर में फंस सकते हैं. या फिर पार्टियां वैसे नेताओं को किनारे कर सकती हैं, जिनका परफॉरमेंस ठीक नहीं रहा है. ऐसा खासकर भाजपा में ही हो सकता है. ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि भाजपा की पहली सूची जारी होते ही कुछ का पत्ता साफ होगा, तो भगदड़ भी मच सकती है. कोयलांचल की एक प्रमुख सीट से भाजपा प्रत्याशी बदले जाने की चर्चा राजनीतिक गलियारे में है. लेकिन उनके बारे में यह भी बताया जा रहा है कि टिकट कटते ही वे तत्काल पाला बदल सकते हैं. ऐसे ही कांग्रेस के भी दो-तीन नाम की चर्चा है,




जिन्होंने पाला बदलने की तैयारी कर रखी है. संथाल, कोयलांचल और उत्तरी छोटनागपुर से भी कांग्रेस के एक-एक सीटिंग विधायकों के पाला बदलने की चर्चा हो रही है. वैसे यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता कि वे पाला बदलेंगे ही, लेकिन इन माननीयों के हावभाव से तो ऐसा ही लग रहा है कि ये कभी भी घोलटनिया मार सकते हैं.

**डरे हुए तीर-धनुष के धनुर्धर, कहीं शंटिंग यार्ड में न डाल दिए जाएं :** दक्षिणी छोटानागपुर के जनजातीय आरक्षित सीट के एक सीटिंग विधायक की बार-बार चर्चा होती है कि वे दूसरी पार्टी में शामिल हो सकते हैं. लेकिन उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में बागी प्रत्याशी बनकर अपनी ताकत आंक ली है. उन्हें पता चल गया है कि यदि पार्टी ने दुत्कार दिया, तो वे कहीं के न रहेंगे. विधायक जी डरे हुए भी हैं. उन्होंने पार्टी को ऐन जरूरत के मौके पर बहुत ही नाच नचाया है, तो अब कहीं पार्टी ने उन्हें शंटिंग यार्ड में डाल दिया, तो वे कहीं के न रहेंगे. तो ये भी इधर-उधर ताक-झांक कर रहे हैं. ये भी हो सकता है कि ये जयराम के साथ चले जाएं या कमल फूल थाम लें. वैसे बताया जाता है कि कमल फूल वाले नेताजी भी इनको ट्रैप करने की कोशिश में लगे हैं.

**गठबंधन की घोषणा होते ही आजसू में सबसे अधिक बढ़ेगी नाराजगी :** सीट शेयरिंग की घोषणा होते ही सबसे ज्यादा बवंडर तो आजसू पार्टी में ही उठेगा. वैसे भी आजसू पर पति-पत्नी, मौसा, ससुर की पार्टी होने का ठप्पा लग चुका है. पार्टी के जिन नेताओं ने पांच साल तक बतौर प्रभारी और संभावित प्रत्याशी जिन विधानसभा क्षेत्रों में मेहनत की है, वहीं की सीट यदि उनकी पार्टी के खाते में न आयी, तो भागा-भागी मचेगी ही. आजसू पार्टी में प्रभारी का मतलब सीधा है कि वह संबंधित विधानसभा का टिकट और चुनाव लड़ने का प्रबल दावेदार है. झारखंड गठन से लेकर अब तक (केवल 2019 को छोड़कर) पार्टी भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ी. भाजपा उसे पांच से सात सीट देती रही है. लेकिन इन सीटों में दो से तीन सीट पर सुदेश महतो के परिवार के लोग ही लड़ते रहे हैं, बाकी दो से तीन सीट पर ही अन्य नेता चुनाव लड़ पाते हैं. अब पार्टी में चर्चा होने लगी है कि गठबंधन के तहत कम सीट पर ही चुनाव लड़ना है, तो क्या जिन नेताओं ने फील्ड में पांच साल तक पसीना बहाया, पैसे खर्च किए, वे सिर्फ झंडा ही ढोते रह जाएंगे. परिवारवाद का ठप्पा और आजसू पार्टी के शीर्ष नेता की दोहरी नीति के कारण पार्टी का ग्राफ तेजी से नीचे गिर रहा है.

**आजसू सुप्रीमो की प्रतिष्ठा ही दांव पर, लग सकता है झटके पे झटका :** कभी पांच विधायक जिताने वाली पार्टी दो तक भी सिमट कर रह चुकी है. पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो खुद ही सिल्ली सीट से दो बार हार चुके हैं. उनकी प्रतिष्ठा तो खुद ही दांव पर लगी है. सुदेश की हालत यह रहती है कि वे दूसरी सीटों पर खड़े प्रत्याशियों के लिए ढंग से प्रचार तक नहीं कर पाते हैं. अपनी ही सिल्ली सीट में उलझ कर रह जाया करते हैं या फिर भाजपा के भरोसे वैतरणी पार करने की जुगत भिड़ाए रहते हैं. इस बार सुदेश के सामने और बड़ी चुनौती है. कुरमी समाज का सबसे बड़ा नेता होने का दंभ भरनेवाले सुदेश को अपने ही समाज के जयराम महतो से ज्यादा खतरा हो गया है. सुदेश भले ही पार्टी के लिए सात सीटों का जुगाड़ कर लें, लेकिन कितनी सीटों पर परचम लहरा पाएंगे और अपने कैडर को एकजुट रख पाएंगे. कहा नहीं जा सकता. क्योंकि आजसू पार्टी से नाराज नेताओं-कार्यकर्ताओं की जयराम से निकटता बढ़ती ही जा रही है.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### कोकेन जब्ती के मायने क्या हैं?

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने बुधवार को 562 किलो कोकेन की जो खेप पकड़ी, वह निश्चित रूप से बड़ी कामयाबी कही जाएगी। हालांकि उसकी यह कामयाबी उसी अनुपात में चिंता भी जगाती है क्योंकि इससे पता चलता है कि इंटरनैशनल नेटवर्किंग के जरिए यह जहर न केवल भारत में लाया जा रहा है बल्कि इसे समाज के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचाया भी जा रहा है। दिल्ली पुलिस की यह जब्ती सबसे पहले तो अपनी विशाल मात्रा की वजह से ही ध्यान खींचती है। 6.5 हजार करोड़ रुपये मूल्य की यह खेप दिल्ली में अब तक पकड़ी गई कोकेन की सबसे बड़ी मात्रा बताई जा रही है। मगर यह हाल के दिनों की इकलौती जब्ती नहीं है। कुछ समय पहले ही दिल्ली एयरपोर्ट पर 6 किलो ग्रेड ए कोकेन बरामद की गई थी। 2022 में मुंद्रा पोर्ट पर 500 करोड़ रुपये की 56 किलो कोकेन बरामद हुई थी। 2021 में तमिलनाडु के तूतीकोरिन पोर्ट पर 300 किलो कोकेन पकड़ी गई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2000 करोड़ रुपये आंकी गई थी। साफ है कि भारत में कोकेन पहुंचाने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। बुधवार की पुलिस कार्रवाई से सामने आए तथ्य भी बताते हैं कि कोकेन का इंटरनैशनल कार्टेल सुनियोजित ढंग से भारत में कोकेन पहुंचा रहा है। इसका पूरा तंत्र बना हुआ है जो काम भी कर रहा है। प्लानिंग, कम्युनिकेशन, डिलिवरी और पेमेंट- सबका पूरा सिस्टम बना हुआ है। बताया जा रहा है कि ये कोकेन दिल्ली, मुंबई और गोवा में अगले कुछ महीनों में होने वाले म्यूजिक कंसर्ट को ध्यान में रखते हुए लाई गई थी। नशे के इन सौदागरों की नजर में ये कंसर्ट ड्रग्स की खपत बढ़ाने का जरिया हैं। अच्छी बात यह है कि पुलिस इस मामले के अंतरराष्ट्रीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ रही है। कोकेन कारोबार ग्लोबल नेटवर्किंग के जरिए ही फलता-फूलता है। इसे तैयार करने वाले कोका प्लांट मुख्यतया तीन लैटिन अमेरिकी देशों- पेरू, बोलीविया और कोलंबिया ङ्क में हैं। वहां से शिपमेंट के जरिए लंबे-चौड़े समुद्री मार्ग से इसे दुनिया भर में भेजा जाता है। दिल्ली में पकड़ी गई ताजा खेप भी पनामा रूट से इथियोपिया और दुबई होते हुए दिल्ली भेजी गई थी। इसमें कोई दो राय नहीं कि इस मामले में पुलिस की तत्परता और कुशलता काबिले तारीफ है। लेकिन ड्रग्स की चुनौती से निपटने के लिए यह काफी नहीं। समझना होगा कि इसके प्रॉडक्शन और डिमांड को खत्म किए बगैर सप्लाई के फ्लो को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है। जाहिर है, सरकार और समाज को मिल-जुलकर एक लंबी लड़ाई के लिए कमर कसनी होगी।

### बुलडोजर और न्याय

देश भर में 'बुलडोजर कार्रवाई' को लेकर जारी बहस के बीच 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपना फैसला तो सुरक्षित रख लिया, मगर मामले की सुनवाई के दौरान की गई उसकी टिप्पणियां कुछ कम मानीखेज नहीं हैं। अदालत ने न सिर्फ यह कहा कि किसी के आरोपी होने या दोषी करार दिए जाने पर भी उसकी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जा सकता, बल्कि अंतिम आदेश तक ऐसी कार्रवाइयों पर रोक लगाते हुए उसने यह भी साफ किया कि किसी अतिक्रमण को गिराए जाने से पहले संबंधित पक्ष को नोटिस दिया जाना चाहिए और इसके दस्तावेजी सुबूत भी होने चाहिए। यानी लक्षित संपत्ति पर नोटिस चिपकाने के साथ रजिस्टर्ड डाक से भी इसे भेजा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने अपने अंतिम फैसले में बुलडोजर कार्रवाई पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने के साफ संकेत दिए हैं। उम्मीद है, इसके बाद किसी किस्म की गफलत या बदनीयती के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।इसमें कोई दोराय नहीं कि देश में सार्वजनिक स्थलों के अतिक्रमण और उन पर अवैध निर्माण की बेशुमार घटनाएं हैं और अदालत ने इस मामले में राज्य प्रशासन को कानून-सम्मत कदम उठाने और ऐसी जगहों को खाली कराने की छूट पहले ही दे रखी है। मगर विडंबना यह है कि बुलडोजर कार्रवाई को जिस तरह पिछले कुछ महीनों व वर्षों में कानून-व्यवस्था के पर्याय के तौर पर पेश किया गया और एक खास समुदाय के खिलाफ हुई कार्रवाइयों पर गैर-जिम्मेदाराना सियासत की गई, उससे देश-दुनिया में यही संदेश गया कि अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है और ऐसे में, जायज कार्रवाइयां भी संदेह के घेरे में आ गईं। शीर्ष अदालत ने उचित ही यह स्पष्ट किया है कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं और यहां पर आपराधिक कानून धर्म से प्रेरित नहीं हो सकते। अवैध निर्माण चाहे जिस भी धर्म से वाबस्ता हो, उसे हटाया ही जाना चाहिए। किसी भी अवैध निर्माण को गिराने की एक तय प्रक्रिया होती है, जिसके तहत कार्रवाइयां रसूखदार लोगों के विरुद्ध भी हुई हैं।

## लॉ एंड ऑर्डर बनाम रूल ऑफ़ लॉ, क्यों बढ़ रहे हैं एनकाउंटर?

(इक़बाल हिन्दुस्तानी)

पिछले दिनों तीन अलग अलग राज्यों में विभिन्न अपराधों के आरोपियों के विवादित एनकाउंटर हुए हैं। इन मुठभेड़ों को वहां की सरकारों ने वास्तविक बताकर लॉ एंड ऑर्डर बनाये रखने के लिये ज़रूरी बताया तो विपक्ष ने रूल ऑफ़ लॉ की दुहाई देकर इनको फ़र्ज़ी बताते हुए संविधान लोकतंत्र और सरकार की असफलता बताया है। पहले ऐसे विवादित एनकाउंटर माओवादी और आतंकवादी हिंसा से ग्रस्त राज्यों में या माफियाओं के अंडरवर्ल्ड शूटर के नाम पर अकसर होते थे। अन्य राज्यों में ऐसी मुठभेड़ अपवाद के तौर पर होती थी। लेकिन हैदराबाद में वेटनरी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या होने पर उसके सभी आरोपियों को एनकाउंटर में जब मारा गया तो काफी विरोध और दूसरी तरफ स्वागत भी हुआ। इसके बाद यूपी सहित अनेक भाजपा शासित व कुछ विपक्षी सरकारों के राज्यों में यह आम बात हो गयी। महाराष्ट्र के बदलापुर कांड के आरोपी को जब पुलिस ने यह कहकर मुठभेड़ में मारा कि वह पुलिस की पिस्टल छीनकर हमला कर रहा था तो हाईकोर्ट ने भारी नाराज़गी दर्ज करते हुए सरकार से कई चुभते हुए सवाल किये। तमिलनाडु में एक हिस्ट्रीशीटर को इसी तरह के विवादित एनकाउंटर में मारा गया। ऐसे ही यूपी में भाजपा सरकार के बनने के बाद लगभग 200 एनकाउंटर और 6000 से अधिक हाफ एनकाउंटर हो चुके हैं। हाफ एनकाउंटर में आरोपी के पैर पर गोली मार दी जाती है। सुल्तानपुर डकैती कांड के यादव जाति के मुख्य अभियुक्त को जब पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराने का दावा किया तो सपा नेता अखिलेश यादव ने इस पर ज़बरदस्त विरोध दर्ज कराया। इसके बाद मामले को संतुलित करते हुए पुलिस ने ख़बर दी कि ठाकुर जाति से जुड़ा इसी मामले का एक अन्य अभियुक्त भी मुठभेड़ में मारा गया। पहले राज्य में इस तरह के विवादित एनकाउंटर की शुरूआत मुसलमान आरोपियों से हुयी थी। बाद में इसका दायरा बढ़कर दलित पिछड़े ब्रह्मण गरीब कमज़ोर और राजनीतिक विरोधियों को ठिकाने लगाने तक पहुंच गया। यही हाल किसी अपराध के आरोपियों के घर दुकान या उनसे जुड़ी इमारत पर बुल्डोज़र चलाने को लेकर हुआ है। कहने का मतलब यह है कि किसी भी गलत काम की शुरूआत या अधिकता भले ही किसी धर्म विशेष या जाति के साथ शुरू हो लेकिन बाद में समाज के दूसरे लोग भी उस अन्याय अत्याचार और पक्षपात का शिकार हुए बिना नहीं बच सकते। वन नेशन वन इलैक्शन से अब चर्चा वन नेशन वन पुलिस स्टेशन तक आ गयी है। इसमें कहा जाता है कि राज्य चाहे जो हो वहां पुलिस स्टेशन का एनकाउंटर का तरीका लगभग एक जैसा ही क्यों होता है? हर एनकाउंटर के बाद पुलिस एक ही कहानी दोहराती नज़र आती है जिसमें एक अपराध का आरोपी होता है। पुलिस उसको पता नहीं क्यों हर बार रात के अंधेरे में ही क्राइम सीन क्रिएट करने या अपराध में प्रयोग हुए हथियार बरामद करने या फिर चोरी डकैती का सामान बरामद करने को सुनसान इलाके में ले जाती है। उस आरोपी पर कई संगीन जुर्म के केस पहले से दर्ज होते हैं। इसके बाद वह आरोपी पुलिस का हथियार छीन लेता है। जबकि बिना प्रशिक्षण के कोई अपराधी पुलिस का हथियार न तो अनलॉक कर सकता है और ना ही उसको चला सकता है। कई बार पुलिस यह भी दावा करती है कि उसने आरोपी को आत्मसमर्पण करने के लिये कहा लेकिन वह पुलिस पर अपने तमंचे से गोली चलाने लगा। मजबूरन पुलिस ने आरोपी पर जवाबी गोली चलाई और आरोपी मारा गया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने इन जैसी समानताओं को लेकर ही पुलिस से बार बार सवाल पूछे हैं। हैरत की बात यह है कि इस तरह की मुठभेड़ों में हमेशा आरोपी मारा जाता है जबकि पुलिस या तो साफ बच जाती है या हल्की व मामूली चोट खाती है। सुप्रीम कोर्ट भी इस तरह के विवादित एनकाउंटर्स को लेकर कई बार राज्य सरकारों पुलिस और जांच एजंसियों को फटकार लगा चुका है। कोर्ट ऐसे मामलों में अनिवार्य रूप से रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने और कोर्ट की गाइड लाइंस को हर हाल में लागू करने को भी कई बार कह चुका है। लेकिन जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट के मना करने के बावजूद बुल्डोज़र चल रहा है उसी तरह से एनकाउंटर भी रूक नहीं रहे हैं। एनकाउंटर की गहराई में जाकर देखेंगे तो आप पायेंगे कि इनके पीछे भी राजनीति हो रही है। फर्जी मुठभेड़ों के नाम पर कुछ सरकारें यह धारणा बनाने में सफल हैं कि इससे अपराधियों में भय पैदा होगा और आगे दूसरे अपराधी अपराध करने से डरेंगे। उनका यह भी दावा है कि कुछ खास वर्ग धर्म या जाति के लोग ही अपराध करते हैं। वे जनता के एक भ्रमित वर्ग की इस सोच को भी न्यायोचित साबित करने में लगी हैं कि इससे हाथो हाथ न्याय हो रहा है। तथाकथित गैर-कानूनी बुल्डोज़र जस्टिस भी इसी धारणा का विस्तार है। इससे सरकारों को वोट ना मिलने का डर भी नहीं रहा है। उल्टा उनके इस गैर कानूनी पक्षपाती और संविधान विरोधी काम से उनका कट्टर समर्थक उनको पहले से अधिक बढ़चढ़कर वोट दे रहा है। लेकिन वह यह भूल गया है कि जब समाज से संविधान कानून और निष्पक्षता का राज खत्म होगा तो आज नहीं तो कल वह भी उसका शिकार बनेगा। कई सरकारें यह दावा भी करती है कि ऐसा करने से लॉ एंड ऑर्डर सुधर रहा है और अपराध पहले से कम हो रहे हैं। जबकि केंद्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्योरो के आंकड़े इस दावे को झुठला रहे हैं। सच तो यह है कि हमारी पुलिस कोर्ट और जांच एजंसियां जिस कछुवा गति से काम करती हैं उससे लोगों का उनसे भरोसा उठता जा रहा है। वे गैर कानूनी होने के बावजूद ऐसे एनकाउंटर और आरोपियों के घरों पर बुल्डोज़र चलाये जाने को ही न्याय और समस्या का सही हल मान रही हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियां मेन स्ट्रीम मीडिया और भाजपा विपक्ष शासित राज्यों में जिन अपराधों के होने पर एक्टिव हो जाती हैं। वहीं भाजपा शासित राज्यों में वह रेप के अपराधियों को लेकर सज़ा पूरी होने से पहले जेल से छोड़ने उनका ज़मानत पर बाहर आने पर माला पहनाकर मिठाई खिलाकर और तिलक लगाकर स्वागत करने में कोई बुराई नहीं समझती। बाबा राम रहीम को वह बार बार चुनाव के समय पर ही पैरोल दिलाती रहती है। करप्शन के आरोप में पकड़े गये लगभग सभी आरोपी विपक्ष के ही होते हैं। उड़ीसा में एक सेना अफसर और उसकी मंगेतर के साथ पुलिस ने जो कुछ किया उस पर मीडिया में इतनी कवरेज नहीं हुयी जबकि कोलकाता रेप मामले में राष्ट्रपति तक ने अपना डर जताया था। याद रखिये पूरा सिस्टम सुधारे बिना एनकाउंटर हल नहीं खुद प्रॉब्लम बन जायेंगे। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

*कोर्ट ऐसे मामलों में अनिवार्य रूप से रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने और कोर्ट की गाइड लाइंस को हर हाल में लागू करने को भी कई बार कह चुका है। लेकिन जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट के मना करने के बावजूद बुल्डोज़र चल रहा है उसी तरह से एनकाउंटर भी रूक नहीं रहे हैं।*

## पश्चिम एशिया में बदले की बेरहम बयार

(विवेक काटजू, पूर्व राजनयिक)

मंगलवार की देर शाम ईरान का इजरायल पर मिसाइल हमला करना कई आशंकाओं को आधार दे रहा है। इजरायल ने बेशक ईरान की ज्यादातर मिसाइलों को अपने मित्र देशों की मदद से हवा में ही नष्ट कर दिया, जिसके कारण उसे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन उसमें दहशत तो फैली ही। यही कारण है कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तत्काल इस हमले का बदला लेने का एलान कर दिया। ईरान का कहना है कि उसने यह कदम हमास नेता इस्माइल हानिये और हिजबुल्लाह प्रमुख नसरल्लाह की मौत का बदला लेने के लिए उठाया है और अब अगर इजरायल की तरफ से कोई सैन्य कार्रवाई होती है, तो जंग भड़केगी। यहां दो घटनाओं का जिक्र आवश्यक है। पहली, अप्रैल, 2024 में ईरान ने ड्रोन व मिसाइलों द्वारा इजरायल पर हमला बोला था और उस वक्त भी उसे नुकसान ज्यादा नहीं हुआ, क्योंकि इजरायल ने उनको मार गिराया था। ईरान का कहना था, यह हमला उसने सीरिया में ईरानी दूतावास पर हमले के बदले में किया था, जिसमें 15 से अधिक ईरानी कर्मचारियों की मौत हुई थी। दूसरी घटना, जनवरी 2020 की है, जब अमेरिका ने इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या कर दी थी। जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने मिसाइलों के जरिये इराक में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला बोला था, जिसके बाद मामला शांत हो गया था। तब बेशक तनाव के बादल छंट गए थे, लेकिन इस वक्त क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय तस्वीर बदली हुई है। एक बड़ा बदलाव तो यही है कि इजरायली प्रधानमंत्री अब आक्रामक नीति अपना रहे हैं। इसकी वजह यही है कि उन पर पिछले कई महीनों से घरेलू राजनीति का दबाव तो है ही, गाजापट्टी पर हमले के बाद, जिसमें 40 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, उन पर अंतरराष्ट्रीय दबाव भी काफी अधिक बढ़ गया है। उन्होंने घोषणा की है कि ईरान के दोनों छद्म गुट- हमास और हिजबुल्लाह का सफाया होकर ही रहेगा। हिजबुल्लाह के खिलाफ तो कई हफ्तों से इजरायल का आक्रमण जारी है। पहले पेजर-वॉकीटॉकी विस्फोट से इजरायली खुफिया एजेंसियों ने हिजबुल्लाह के संचार तंत्र को ध्वस्त किया और फिर नसरल्लाह के साथ-साथ कई हिजबुल्लाह नेताओं को मौत के घाट उतार दिया। लगता यही है कि नेतन्याहू की महत्वाकांक्षा अब हमास या हिजबुल्लाह तक ही सीमित नहीं रह गई है। 1 अक्तूबर के अपने टीवी संदेश में उन्होंने ईरान की जनता को उनके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ उकसाया और अपील की कि वे अयातुल्ला सरकार को पलटकर एक नई सरकार बनाएं और आधुनिक ईरान की बुनियाद रखें। उल्लेखनीय है कि ईरान में एक तबका है, जो अयातुल्ला सरकार से संतुष्ट नहीं है और ईरान का आधुनिकीकरण चाहता है। हालांकि, ऐसा कोई सुबूत भी नहीं है कि ईरान किसी क्रांति के लिए तैयार है। बहरहाल, सवाल यही है कि अब आगे क्या होगा? संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस पर चिंतन करेगी ही और यह अनुमान स्वाभाविक है कि वह इजरायल और ईरान, दोनों से शांति की अपील करेगी। सच यह भी है कि दुनिया की महाशक्तियां महायुद्ध नहीं चाहतीं। अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव में उलझा हुआ है और रूस फिलहाल यूक्रेन मोर्चा पर ही सिमटे रहना चाहता है। रही बात चीन की, तो वह अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने में लगा है। अरब देशों, विशेषकर खाड़ी के मुल्कों की तरफ से भी कोई आक्रामक बयान नहीं आया है और लगता यही है कि वे भी जंग के पक्ष में नहीं हैं। भारत भी शांति ही चाहता है और चंद दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतन्याहू से बात करके यही संदेश दिया था कि बातचीत की मेज पर समस्याओं का हल निकालना चाहिए। यानी, अब फैसला नेतन्याहू को लेना है। हमें यह भी देखना होगा कि उन पर घरेलू राजनीति का दबाव कितना बढ़ता है। वैसे, ईरान के पास भी कई रास्ते हैं स्थिति को भड़काने के। वह इजरायल पर ही निशाना नहीं लगाए। हो सकता है कि पश्चिम के देशों को दबाव में लाने के लिए खाड़ी के पश्चिमी हिस्से में भी वह कार्रवाई करे।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5515

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5514

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 5515

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
| 6 | | | ■ | | ■ | | ■ |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | 10 |
| 11 | | 12 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | |
| 19 | 20 | ■ | ■ | 21 | | | ■ |
| ■ | 22 | | | | ■ | 23 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. ये भारत के प्रथम राष्टपति थे जो निर्विरोध चुने गए थे ( कार्यकाल 25 जुलाई 1977 से 25 जुलाई 1982 तक) (8)
6. रिश्तें में कुछ होना, सटना (3)
7. गान, गीत, वर्णन (2)
8. अवसरवादी (5)
11. रंगमंच का परदा (4)
13. बांग्लादेश की प्रचलित मुद्रा, चांदी का एक पुराना सिक्का (2)
14. मासिक वेतन, तनख्वाह (4)
17. धर्म के अनुकुल, उचित जायज, ग्रहण अथवा भोग करने योग्य (3)
18. वह प्राणी जो पुरूष जाति का हो, मर्द (2)
19. जिसका प्रचलन हो, प्रवाहित (2)
21. काले रंग का पक्षी जो बसंत ऋतु में अक्सर मधुर ध्वनि में बोलता है, चातक (3)
22. मंदगति मंद बुद्धिवाला (4)
23. अपना, स्वत्व, निज का (2)

**ऊपर से नीचे**

1. नीलापनयुक्त भूरे रंग की गाय के आकार का वन्य पशु (4)
2. प्रेम संबंध को यह भी कहत है (5)
3. वर्जित, निषेध (2)
4. जीवन निर्वाह का साधन, रोजी (3)
5. उस्तरा को यह कहते है (3)
8. अवसर, घटना स्थल (2)
9. तीन घंटे का समय, याम (3)
10. गले में पहनने का हार (4)
12. मुस्लिमों के विवाह की रीति (3)
14. मुखिया, सरदार (4)
15. किसी की प्रतिष्ठा, इज्जत या मान की हानि (4)
16. किसी अपराध आदि के बदले दिया गया दंड, कारावास (2)
20. चलिचित्र की लंबाई का मापदंड (2)

### वर्ग पहेली 5514 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | ■ | सिं | गा | र |
| ति | रा | हा | ■ | ■ | ह | ल | क |
| थि | ■ | ई | जा | द | ■ | ■ | म |
| ■ | चा | ■ | त | फा | व | त | ■ |
| अ | चा | न | क | ■ | जी | त | ना |
| सी | ■ | क | र्म | ■ | र | ■ | ग |
| म | वा | सी | ■ | ज्या | ■ | जी | वा |
| ■ | दा | र | म | दा | र | ■ | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा। राजनीतिक क्षेत्र में किए प्रयासों में सफलता मिलेगी। आपको शासन और सत्ता की तरफ से लाभ होगा और कारोबार में लाभ होगा। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से आपका मूड खराब हो सकता है। संतान पक्ष से कुछ राहत मिलेगी।

### वृष
आज करियर में लाभ का दिन है और आपकी योजनाएं सफल होने से मन खुश रहेगा। आपकी योजनाएं सफल होने से भाग्य साथ देगा और कारोबार में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। जीवन साथी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा। शाम के वक्त आपके रुके कार्य बनने से आपकी किस्मत चमकेगी और कारोबार में तरक्की होने से आपको खुशी होगी।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष की तरफ से आपको सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### तुला
आज दौड़भाग में बीतेगा और आपका पूरा दिन व्यस्तता में बीतेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम के वक्त कोई रुका कार्य पूर्ण होगा। रात में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। आपको कहीं दौड़भाग करनी पड़ सकती है। शत्रुओं आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य आपका साथ देगा। आपके कारोबार में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा।

### धनु
आज उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदायक रहेगी। शाम से लेकर रात तक आपको कुछ प्रिय लोगों से मुलाकात हो सकती है।

### कर्क
आज करियर और आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों से सहयोग और आनंद मिलेगा। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें। आपको लाभ होगा और धन समृद्धि में वृद्धि होगी।

### सिंह
आज दिन सावधानी से बिताने का है। आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो सकती है। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। रात का समय प्रियजनों से भेंट और आनंद में बीतेगा।

### कन्या
आज धन सम्मान में वृद्धि होगी। किसी प्रकार के विवाद से दूर रहें। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सावधान रहें और झगड़े विवाद से बचें। परिवार के लोगों से आपको मदद प्राप्त होगी और हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपको धन की प्राप्ति होगी।

### मकर
आज लाभ से भरा होगा और भाग्य का साथ मिलेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों के साथ आपका दिन खुशी में बीतेगा। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आने खुशी होगी। विरोधियों का अंत होगा। पास और दूर की यात्रा का प्रसंग स्थगित होगा। प्रणय संबंधों में बेहतरी हासिल होगी।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा और कारोबार में योजनाएं सफल होंगी। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और आज का दिन भाग्य आपका साथ देगा। किसी अच्छे डॉक्टर इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें। आपको कारोबार में लाभ होगा और धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपको कारोबार में योजनाएं सफल होंगी। और आपको सफलता मिलने से हर्ष होगा।

### मीन
आज धन में वृद्धि होगी। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको शासन और सत्ता के गठजोड़ से लाभ होगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। आपको कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से सहयोग मिलेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### आरएसएस नेताओं से मिलना एडीजीपी साहब को पड़ा भारी, सरकार ने रिपोर्ट मिलते ही कर दिया तबादला

**तिरुअनंतपुरम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेताओं से मिलने पर केरल सरकार ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एमआर अजित कुमार का तबादला कर दिया है। उनको राज्य की कानून-व्यवस्था संबंधी जिम्मेदारी से हटाकर सशस्त्र पुलिस बटालियन में तैनात किया गया है। खुफिया एडीजीपी मनोज अब्राहम को कानून-व्यवस्था का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य के पुलिस प्रमुख के नेतृत्व वाली एक विशेष टीम द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट की जांच के बाद यह निर्णय लिया। संघ नेताओं से मिलने के कारण अजित कुमार विपक्षी कांग्रेस और सत्तारूढ़ एलडीएफ के घटक दल भाकपा के निशाने पर थे। कहा जा रहा है कि अजित कुमार ने दिसंबर 2023 में त्रिशूर में संघ के शिविर के दौरान आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले से मुलाकात की थी। कुछ महीने पहले तिरुअनंतपुरम में राम माधव से मुलाकात करने की बात भी कही जा रही है। भाकपा के राज्य सचिव बिनाय विश्वम ने सरकार के फैसले का स्वागत किया है।

### हिमाचल के ऊना में पद्रवियों ने वंदे भारत ट्रेन पर किया पथराव, 4 डिब्बों को नुकसान

**उना, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर उपद्रवी तत्वों की ओर से पथराव किए जाने की घटना सामने आई है। यह घटना तब हुई जब ट्रेन अंब-अंदौरा स्टेशन से नई दिल्ली जा रही थी। इस हमले में वंदे भारत ट्रेन के चार डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि इस हमले में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। पथराव शनिवार अपराह्न लगभग सवा एक बजे बसाल गांव के समीप हुआ।

अज्ञात लोगों ने डिब्बों की खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। हमले के दौरान ट्रेन में बैठे यात्री खुद को बचाने के लिए सीटों के नीचे छिप गए। ट्रेन के चार डिब्बों ई-1, ई-2, सी-7 और सी-10 को नुकसान पहुंचने की जानकारी है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रेलवे पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। दोषियों को पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

हमले के तुरंत बाद लॉको पायलट ने तुरंत मामले की सूचना अंबाला डिवीजन को दी, जिसके बाद रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) और ऊना रेलवे पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस और आरपीएफ की टीमें घटनास्थल के आसपास के गांवों में जाकर लोगों से पूछताछ की। अभी तक पत्थरबाजों का सुराग नहीं मिल पाया है। रेलवे पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना के पीछे की वजह जानने की कोशिश कर रही है। सुरक्षा के लिहाज से कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि वंदे भारत ट्रेन हफ्ते में छह दिन चलती है। यह देश की सबसे तेज ट्रेनों में से एक है। घटना के बावजूद यात्री बिना किसी बाधा के अपनी यात्रा जारी रख सके। इस हमले में दो कोच के शीशे टूट गए और दो अन्य कोचों पर निशान पड़ गए। हाल ही में इटावा के पास मवेशी के टकरा जाने से अयोध्या-दिल्ली वंदे भारत ट्रेन लगभग तीन घंटे तक रुकी रही थी।

### शिमला में अब होटल में गोमांस का विवाद, कश्मीर के कर्मचारियों पर आरोप, गौशाला में माफी मंगवाई

**शिमला, एजेंसी।** शिमला के संजौली में मस्जिद विवाद के बीच एक निजी होटल में गोमांस (बीफ) लाने का मामला सामने आया है। होटल में काम करने वाले मुस्लिम समुदाय के दो कर्मचारियों पर ये आरोप लगे हैं। होटल में कार्यरत हिन्दू कर्मचारियों को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने इस पर आपत्ति जताई। इस बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा भी हुआ। मामला पुलिस के पास पहुंचा और पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई। हालांकि पुलिस को तफ्तीश में होटल में बीफ के इस्तेमाल का कोई प्रमाण नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि होटल में किसी भी प्रकार का कुछ संदिग्ध नहीं मिला है, लेकिन फिर भी पुलिस द्वारा होटल की रसोई का जरूरी सामान जांच के लिए एफएसएल भेजा जा रहा है, ताकि वास्तविकता का पता चल सके। इस घटनाक्रम को लेकर सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है।

# किंगमेकर बनने के मूड में पीडीपी, कांग्रेस-एनसी संग जाने को तैयार

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान खत्म होने के बाद सरकार बनाने के लिए गठबंधन की कोशिशें तेज हो गई हैं। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलेगा। मगर, भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर रखने के लिए समान विचारधारा वाले दलों और व्यक्तियों के लिए दरवाजे खुले हैं। वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि एनसी और कांग्रेस मिलकर सरकार बनाते दिख रहे हैं। अगर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी ) हमसे जुड़ने के लिए तैयार है, ये बेहद अच्छी बात है। दरअसल, एग्जिट पोल सामने आने के बाद पीडीपी नेता जुहैब यूसुफ मीर ने कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए वे एनसी और कांग्रेस के साथ गठबंधन करने को तैयार हैं।

पीडीपी लीडर के इस बयान को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें बधाई हो। उनकी सोच अच्छी है, हम सभी एक राह पर हैं। उन्होंने कहा, नफरत को हमें खत्म करना है और जम्मू-कश्मीर को इकट्?ठा रखना है। मालूम हो कि शनिवार को आए ज्यादातर एग्जिट पोल में कहा गया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर सकती है। भाजपा को 2014 के विधानसभा चुनाव में मिली 25 सीट की तुलना में इस बार थोड़ा अधिक सीट मिलने की उम्मीद है। पीडीपी को





इस बार 10 से भी कम सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। पीडीपी को 10 साल पहले हुए चुनाव में 28 सीट मिली थीं।

5 विधायकों को मनोनित करने पर मचा हंगामा

उपराज्यपाल की ओर से 5 विधायकों के संभावित मनोनयन पर कर्रा ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की मूल अवधारणा के विपरीत और लोगों के जनादेश को विफल करने के लिए चुनाव परिणामों में हेराफेरी के बराबर होगा। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी और भाजपा को उसके मंसूबों में सफल नहीं होने देगी, हालांकि वह सरकार गठन के लिए दावा करने के करीब भी नहीं होगी।' शहरी स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव पर कांग्रेस की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष कर्रा ने कहा कि इस पर अंतिम निर्णय निर्वाचित सरकार पर छोड़ दिया जाना चाहिए। पार्टी उम्मीदवारों ने कर्रा को बताया कि पुलिस और प्रशासन भाजपा का पक्षधर है और आरोप लगाया कि प्रशासन सत्तारूढ़ पार्टी के प्रत्याशियों की ओर से चुनावी कदाचार के खिलाफ कार्रवाई करने में ज्यादातर जगहों पर विफल रहा है।

फारूक अब्दुल्ला का भाजपा से गठबंधन करने से इनकार

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला कह चुके हैं कि उनकी पार्टी सरकार बनाने के लिए भाजपा से कोई गठबंधन नहीं करेगी। अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा, 'हम बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। चुनाव में जो मत हमें मिले हैं वे भाजपा के खिलाफ हैं। मुस्लिमों को वे मुश्किल में डालते हैं, उनकी दुकानों, मकानों, मस्जिदों और विद्यालयों पर बुलडोजर चलाते हैं। आप समझते हैं कि हम उनके साथ जाएंगे?' उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक भी मुस्लिम को प्रतिनिधित्व नहीं दिया और यहां तक केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। एनसी अध्यक्ष ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमारे लोग भाजपा के लिए मतदान नहीं करेंगे। अगर वे सोचते हैं कि सरकार बना लेंगे तो वह ख्याली दुनिया में हैं।'

# कांग्रेस जीती तो कौन बनेगा हरियाणा का मुख्यमंत्री, कुमारी शैलजा बोलीं- रेस में हूं लेकिन...

**चंडीगढ़, एजेंसी।** एग्जिट पोल के नतीजों ने हरियाणा में कांग्रेस को हरी झंडी दे दी है। कांग्रेस आलाकमान के लिए सबसे बड़ा सवाल मुख्यमंत्री पद को लेकर है कि चुनाव जीतने पर किसके सिर पर जीत का सेहरा पहनाया जाए। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने मुख्यमंत्री पद को लेकर कहा है कि वह हरियाणा के मुख्यमंत्री के पद को लेकर किसी तरह का कोई दावा पेश नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि आखिर मुझे दावा क्यों पेश करना चाहिए? सभी को इस तरह की मानसिकता से दूर रहना चाहिए की पद के लिए लोग दावा करते हैं। एग्जिट पोल के नतीजों पर शैलजा ने कहा कि मुझे विश्वास है कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी 60 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। लगभग सात एग्जिट पोल्स ने अनुमान लगाया है कि पार्टी बहुमत के साथ सत्ता में आएगी।

एनडीटीवी के साथ बात करते हुए कुमारी शैलजा ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पद को लेकर किसी भी प्रकार का कोई दावा नहीं करने वालीं। हालांकि मैं इस रेस में हूं लेकिन इस पद का चुनाव पारंपरिक दावेदारी के माध्यम से नहीं होगा। इस पद के लिए हमारे पास वरिष्ठता का एक स्तर है, जो जमीन पर कड़ी मेहनत करते हैं और पार्टी के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे लोगों पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी की हर राज्य ईकाइ में समूह होते हैं। इसलिए केवल हरियाणा या हमारी पार्टी के ऊपर सवाल



उठाना गलत है। हम सभी ने मिलकर जमीन पर इस चुनाव में कड़ी मेहनत की है।

**विधायकों की जगह आलाकमान ले मुख्यमंत्री पद का फैसला:** कुमारी शैलजा ने विधायकों के द्वारा मुख्यमंत्री चुनने की प्रक्रिया को गलत बताते हुए कहा कि मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। विधायक इसके लिए उत्तरदायी नहीं होने चाहिए। सांसद ने कहा कि अगर विधायकों के ऊपर यह फैसला छोड़ा जाता है तो इससे और अधिक गुटबाजी हो सकती है। इस गुटबाजी से बचने के लिए आलाकमान को ही यह फैसला लेना चाहिए कि जीत के बाद कौन मुख्यमंत्री बनेगा।

**मुझे सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त- कुमारी शैलजा:** कांग्रेस सांसद ने हरियाणा में अपनी स्वीकार्यता को लेकर कहा है कि हरियाणा मुझे एक मौका दे सकता है। मुझे हरियाणा के सभी वर्गों का समर्थन हासिल है, मुझे दलितों का भी समर्थन हासिल है। मुझे लगता है कि हमें एक वर्ग के प्रभुत्व की तरफ नहीं जाना चाहिए, यह उस वर्ग के लिए भी सही नहीं है। वह अलग-थलग पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रीय पार्टी को चीजों के प्रति अपना एक राजनीतिक दृष्टिकोण रखना चाहिए, किसी पद पर लोगों को चुनते समय हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि हम जनता को क्या दिखाना चाहते हैं या हम क्या करना चाहते हैं। इसके अलावा आलाकमान के शब्द अंतिम होते हैं वह जो फैसला लेंगे वह हम सभी को मंजूर होगा। दरअसल, हरियाणा कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर दावेदारी पहले ही शुरू हो गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और कुमारी शैलजा मुख्यमंत्री पद को लेकर अपनी इच्छा पहले ही जता चुक हैं।

एग्जिट पोल के नतीजों के अनुसार हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को अच्छी बढ़त मिलती हुई दिख रही है। भाजपा को इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ सकता है। मंगलवार 8 अक्टूबर को होने वाली मतगणना के बाद जम्मू-कश्मीर और हरियाणा को अगले पांच साल तक कौनसी पार्टी नेतृत्व देगी इसका फैसला हो जाएगा।

# इजरायल लिखी बस पर बवाल, ट्रैवल एजेंसी मालिक को बदलना पड़ा नाम



**कन्नड़, एजेंसी।** हिजबुल्लाह पर इजरायल के हमले और ईरान व फिलिस्तीन की टेंशन का असर भारत पर भी दिख रहा है। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में एक बस मालिक को अपनी ट्रैवल एजेंसी का नाम बदलना पड़ गया। असल में उसने अपनी बस पर ट्रैवल एजेंसी का नाम इजरायल ट्रैवल्स लिखवा रखा था। लेकिन सोशल मीडिया में हो रही आलोचना के बाद उसे यह नाम बदलना पड़ा। अब उसने इसका नाम जेरुसलम रखा है। इस ट्रैवल एजेंसी की बसें मूडबिडरी-किन्नीगोली-कती-मुल्की रूट पर चलती है। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर इसकी फोटो शेयर की थी। इन लोगों ने पुलिस से मांग की थी कि इसके खिलाफ केस दर्ज किया जाए।

बस मालिक लेस्टर कतील ने बताया कि उसने 12 साल तक इजरायल में काम किया है। इसीलिए उसने अपनी ट्रैवेल एजेंसी का नाम इजरायल के नाम पर रखा। उन्होंने बताया कि घर वापस लौटने से पहले मैंने इजरायल में अलग-अलग जगहों पर काम किया। जब मैंने अपनी ट्रैवेल एजेंसी शुरू की तो यह नाम रखने के बारे में सोचा था। तब मुझे बिल्कुल भी आइडिया नहीं था कि लोगों को इस पर ऑब्जेक्शन हो सकता है। मैंने तो एजेंसी का नाम सिर्फ इसलिए इजरायल रखा था क्योंकि उस देश ने मुझे रोजगार दिया था। आपत्ति जताने वाले लोगों का तर्क था कि अगर कोई फिलिस्तीन के समर्थन में तस्वीर लगाता है तो पुलिस केस करती है। ऐसे में इजरायल का समर्थन करने के लिए लेस्टर के खिलाफ केस क्यों नहीं होना चाहिए?

गौरतलब है कि कर्नाटक का दक्षिण कन्नड़ जिला सांप्रदायिक तनाव वाला है। जब लोगों ने सोशल मीडिया पर बस पर लिखे नाम पर सवाल उठाया तो इसे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। इसके बाद बस मालिक ने इसमें बदलाव करते हुए जेरुसलम नाम रखने का फैसला किया। उन्होंने कहाकि मुझे समझ नहीं आ रहा कि लोगों को 'इजरायल ट्रैवल्स' से दिक्कत क्या है? लेस्टर ने कहाकि पुलिस को कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन मैंने नाम इसलिए बदल लिया ताकि आगे चलकर कोई मुश्किल न हो।

# किडनैप कर काट डाले दोनों हाथ; गुरुग्राम में पुरानी रंजिश में युवक का सनसनीखेज मर्डर

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम के सोहना ब्लॉक के गांव खेड़ला में एक युवक की अपहरण के बाद बेरहमी से हत्या कर दी गई। युवक के दोनों हाथों को काटकर शरीर से अलग कर दिए गए। शव पर तेज धार हथियार से वार करने के कई निशान मिले हैं। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर इस हत्या में संलिप्त तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। परिजनों के मुताबिक, यह हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई है।

खेड़ला गांव के रहने वाले 25 वर्षीय अतुल राघव का अपहरण होने की शिकायत शुक्रवार को सोहना के सदर थाना में की गई थी। अपहरण का आरोप दो युवकों पर लगा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक और अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को अतुल के परिजनों को गांव खेड़ला की अरावली में एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। परिजनों ने मौके पर जाकर देखा तो पाया कि वह शव अतुल का था। शव गली-सड़ी हालत में पहुंच गया था।

पुलिस की सूचना पर सीएफएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। मृतक के पिता लोकेश ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा कि गांव के ही रहने वाले सौरभ और अंकित ने शुक्रवार को उसका अपहरण किया था। इस मामले में सदर थाना प्रभारी जगजीत सिंह का कहना है कि हत्या आरोपियों की गिफ्तारी के लिए छापे मारे जा रहे हैं।

### रंजिश में वारदात को अंजाम देने का आरोप

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अतुल राघव की हत्या पुरानी रंजिश के चलते हुई है। एक साल पहले उसका किसी से झगड़ा हो गया था। झगड़े में मृतक ने किसी युवक को बुरी तरह से पीट दिया था। इसी रंजिश के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। तीसरे युवक के बारे में न तो पुलिस कुछ बोल रही है और न ही मृतक के परिजन। वहीं, हत्या की वारदात को अंजाम देने में जिन दो युवकों पर आरोप लगाया है, वे आपराधिक प्रवृति के हैं। इनके खिलाफ लूट, छीना झपटी आदि कई मामले पहले से ही दर्ज हैं। मृतक अतुल भी इनके साथ रहता था।

# माधव फॉर्मूला महाराष्ट्र में जीत की गारंटी? चुनाव से पहले भाजपा कैसे साध रही जातिगत समीकरण

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले जातीय समीकरणों को साधने की कोशिशें तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी भी अपने स्तर पर मतदाताओं को लुभाने में लगी हुई है। इस कड़ी में, प्याज के निर्यात पर कर घटाने के साथ ही बंजारा विरासत म्यूजियम खुलवाया गया है। जानकार इस प्रयासों के बड़े राजनीतिक मायने निकालते हैं। राज्य में सत्ताधारी महायुति गठबंधन का अहम हिस्सा बीजेपी माधव फॉर्मूले को भी आजमा रही है जो कि 6 ओबीसी जातियों का संयुक्त रुप है। लोकसभा चुनाव के दौरान मराठवाडा इलाके में बीजेपी का खाता तक नहीं खुला, जबकि पश्चिमी महाराष्ट्र में भगवा दल महज 2 सीटें जीत सका।

ऐसे में भाजपा एक बार फिर से अपने पुराने और कारगर माधव फॉर्मूला पर जोर दे रही है जो कि माली, धनगर और वंजारा समुदायों का प्रतिनिधित्व करता है। ये तीनों जातियों ओबीसी के तहत आती हैं। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पार्टी नेताओं का मानना है कि इन जातियों के बीच भाजपा की पकड़ कमजोर हुई है। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर राज्य



सरकार के अनिश्चित रवैये का असर पड़ा है। कहा जा रहा है कि ओबीसी मतदाता भगवा दल से दूर जा रहे हैं। बीजेपी के सीनियर नेता ने कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहती है।

इसके लिए इन तीन जातियों के नेताओं को टिकट वितरण में प्राथमिकता दी जा सकती है। हमें उम्मीद है कि इससे ओबीसी वोटर्स के बीच हमारी पकड़ मजबूत होगी। मराठवाडा इलाके में राज्य की 46 विधानसभा सीटें आती हैं। पश्चिमी महाराष्ट्र में 70 सीटें हैं जो कि किसी भी दूसरी जगह की तुलना से सबसे ज्यादा है। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने पश्चिमी महाराष्ट्र में 20 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि मराठवाडा में 16 उम्मीदवारों की विजय हुई। मालूम हो कि महायुति सरकार ने हाल ही में अहमदनगर का नाम बदलकर अहिल्यादेवी होल्कर के नाम पर अहिल्यानगर कर दिया। अहिल्यादेवी होल्कर धनगर समुदाय के बीच पूजनीय हैं, वह उनके लिए देवता के बराबर हैं। साथ ही, राज्य सरकार ने ब्राह्मण और राजपूत समुदायों के आर्थिक विकास के लिए 2 निगम स्थापित करने का निर्णय लिया है।

# महाराष्ट्र के हॉस्टल में डिनर के बाद बीमार पड़ीं 50 छात्राएं

## भोजन में छिपकली गिरने का आरोप

**लातूर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के लातूर शहर में सरकारी कॉलेज के हॉस्टर में रात का भोजन करने के बाद कई स्टूडेंट्स की तबीयत बिगड़ गई। संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के कारण 50 छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुरणमल लाहोटी शासकीय पॉलिटेक्निक के इस छात्रावास में 324 छात्राएं रहती हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम करीब 7 बजे छात्राओं ने चावल, चपाती, ओकरा सब्जी खाई और दाल का सूप पीया। रात साढ़े 8 बजे तक उनमें से कई को बेचैनी महसूस हुई और कुछ छात्राओं को उल्टी होने लगी। छात्राओं ने कहा कि भोजन में छिपकली पाई गई थी। हालांकि, पूरे मामले की जांच अभी जारी है।

हॉस्टल से ऐसी सूचना मिलने पर कॉलेज के प्रिंसिपल मौके पर पहुंचे। उन्होंने लातूर में विलासराव देशमुख राजकीय मेडिकल कॉलेज एंड



हॉस्पिटल के डीन डॉ. उदय मोहिते को सूचित किया। पीड़ित छात्राओं को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। डॉ. मोहिते ने बताया कि मध्यरात्रि तक करीब 50 छात्राओं को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से 20 को देर रात तीन बजे तक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। 30 अन्य छात्राओं का अस्पताल में उपचार हो रहा है। इनमें से किसी की हालत गंभीर नहीं है।

भोजन के सैंपल की जांच जारी

कॉलेज के प्रिंसिपल वीडी नितनावरे ने कहा, 'हॉस्टल की कुछ छात्राओं की तबीयत खराब होने की खबर मिलने के बाद हम तुरंत मौके पर पहुंचे। सभी पीड़ित छात्राओं को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह सुनिश्चत करने के लिए व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई कि किसी छात्रा को कोई खतरा न हो। चिंता की कोई बात नहीं है।' उन्होंने बताया कि शिवाजीनगर पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और प्राधिकारियों ने भोजन के नमूने एकत्रित किए। सैंपल की रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य विषाक्तता की वजह का पता लगाया जाएगा। घटना की सूचना मिलने के बाद लातूर से लोकसभा सदस्य शिवाजी कलगे छात्राओं का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे। कांग्रेस सांसद ने लातूर की जिलाधीश वर्षा ठाकुर घूगे से भी संपर्क किया और उनसे घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग रखी।

# केरल के निर्दलीय विधायक पीवी अनवर को अपनी पार्टी में शामिल नहीं करेगी डीएमके

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में माकपा के साथ गठबंधन में शामिल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पार्टी केरल से निर्दलीय विधायक पीवी अनवर को अपनी पार्टी में शाम?िल नहीं करेगी, जो वाम दलों के समर्थन से जीते हैं। अनवर ने हाल ही में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ आरोप लगाए थे। इस पर उन्हें तत्काल माकपा संसदीय दल से निष्कासित कर दिया गया था। इसके वे सदस्य थे।

अलग-थलग पड़े विधायक शनिवार को चेन्नई में थे और उन्होंने मंत्री सेंथिल बालाजी सहित डीएमके के कुछ नेताओं के साथ बैठक की। इसके बाद सियासी गलियारों में चर्चा तेज है कि अनवर डीएमके में शाम?िल हो सकते हैं। इससे पहले उन्होंने घोषणा की थी कि वह एक नया राजनीतिक दल बनाएंगे। केरल की डीएमके इकाई ने भी शीर्ष नेतृत्व को अनवर को पार्टी में शामिल करने का प्रस्ताव दिया था।

डीएमके नेता और पार्टी प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने मीडियाकर्मियों को बताया कि, पार्टी अनवर को शामिल नहीं करेगी, क्योंकि उन्हें सीपीआई-एम संसदीय दल से निष्कासित कर दिया गया है। एलंगोवन ने यह भी कहा कि अनवर नियमित रूप से माकपा नेता और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की आलोचना करते रहे हैं। यह पीवी अनवर के लिए एक बड़ा झटका होगा, जो डीएमके में शाम?िल होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन डीएमके के राजनीतिक रुख ने उनके कदम में बाधा डाल दी है। हालांकि अनवर ने बिजली मंत्री सेंथिल बालाजी से भी मुलाकात की है, जो पश्चिमी तमिलनाडु में डीएमके के ताकतवर नेता हैं और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेहद करीबी हैं। देखना होगा कि बालाजी स्टालिन पर अनवर की डीएमके में एंट्री के लिए दबाव बनाते हैं या नहीं। डीएमके सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि, पार्टी अनवर को शामिल नहीं करेगी, क्योंकि डीएमके का माकपा नेतृत्व के साथ बहुत अच्छा तालमेल है। चेन्नई में राजनीति विज्ञान के सेवानिवृत्त प्रोफेसर और सामाजिक कार्यकर्ता के.आर. रामानंदन ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, डीएमके अनवर जैसे व्यक्ति को कभी भी अपने दल में शामिल नहीं करेगी।

इंग्लैंड वर्सेस पाकिस्तान टेस्ट:

# शान मसूद ने 1524 दिन बाद ठोका टेस्ट शतक



**मुल्तान, एजेंसी।** टेस्ट क्रिकेट में शान मसूद के शतक का इंतजार आखिरकार थम गया. इंग्लैंड के खिलाफ मुल्तान टेस्ट में शतक जड़कर उन्होंने अपने इंतजार का सिलसिला तोड़ा. टेस्ट में शान मसूद ने आखिरी बार शतक साल 2020 में लगाया था. 5 अगस्त 2020 को इंग्लैंड के खिलाफ जमाए उस शतक के बाद अब अपने इंतजार को भी उन्होंने इंग्लैंड की टीम के खिलाफ ही खत्म किया है. टेस्ट में 1524 दिन बाद जो शतक शान मसूद ने लगाया है वो इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा और उनके टेस्ट करियर का 5वां शतक है.

### 10 साल बाद पाक बल्लेबाज का इतना तेज शतक

शान मसूद के इंग्लैंड के खिलाफ मुल्तान टेस्ट में जमाए शतक की सबसे खास बात ये रही कि इसकी स्क्रिप्ट उन्होंने काफी तेजी से लिखी. मुल्तान में कप्तानी पारी को खेलने के दौरान शान मसूद का स्ट्राइक रेट हमेशा बेहतर स्थिति में रहा, जिसका असर पाकिस्तान के स्कोर बोर्ड पर भी देखने मिल रहा है. टेस्ट क्रिकेट में 10 साल बाद ऐसा देखने को मिला है जब किसी पाकिस्तानी बल्लेबाज ने इतनी तेजी से शतक जड़ा है.

### इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी बार टेस्ट शतक

शान मसूद ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी बार शतक जड़ा है. हालांकि, ये पहली बार है जब इंग्लैंड के खिलाफ शतक की स्क्रिप्ट उन्होंने अपने मुल्क में लिखी है. 2020 में उन्होंने मैनचेस्टर में खेले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 156 रन की पारी खेली थी. मुल्तान टेस्ट में शान मसूद ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने शतक की स्क्रिप्ट 102 गेंदों पर 2 छक्के और 10 चौके की मदद से लिखी.

## अब्दुल्लाह शफीक ने खत्म किया 10 पारी का सूखा, टेस्ट क्रिकेट में लगाया 5वां शतक

इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान के प्तान शान मसूद के बाद ओपनर अब्दुल्लाह शफीक ने शतक जड़ा। इस शतक के साथ उन्होंने 10 पारी का सूखा खत्म किया। टेस्ट क्रिकेट में यह



उनका 5वां शतक है। इससे पहले उन्होंने जुलाई 2023 में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। श्रीलंका के खिलाफ 201 रन की पारी खेलने के बाद अब्दुल्लाह शफीक 10 में से 7 पारी में दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर पाए थे। मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिसंबर 2023 में उन्होंने 62 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा अगस्त 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने 37 रन बनाए थे। वह 10 में 3 पारियों में डक पर आउट हुए थे।

## हार्दिक पांड्या ने तोड़ा

# किंग कोहली का महारिकॉर्ड

**हार्दिक ने टी20 इंटरनेशनल में टीम इंडिया को 5 बार छक्का लगाकर विजयी बनाया है. जबकि विराट कोहली ने 4 बार ऐसा किया है. इस तरह हार्दिक ने किंग कोहली का महारिकॉर्ड तोड़ दिया. इस लिस्ट में पूर्व कप्तान एमएस धोनी और मौजूदा बल्लेबाज ऋषभ पंत भी मौजूद हैं. दोनों ही बल्लेबाजों ने भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल मुकाबला खत्म करते हुए 3-3 बार छक्के लगाए हैं.**



**ग्वालियर, एजेंसी।** हार्दिक पांड्या ने बांग्लादेश के खिलाफ ग्वालियर में खेले गए पहले टी20 में कमाल की पारी खेली. हार्दिक की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत टीम इंडिया ने सिर्फ 11.5 ओवर में एकतरफा जीत हासिल की. बांग्लादेश के खिलाफ गया मुकाबला भारतीय ऑलराउंडर ने छक्के के साथ खत्म किया. छक्का लगाते हुए उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया.

न्यू माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में हार्दिक ने टीम इंडिया के लिए 16 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39* रन बनाए. इस दौरान उन्होंने छक्का लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई, जिसके साथ वह भारत को टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार छक्का लगाकर जीत दिलाने वाले खिलाड़ी बन गए.

### भारत ने आसानी से जीता मैच

ग्वालियर में खेले गए पहले टी20 में टीम इंडिया ने आसानी से जीत अपने नाम की. मुकाबले में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया और पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश को 19.5 ओवर में 127 रनों पर ढेर कर दिया. इस दौरान टीम इंडिया के लिए अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 विकेट चटकाए. इसके अलावा हार्दिक पांड्या, वाशिंगटन सुंदर और मयंक यादव को 1-1 सफलता मिली.

फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 11.5 ओवर में 132/3 रन बनाकर जीत अपने नाम कर ली. इस दौरान हार्दिक पांड्या ने टीम के लिए सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 16 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39* रन बनाए.



## टी-20 में सुरेश रैना के छक्कों का यह रिकॉर्ड टूटा, सूर्यकुमार चौथे नंबर पर पहुंचे

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने 3 मैचों की टी20आई सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को ग्वालियर में 7 विकेट से हरा दिया और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए 19.5 ओवर में 127 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने 11.5 ओवर में 3 विकेट पर 132 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। इस मैच में सूर्यकुमार की कप्तानी लाजवाब रही तो वहीं उनकी बल्लेबाजी भी बेहतरीन रही। हालांकि उन्होंने छोटी पारी खेली, लेकिन इस दौरान उन्होंने ताबड़तोड़ शॉट्स लगाए और सुरेश रैना के एक बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ने में सफल रहे।

**सुरेश रैना से आगे निकले सूर्यकुमार यादव**

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ग्वालियर में 14 गेंदों पर 3 छक्के और 2 चौकों की मदद से 29 रन की पारी खेली और एक बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। इन 3 छक्कों की मदद से सूर्यकुमार यादव टी20 क्रिकेट में छक्के लगाने के मामले में सुरेश रैना से आगे निकल गए। टी20 क्रिकेट में अब सूर्यकुमार के 328 छक्के हो गए जबकि रैना ने 325 छक्के लगाए थे। सूर्या अब टी20 प्रारूप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे स्थान पर आ गए जबकि रैना पांचवें नंबर पर चले गए। वहीं रोहित शर्मा 525 छक्कों के साथ पहले तो वहीं विराट कोहली 416 छक्के लगाकर दूसरे नंबर पर हैं।

### टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय

525 - रोहित शर्मा
416 - विराट कोहली
338 - एमएस धोनी
328 - सूर्यकुमार यादव
325 - सुरेश रैना
311 - केएल राहुल
302 - संजू सैमसन

सूर्या ने बांग्लादेश के खिलाफ 29 रन की पारी 207.14 की स्ट्राइक रेट के साथ खेली। उन्होंने भारत की तरफ से टी20आई में 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट के साथ 12वीं बार 25 या उससे ज्यादा रन बनाने का कमाल किया है। उनके बाद ऐसा 8 बार हार्दिक पांड्या ने किया है जबकि रोहित शर्मा और युवराज सिंह ने 7-7 बार ये कमाल किया था।

12 बार -सूर्यकुमार यादव
8 बार - हार्दिक पांड्या
7 बार - रोहित शर्मा
7 बार - युवराज सिंह
6 बार - दिनेश कार्तिक
4 बार - यशस्वी जायसवाल

## पंकज आडवाणी ने जीता सिंगापुर ओपन बिलियर्ड्स खिताब, जाडेन ओंग को 5-1 से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फाइनल में आडवाणी ने शुरुआती दो फ्रेम जीत लिए लेकिन उसके बाद ओंग ने फ्रेम जीतकर मैच में लौटने की कोशिश की। चौथे फ्रेम में आडवाणी ने शानदार खेल दिखाया।

क्यू स्पोर्ट्स के स्टार पंकज आडवाणी ने सिंगापुर में स्थानीय दावेदार जाडेन ओंग को 5-1 से हराकर सिंगापुर ओपन का बिलियर्ड्स खिताब जीत लिया। फाइनल तक के सफर में पंकज ने पूर्व आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियन डेचावत पूमचेइंग को क्वार्टर फाइनल में हराया था। फाइनल में आडवाणी ने शुरुआती दो फ्रेम जीत लिए लेकिन उसके बाद ओंग ने फ्रेम जीतकर मैच में लौटने की कोशिश की। चौथे फ्रेम में आडवाणी ने शानदार खेल दिखाया। पांचवें फ्रेम में आडवाणी ने 74-6 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। अब अगले माह पंकज आडवाणी दोहा में अपने विश्व बिलियर्ड्स खिताब की रक्षा करेंगे।

# पार्थिव पटेल ने बताई एबी डिविलियर्स की क्या थी कमजोरी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के एबी डिविलियर्स दुनिया के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। अपने करियर के दौरान हर गेंदबाज डिविलियर्स से खौफ खाता है। वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 31 गेंदों पर शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके नाम ही है। वह वनडे में 9 बार 75 या उससे कम गेंदों पर शतक लगा चुके हैं। आईपीएल में भी उन्होंने आरसीबी के लिए कई यागदार पारियां खेली हैं। इस बीच पार्थिव पटेल से डिविलियर्स की कमजोरी पूछी गई।

**क्या है एबी डिविलियर्स की कमजोरी?**

आईपीएल में भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल एबी डिविलियर्स के साथ काफी खेले हैं। पार्थिव से एक इंटरव्यू में पूछा गया कि वानखेड़े स्टेडियम जैसी आसान विकट हो तो डिविलियर्स की कोई कमजोरी है। इसके जवाब में पार्थिव ने हाथ हिलाकर मना करते हुए कहा, कोई तरीका नहीं है, खाली उसके बोल सकते हैं



कि फाइनल मैच या नॉकआउट मैच है। तो फिर कुछ हो सकता है।

**साउथ अफ्रीका का चोक करने का इतिहास**

एबी डिविलियर्स ही नहीं बल्कि साउथ अफ्रीका की पूरी टीम का इतिहास चोक करने का रहा है। नॉकआउट या फाइनल जैसे मैच में टीम लगभग फेल ही रहती है। डिविलियर्स ने दो बार आईपीएल का फाइनल खेला है। 2011 में उन्होंने 12 गेंद पर 18 रन बनाए थे तो 2016 में 6 गेंद पर सिर्फ 5 रन बना सके। दोनों मैचों में आरसीबी को हार मिली थी। अपने इंटरनेशनल करियर में डिविलियर्स एक बार भी आईसीसी इवेंट का फाइनल नहीं खेल पाए।

एबी डिविलियर्स ने अपने इंटरनेशनल करियर में 48 की औसत से रन बनाए हैं। नॉकआउट मैच की बात करें तो उन्होंने करियर में 9 नॉकआउट मैच में हिस्सा लिया है। टी20 के दो नॉकआउट मैच में 5.5 की औसत से उन्होंने 11 रन बनाए हैं।

## हरमनप्रीत कौर की फिटनेस पर स्मृति मंधाना ने दिया अपडेट

- पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच में लगी चोट



**दुबई, एजेंसी।** 2024 महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत के दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर खेल समाप्त होने से ठीक पहले अपना संतुलन खोने और गर्दन में चोट लगने के कारण 29 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गईं जिससे कई लोग चिंतित हो गए। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में हरमनप्रीत की जगह उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि चिकित्सा दल भारतीय कप्तान की गर्दन की चोट की जांच कर रहा है।

स्मृति ने कहा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, चिकित्सक इसकी जांच कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह ठीक होंगी। अरुंधति रेड्डी के करियर के सर्वश्रेष्ठ 3-19 के स्पेल की बदौलत पाकिस्तान को 105/8 पर रोकने के बाद भारत से उम्मीद थी कि वह अपने नेट रन रेट को बढ़ाने के इरादे से झटके में पीछा पूरा कर लेगा, जो न्यूजीलैंड से 58 रन की हार के कारण काफी प्रभावित हुआ। लेकिन पाकिस्तान की अनुशासित गेंदबाजी के कारण भारत पावर-प्ले में केवल 25/1 रन ही बना सका और जोखिम लेने की कभी भी तत्परता नहीं दिखाई। स्मृति ने स्वीकार किया कि भारत जिस तरह से पीछा करने के लिए आगे बढ़ा था, उसमें सुधार हो सकता था, अब उनका नेट रन रेट -1.217 है। पाकिस्तान का रन रेट और स्थिति हार के बाद भी बेहतर है। मंधाना ने कहा, हमने इसके बारे में सोचा (नेट रन रेट बढ़ाने के बारे में), लेकिन मैं और शेफाली गेंद को टाइम नहीं कर सके। इसलिए हम ऐसी स्थिति में नहीं पहुंचना चाहते थे जहां हम गेम का पीछा कर रहे हों, लेकिन हत्र्क्रनिश्चित रूप से हमारे दिमाग में है। यह गेम हमें कुछ गति देगा और उम्मीद है कि हम इस टूर्नामेंट में आगे बढ़ सकते हैं।

सीपीएल 2024 फाईनल:

# फाफ डु प्लेसी की टीम ने पहली बार जीता खिताब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेंट लुसिया किंग्स ने पहली बार सीपीएल 2024 का खिताब जीत लिया है. ये सेंट लुसिया किंग्स का तीसरा फाइनल था. जबकि, फाफ डु प्लेसी भी पहली बार सीपीएल फाइनल में सेंट लुसिया किंग्स की कप्तानी कर रहे थे.

इस तरह फाफ डु प्लेसी के लिए भी ये खिताबी जीत खास है. सेंट लुसिया किंग्स ने सीपीएल 2024 के फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन गयाना अमेजन वॉरियर्स को 6 विकेट से हराया. सेंट लुसिया किंग्स की जीत में अमेरिकी बल्लेबाज आरोन जोंस और अफगानिस्तान के गेंदबाज नूर अहमद की बड़ी भूमिका रही.

**गयाना की टीम ने 20 ओवर में 138 रन बनाए:** फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी गयाना अमेजन वॉरियर्स ने की और 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 138 रन बनाए. सेंट लुसिया किंग्स की ओर से शानदार गेंदबाजी हुई, जिसने गयाना की टीम को 150 रन से पहले ही रोक दिया.

नूर अहमद सेंट लुसिया के सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट लिए. गयाना के बल्लेबाजों की हालत सेंट लुसिया के गेंदबाजों के आगे इतनी खराब रही कि 25 रन बनाने वाला बल्लेबाज टीम का टॉप स्कोरर रहा.



**आरोन जोंस और रोस्टन चेज की साझेदारी ने सेंट लुसिया को जिताया**

सेंट लुसिया किंग्स को जीत के लिए 139 रन का लक्ष्य मिला, जिसका पीछा करते हुए एक वक्त हालत उसकी भी खराब रही. गयाना ने भी सिर्फ 51 रन पर सेंट लुसिया के 4 विकेट गिरा दिए.

लेकिन फिर उसके बाद आरोन जोंस और रोस्टन चेज के बीच 50 गेंदों में हुई नाबाद 88 रन की साझेदारी ने टीम को मैच जिता दिया. आरोन जोंस फाइनल में 31 गेंदों पर 48 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि रोस्टन चेज ने 22 गेंदों पर 39 रन बनाकर नॉट आउट रहे.

### सेंट लुसिया किंग्स ने पहली बार जीता खिताब

45 साल के कप्तान इमरान ताहिर की कप्तानी में गयाना अमेजन वॉरियर्स ने पिछली बार 11 साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए विजेता का ताज पहना था. इस बार इमरान ताहिर की कमान में गयाना की टीम अपने खिताब को डिफेंड करने उतरी थी. लेकिन, सेंट लुसिया किंग्स ने ऐसा होने नहीं दिया और पिछले दो फाइनल में मिली नाकामी को भुलाते हुए इस बार कामयाबी की स्क्रिप्ट लिखी.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### राजकीय बालक विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता

पटना (नि.सं.)। राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय वन्यजीव संस्थान एवं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की जलज परियोजना के तहत विश्व वन्यप्राणी सप्ताह के अंतर्गत किया गया। इस कार्यक्रम में पटना के पांच सरकारी विद्यालयों के सौ विद्यार्थियों ने मानव वन्यप्राणी सह अस्तित्व थीम पर चित्रकला बनाई। इसका उद्देश्य बच्चों के बीच पर्यावरण एवं जन संरक्षण पर बल देना एवं आसपास के लोगों को इसके इसके प्रति जागरूक करना है। जलज परियोजना के सहायक समन्वयक मयंक ओझा ने नदी जैव विविधता एवं पर्यावरण के महत्व एवं सामाजिक दायित्व की जानकारी दी। विद्यालय के उप प्राचार्य विधु मंगल सिंह ने अनय पर्यावरण संबंधी गतिविधियों में भाग लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में वरीय शिक्षक धीरज कुमार,शिक्षिका अमीप्रिया, ममता कुमारी, नंदनी कुमारी, बिंदु कुमारी, किरण कुमारी, अशोक कुमार, संगीता कुमारी, सुष्मिता रंजन ने अहम भूमिका निभाई।

### हाई कोर्ट ने फीडर कैडर सहायकों के प्रमोशन पर लगाई रोक

पटना (नि.सं.)। पटना हाई कोर्ट ने अपने फैसले से फीडर कैडर सहायकों की सेवा अवधि का आकलन करते हुए उन्हें सेक्शन ऑफिसर, अवर सचिव एवं संयुक्त सचिव के पदों पर कोई भी तदर्थ पदोन्नति देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। न्यायाधीश बिबेक चौधरी की एकलपीठ ने नेमनी दास एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि रीट याचिका के निष्पादन तक फीडर कैडर के सहायकों को उक्त वर्णित पदों पर तदर्थ पदोन्नति नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने वरीय अधिवक्ता वाई वी गिरि एवं निवेदिता निर्विकार को सुनते हुए उक्त आदेश पारित किया।

### तेजस्वी ने बंगला छोड़ा

पटना (नि.सं.)। पटना के 5 देश रत्न मार्ग स्थित जिस सरकारी बंगले में तेजस्वी यादव रह रहे थे, वहां से उनके हटते ही बंगले से टोटी, गीजर से लेकर कुर्सियां तक गायब हो गईं। नये एसी-सोफा हटाकर पुराने एसी-सोफा रख दिए गए। दरअसल, डिप्टी सीएम बनने के बाद तेजस्वी को यह बंगला अलॉट किया गया था। महागठबंधन की सरकार गिरने के बाद भी उन्होंने बंगला खाली नहीं किया था। भवन निर्माण विभाग के नोटिस जारी करने के बाद तेजस्वी ने शनिवार को बंगला खाली किया। उनका सामान हटते ही बंगले से सरकारी सामान भी गायब हो गया। डिप्टी सीएम आवास से जब सामान हटाया जा रहा था तो वहां मौजूद गार्ड ने सामान ले जा रही गाड़ी को रोका। गार्ड ने कहा कि, ये सरकारी सामान है। इतना सुनते ही गाड़ी के ड्राइवर ने बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी को फोन कर दिया। राबड़ी ने फोन पर पूछा कि क्यों रे किससे पूछकर रोका। इतना सुनते ही गार्ड ने कहा कि, रोक नहीं रहे हैं मैम, चेक कर रहे है।

### फिटजी ने की बीबीई टेस्ट की घोषणा

पटना (नि.सं.)। फिटजी ने पांचवी से ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए बिग बैंग एज टेस्ट की घोषणा की है। बीबीई टेस्ट डिजाइन किया गया एक डायग्नोस्टिक टूल है जो छात्रों को 360 डिग्री शैक्षणिक क्षमता का मूल्यांकन करेगा ताकि उन्हें अपने शैक्षणिक कौशल और झुकाव के बारे में जानकारी मिल सके। बीबीई टेस्ट हर साल फिटजी द्वारा आयोजित एक अनूठा डायग्नोस्टिक टेस्ट है। छात्र अपनी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करके अपने शैक्षणिक झुकाव की पहचान करेंगे ताकि वे सही करियर पथ चुन सकें। बीबीई टेस्ट 17 नवंबर को ऑफलाइन मोड में आयोजित किया जाए।

### पूजा-पंडालों में सुरक्षा मानकों के अनुसार ही होगी बिजली आपूर्ति

पटना (नि.सं.)। बिजली कंपनी के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने दुर्गापूजा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया है। सोमवार को सीएमडी ने पटना सहित पूरे बिहार में निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पंडालों और उसके आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति को लेकर सुरक्षा मानकों का पालन करने का निर्देश दिया। संबंधित वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पंडालों का दौरा करें और पंडाल संचालकों से बात कर सुरक्षा मानक का कड़ाई से पालन कराएं। सीएमडी ने ने आपातकालीन टीम गठित करने की हिदायत दी। दोनों वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशकों महेंद्र कुमार और निलेश देवरे को खुद तैयारियों की समीक्षा करते रहने को कहा। बैठक में दोनों वितरण कंपनियों के निदेशक (परिचालन), मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता वर्चुअल मोड में जुड़े। सुरक्षा के लिहाज से विसर्जन वाले मार्गों पर विद्युत आपूर्ति बंद रखने की हिदायत दी। विसर्जन पूरा होने के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल की जाये।

औरंगाबाद में नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# दो इनामी नक्सली समेत चार गिरफ्तार

## पुलिस ने एसटीएफ के साथ की थी छापेमारी, तीन देसी पिस्टल और आठ जिंदा कारतूस बरामद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद जिले में पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मिलकर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा-माओवादी) के दो जोनल कमांडर समेत चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

### सूचना के आधार पर कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार एसटीएफ को सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली हसपुरा थाना क्षेत्र के बघोई टोला सत्यदेव नगर में सत्येंद्र सिंह के घर पर अवैध हथियारों के साथ रुके हुए हैं। इस सूचना के बाद पुलिस और एसटीएफ की टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बघोई टोला में एक झोपड़ी का घेराव किया, जहां नक्सली रुके हुए थे। जैसे ही पुलिस ने छापेमारी की, नक्सली भागने लगे। लेकिन पुलिस ने भाग रहे चारों नक्सलियों को पकड़ लिया।

### गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान

गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में से एक हैं गोह थाना क्षेत्र के काजीबीघा निवासी स्व. सीताराम यादव का बेटा सुभाष यादव उर्फ गौरव, जो एक जोनल कमांडर है। दूसरा नक्सली है बंदेया थाना क्षेत्र के मलहद गांव निवासी सुधाकर उर्फ नट बोल्ट उर्फ राम विनय रविदास, जो भी जोनल कमांडर के पद पर कार्यरत था। इन दोनों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा, दाउदनगर थाना क्षेत्र के अरई गांव निवासी महावीर रविदास का बेटा सत्येंद्र रविदास उर्फ विधायक, जो सब जोनल कमांडर है और हसपुरा थाना क्षेत्र के सदेव नगर निवासी स्व. रामानंद सिंह के बेटे सत्येंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान इन नक्सलियों के पास से तीन देसी पिस्तौल और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। सभी गिरफ्तार नक्सलियों को पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया है।

एनटीपीसी ने ग्रामीण सामुदायिक भवन का किया उद्घाटन

# पहल : ग्रामीणों के सामुदायिक विकास को गति दे रही एनटीपीसी

एजेंसी | नवीनगर (औरंगाबाद)



एनटीपीसी नवीनगर के परियोजना प्रमुख और मुख्य महाप्रबंधक चंदन कुमार सामंता ने सोमवार को नबीनगर प्रखंड के बड़ेम गांव में स्थित एक नए सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। यह भवन एनटीपीसी नबीनगर द्वारा अपनी सामुदायिक विकास योजना के अंतर्गत निर्मित किया गया है, जो क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगा। इस भवन का निर्माण ग्रामीणों के सामुदायिक और पारिवारिक समारोहों के आयोजन को सरल और सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया है। उद्घाटन समारोह में चंदन कुमार सामंता ने बताया कि इस भवन में सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे शौचालय, पीने का पानी, पंखे आदि शामिल हैं, जो ग्रामीण विकास की दिशा में एनटीपीसी नबीनगर की एक अनोखी पहल को दर्शाते हैं।

विशेष रूप से, इस भवन के भीतर एक स्टेज का निर्माण किया गया है, जो सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सहायक होगा। सामंता ने उद्घाटन से पूर्व एनटीपीसी नवीनगर के अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर भवन का निरीक्षण किया और आशा व्यक्त की कि यह स्थान ग्रामीणों के लिए लाभकारी साबित होगा।

ज्ञात रहे कि एनटीपीसी नबीनगर अपनी नैतिक सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत स्थानीय इलाकों में निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के विकास के लिए प्रयासरत है। यह उद्घाटन स्थानीय निवासियों को एक नई शुरुआत और विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम का अनुभव कराएगा, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास में तेजी आएगी।

एनटीपीसी नबीनगर द्वारा किए गए इस विकास कार्य से न केवल बड़ेम गांव के लोग बल्कि आसपास के अन्य ग्रामीण भी लाभान्वित होंगे। सामुदायिक भवन का उद्घाटन ग्रामीण विकास के लिए एक नई राह खोलेगा और एनटीपीसी नबीनगर के समर्पण को प्रदर्शित करेगा।

# ग्रामीण विकास योजनाओं के तहत राशि हस्तांतरण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को राशि हस्तांतरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में संपन्न हुआ, जहां मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (द्वितीय चरण) और सत्त जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत लाभुकों को सीधे उनके बैंक खातों में राशि ट्रांसफर की।

इस कार्यक्रम में, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 5741 लाभार्थियों को पहली किस्त की राशि उनके खाते में ट्रांसफर की। इसके अलावा, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए 5743 पात्र लाभार्थियों को भी राशि प्रदान की गई। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद ने इस अवसर पर सभी उपस्थित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी सौंपा।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त औरंगाबाद, निदेशक डीआरडीए, डीपीएम जीविका, जिला समन्वयक एलएसबीए, लेखा पदाधिकारी डीआरडीए, ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक, प्रखंड समन्वयक एलएसबीए और जीविका दीदियों के साथ-साथ कई लाभार्थी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास की दिशा में लगातार प्रयासरत है और योजनाओं का लाभ हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे इन योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाएं और अपने जीवन स्तर को सुधारें। इस कार्यक्रम ने बिहार के ग्रामीण विकास में एक नया अध्याय जोड़ा है और सरकार की योजनाओं के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ाने में मदद की है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार भविष्य में और भी योजनाएं लेकर आएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इस प्रकार, मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम ने ना केवल लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी लाई, बल्कि बिहार के ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ।

# जिलाधिकारी की बैठक में हुई लंबित मामलों की समीक्षा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की। इस बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों और उनकी प्रगति की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग में लंबित मामलों की सूची प्राप्त कर शीघ्रता से उनका निष्पादन करें। बैठक के दौरान यह जानकारी सामने आई कि जिले में सीपीग्राम से संबंधित 69 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 309 आवेदन और 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम के तहत 277 आवेदन लंबित हैं। जिलाधिकारी ने इन लंबित मामलों को यथाशीघ्र सुलझाने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने लोक सेवा के अधिकार (आरटीपीएस) के तहत आवासीय, जाति, आय, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे विभिन्न सेवाओं से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन मामलों को तेज गति से निपटाएं। इसके अतिरिक्त, पेंशन, पारिवारिक लाभ, और राशन कार्ड से संबंधित लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई, और संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने न्यायालय में कार्य के लिए पटना जाने वाले अंचल अधिकारियों के अलावा किसी अन्य पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त करने का आदेश दिया, ताकि अंचल का कार्य प्रभावित न हो। इसके साथ ही, खेल मैदान निर्माण के लिए सभी अंचल अधिकारियों को भूमि चिन्हित कर एनओसी प्रदान करने की जिम्मेदारी दी गई।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और कार्यपालक अभियंता को अधिकतम भवनों पर इस प्रणाली को स्थापित करने का निर्देश दिया। सभी अंचल अधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्र और डब्ल्यूपीयू यूनिट के निर्माण के लिए भूमि चयन कर एनओसी प्रदान करने का भी आदेश दिया गया।

### क्राइम की साजिश रच रहे चार अपराधी गिरफ्तार

पटना (नि.सं.)। पटना सिटी में पुलिस ने क्राइम की साजिश रहे 4 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। 3 पिस्टल, 12 जिंदा कारतूस और 2 मोबाइल बरामद हुआ है। 2 अपराधी मौके से भागने में कामयाब रहा। सभी लूट की बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-2 डॉक्टर गौरव कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मालसलामी पुलिस को सूचना मिली थी कि बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए छोटी नल्ला पर कुछ अपराधी जुटे हैं। जिसमें चंदन कुमार और कुंदन कुमार भी शामिल था। दोनों 15 दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। पटना सिटी के कई थाने में हत्या, लूट, डकैती के कई मामले दर्ज हैं। इनपुट के आधार पर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर मुन्ना कुमार, राजा कुमार और अनिकेत कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# पीयू में स्टूडेंट की पिटाई के विरोध में छात्र राजद ने सिंहा कॉलेज में की तालाबंदी



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पटना विश्वविद्यालय में छात्र अमन लाल की अगवा कर बेरहम पिटाई के विरोध में सोमवार को छात्र राजद की सिंहा कालेज इकाई ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कॉलेज में तालाबंदी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कॉलेज अध्यक्ष अभिषेक प्रताप ने किया। इस दौरान छात्र नेताओं ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर मुख्यमंत्री का भी पुतला दहन किया। प्रदर्शन करते हुए छात्रों ने पटना विश्वविद्यालय के कुलपति, राज्यपाल एवं बिहार सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान छात्र राजद नेता सुनील कुमार ने कहा कि पटना विश्वविद्यालय प्रशासन एवं बिहार सरकार के सुस्त रवैए का नतीजा है कि छात्रों पर दिन दहाड़े हमले हो रहे है। कालेज प्रभारी आदर्श सिंह ने कहा कि पटना विश्वविद्यालय कुलपति को जल्द से जल्द बर्खास्त करें।

छात्र नेताओं ने कहा कि जल्द अमन लाल के आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो कॉलेज में पूर्ण रुप से ताला बंद किया जाएगा। जब तक खोला नहीं जाएगा जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी। छात्र राजद, छात्र हित में सदैव खड़ा रहा है और आगे भी रहेगा। प्रदर्शन में अभिषेक राधे, विकास राय, रंजन कुमार, सुरंजन कुमार, स्वास्तिक कुमार, सुशील कुमार, बादल सिंह,अंकु कुमार, अभिषेक कुमार, पंकज कुमार एवं दीपक कुमार आदि शामिल रहे।

# राजकीय ईंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ विज्ञान मेले का आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद में महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल और आर्ट कल्चर एवं युवा विभाग के सहयोग से 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के अंतर्गत विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने किया। उन्होंने कहा कि आज के इस वैश्विक प्रतियोगिता के दौर में इन्नोवेशन का बहुत बड़ा महत्व है। किसी भी देश के एकॉनॉमिकली तरक्की में इन्नोवेशन का बहुत बड़ा योगदान होता है। आप सभी छात्र अपने आसपास मौजूद समस्याओं को बारीकी से अध्ययन कर इन्नोवेशन एवं टेक्नोलॉजी के द्वारा उसका समाधान ढूंढे। साथ ही प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विज्ञान मेले का थीम इन्नोवेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिन्होंने विज्ञान एवं तकनीक पर आधारित अपने प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन महाविद्यालय द्वारा नामित ज्यूरी मेम्बर्स डॉ. सचिन माहेश्वर, प्रो. निर्भय कुमार, प्रो. विजेता सिंह, प्रो. स्नेहा कुमारी द्वारा किया गया। जिसमे प्रथम स्थान पर टीम सनी राज, गौरव एवं मुकुंद दूसरे स्थान पर टीम साहिल, गौतम एवं आयुष और तृतीय स्थान पर टीम पल्लवी, रजिया, दिव्या एवं शशि सुमन रहें, जिन्हें प्राचार्य द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिया गया। विज्ञान मेले के सफल आयोजन पर प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने प्रो. कृष्णकांत चौबे, प्रो. सचिन कुमार एवं प्रो. आनंद राज को बधाई दी।

# ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, एक की मौत, चार घायल

- गिरजा राम अपनी बेटी के ससुराल में विवाद सुलझाने के लिए गए थे। लौटते समय सभी लोग श्याम सुंदर राम को बारुण छोड़ने जा रहे थे, तभी ट्रक ने उनकी ऑटो को टक्कर मारी।

निज संवाददाता | बारूण(औरंगाबाद)



बारुण थाना क्षेत्र के प्रीतमपुर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर रविवार रात 11 बजे एक अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो सवार 53 वर्षीय श्याम सुंदर राम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है। मृतक की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के श्रीनाथपुर गांव के निवासी के रूप में हुई है। घायलों में जम्होर थाना क्षेत्र के गिरजा राम, सरजू राम, राजरंती देवी और शनिचरी देवी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, गिरजा राम ने हाल ही में अपनी बेटी की शादी झारखंड के सुल्तानपुर बभंडी में की थी। शादी के बाद, ससुराल में कुछ विवाद होने के कारण वे श्याम सुंदर राम और अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ विवाद सुलझाने के लिए वहां गए थे। लौटते समय सभी लोग श्याम सुंदर राम को बारुण छोड़ने जा रहे थे, तभी उनकी ऑटो को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। स्थानीय निवासियों ने तुरंत सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, श्याम सुंदर राम की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहां पहुंचने के बाद उन्हें तत्काल ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हादसे की सूचना मिलने पर अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज खान उर्फ सल्लू खान ने नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह को सूचना दी। इसके बाद, नगर थाने में पदस्थापित दारोगा प्रदीप कुमार ने सदर अस्पताल जाकर मृतक के परिजनों का फर्द बयान दर्ज किया और शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

इस दुर्घटना ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है, और स्थानीय लोग मृतक के परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने ट्रक के चालक की तलाश शुरू कर दी है, जो घटना के बाद फरार हो गया है।

# आठ साईबर अपराधी गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले के साइबर थाने की पुलिस ने एक संगठित गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है, जो करोड़ों रुपये की साइबर ठगी में लिप्त थे। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 लैपटॉप, दर्जन भर एटीएम कार्ड, 6 चेकबुक और 1 कार बरामद की है। यह गिरफ्तारी साइबर अपराधों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

इस घटना की जांच तब शुरू हुई जब पुलिस ने 2 बैंक खातों को संदिग्ध मानते हुए उनकी गतिविधियों की गहन जांच की। औरंगाबाद के एसपी अम्बरीश राहुल ने बताया कि जांच में पता चला कि इन खातों में 15 राज्यों के विभिन्न स्थानों से बड़ी धनराशि का आदान-प्रदान किया जा रहा था। इससे साफ हो गया कि यह एक संगठित गिरोह है जो साइबर ठगी में सक्रिय है। इसी संदिग्ध गतिविधि के आधार पर माली थाना क्षेत्र से 2 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों से जब सख्ती से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी दी। यह जानकारी पुलिस के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हुई और उनके नेतृत्व में आज 8 और अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और अब उनकी गिरफ्तारी से इस तरह की साइबर ठगी में कमी आने की उम्मीद है। एसपी अम्बरीश राहुल ने कहा कि पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है और इस मामले की गहन जांच जारी है। इस गिरफ्तारी ने स्थानीय लोगों के बीच साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन लेन-देन करते समय सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। साइबर ठगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए, पुलिस प्रशासन ने विशेष अभियान चलाने का भी निर्णय लिया है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### बरामदगी और सबूत

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से साइबर ठगी के कई ठोस सबूत भी मिले हैं। पुलिस ने 3 लैपटॉप, दर्जन भर एटीएम कार्ड, 6 चेकबुक और 1 कार बरामद की है, जो इनकी आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल की गई थीं। इन वस्तुओं की बरामदगी से यह स्पष्ट होता है कि यह गिरोह बड़े पैमाने पर ठगी करने के लिए पूरी तैयारी के साथ काम कर रहा था।

# बिहार में पर्यावरण संरक्षण के लिए नई योजनाओं का ऐलान, हरित आवरण और वन्यप्राणी प्रबंधन पर जोर

निज संवाददाता | पटना




सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सहयोग से सूचना भवन के संवाद कक्ष में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री, डॉ. प्रेम कुमार ने प्रमुखता से सम्बोधन किया। इस अवसर पर सचिव, बन्दना प्रेयषी, विशेष सचिव, कँवल तनुज, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अरविन्द कुमार सिंह, मुख्य वन संरक्षक, सुरेन्द्र सिंह, और मुख्य वन संरक्षक (आईटी), एस. चंद्रशेखर सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बिहार के भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 15% हिस्सा हरित आवरण से ढका हुआ है, और इसे चतुर्थ कृषि रोड मैप में 17% करने का लक्ष्य रखा गया है। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत वन और वन के बाहर भूमि पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। किसान कृषि वानिकी के तहत पौधारोपण कर रहे हैं, जबकि जीविका दीदियों के सहयोग से उनकी भूमि पर भी पौधारोपण हो रहा है। वर्ष 2023-28 के दौरान 20 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। 2023-24 में 3.68 करोड़ पौधों का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें अब तक 3.54 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। इसी प्रकार, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत 30 सितंबर 2024 तक 2.80 करोड़ पौधों का लक्ष्य समय से पहले पूरा किया गया है। चतुर्थ कृषि रोड मैप (2023-28) के तहत 1 लाख हेक्टेयर वन भूमि पर भू-जल संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। गारलैंड ट्रेंच योजना के तहत 1500 हेक्टेयर मीटर का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 2023-24 में 176 हेक्टेयर मीटर की उपलब्धि प्राप्त की गई है। हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना के अंतर्गत 99 स्थलों पर कार्य किया जाएगा, जिससे स्थानीय जल की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जा सकेगा। वन्य प्राणी घोड़परास (नीलगाय) द्वारा फसल क्षति की समस्या को देखते हुए सहाय्य राशि का प्रावधान किया गया है। गैर-वन इलाकों में घोड़परास और जंगली सुअर के कारण फसल क्षति को रोकने के लिए अगले पांच वर्षों के लिए शिकारी के आदेश देने की शक्ति अधीनस्थ पदाधिकारी को सौंपी गई है। कृषि क्षेत्रों में फसलों को सुरक्षित रखने के लिए उच्चस्तरीय बैठक की गई, जिसमें समस्या के समाधान हेतु तीनों विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने का निर्णय लिया गया। बिहार में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए एक अलग संभाग का गठन किया गया है।

राजगीर (नालंदा) में पहले जू सफारी का निर्माण किया गया है, जिसमें अब तक 9 लाख से अधिक पर्यटक आ चुके हैं। नेचर सफारी में प्रतिवर्ष 5 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं, जो पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की नीतियों और योजनाओं के प्रति जनता को जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था, जो कि राज्य में हरित आवरण और जैव विविधता के संरक्षण में सहायक होगा।

# बिहार में बनेगा दूसरा टाइगर रिजर्व, केंद्र सरकार की हरी झंडी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में वीटीआर के बाद एक और टाइगर रिजर्व बनाया जाएगा। बिहार सरकार कैमूर वन्यजीव अभ्यारण को राज्य के दूसरे टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित करेगी। केंद्र सरकार ने इसके लिए हरी झंडी दे दी है। सूबे के पर्यावरण एवं वन मंत्री प्रेम कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र ने कैमूर अभ्यारण को टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। बिहार सरकार अब इसके विकास एवं बाघों को ट्रांसफर करने की योजना तैयार कर रही है। कैमूर वन्यजीव अभ्यारण 1504.96 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। पर्यावरण एवं वन विभाग की सचिव वंदना प्रेयशी ने कहा कि वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) में पिछले कुछ सालों से बाघों की आबादी बढ़ी है। वीटीआर में बाघों की संख्या 54 हो गई है। बिहार के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने अपनी 12वीं टेक्निकल कमिटी की बैठक में कैमूर वन्यजीव अभ्यारण को बिहार के दूसरे टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित करने के रूप में स्वीकृति दी। बता दें कि वीटीआर पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि अभ्यारण का हिस्सा है, जो लगभग 909 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है।

# कुख्यात स्नेचर गिरफ्तार, दो साथी फरार

निज संवाददाता | पटना

पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कुख्यात स्नेचर आदित्य कुमार सहनी को गिरफ्तार किया है। जो उत्तरी मंदिरी इलाके का रहने वाला है। गांधी मैदान, गोलघर, डाक बंगला, बुद्धा कॉलोनी, बोरिंग रोड, मरीन ड्राइव, अटलपथ समेत शहरी इलाकों में वारदात को अंजाम देता था। मामले की पुष्टि सचिवालय एसडीपीओ-2 साकेत कुमार ने की है। एसडीपीओ-2 साकेत कुमार ने कहा कि पिछले 15 दिन में 20 लोगों को निशाना बना चुका है। दो साथियों के साथ शहर में घूम-घूमकर लोगों को टारगेट करते थे। सुनसान इलाके में लापरवाह लोगों को निशाना बनाता था। अपराधी के पास से छिनतई के 4 मोबाइल और एक बाइक बरामद हुआ है।